CMYK

अधिकतम : $21^0$ C

न्यूनतम : $11^0$ C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, सोमवार 23 फरवरी 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 109 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 5 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित





मजबूत हो रहा पीडीए, जनता ने बीजेपी को नकारा! पेज 2






भारत 'ए' टीम ने जीता महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स का खिताब खेल टाइम्स






मुफ्त रेवड़ी आवंटन: फिक्रमंद अदालत, बेफिक्र सरकार सम्पादकीय





पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, एक ही परिवार के 16 लोगों की मौत पेज 12


## पांचवां रोज़ा

### रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है पांचवां रोज़ा



कुरआन पाक के तीसवें पारे की सूरे-काफेरून की आखिरी आयत में जिक्र है- तुम तुम्हारे दीन पर रहो, मैं मेरे दीन पर रहूं। चूंकि इस्लाम मजहब एकेश्वरवाद को मानता है और हजरत मुहम्मद (सअवस) को अल्लाह का रसूल स्वीकारता है, इसलिए रोजा मुसलमान पर फर्ज की शक्ल में तो है ही, अल्लाह की इबादत का एक तरीका भी है और सलीका भी। तक्वा तरीका है रोज़ा रखने का। सदाकत, सलीका है रोज़े की पाकीजगी का। सब्र, सड़क है रोज़ेदार की। जकात, पुल है रोज़ेदार का। ऐसा पाकीजा रोज़ा रोज़ेदार के लिए दुआ का दरख्त है।






## संक्षिप्त समाचार

### अजित पवार प्लेन क्रैश: 28 फरवरी तक आएगी रिपोर्ट

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की प्लेन क्रैश में हुई मौत की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट 28 फरवरी तक जारी की जाएगी। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने रविवार को इसकी जानकारी दी। मुरलीधर मोहोल ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट घटना के एक महीने के भीतर 28 फरवरी तक आ जाएगी। इस बीच, अजित पवार की मौत पर राज्य सरकार के रुख को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं।

### चुनाव आयोग राज्यों के चुनाव कार्यालयों के साथ गोलमेज सम्मेलन करेगा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग 24 फरवरी को राजधानी के भारत मंडपम में आयोग और राज्य चुनाव अधिकारियों का एक गोलमेज सम्मेलन बुलाएगा जिसकी अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार करेंगे। इस सम्मेलन में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी भी उपस्थित रहेंगे।

# पुलिस अधिकारी की बेटी के प्राइवेट पार्ट सैनिटाइजर से जलाए

■ गुरुग्राम में लिव-इन पार्टनर ने मारपीट कर न्यूड वीडियो बनाया, यूरिन पिलाया, पीड़िता BSC की छात्रा

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम में 19 साल की लिव-इन पार्टनर टार्चर केस में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवती बीएससी की छात्रा है और उसकी मां त्रिपुरा में पुलिस अधिकारी है।

आरोपी शिवम ने लिव-इन में रहते हुए उसके प्राइवेट पार्ट को सैनिटाइजर डालकर लाइटर से आग लगाई। साथ ही मारपीट कर वीडियो भी बनाया। एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि कस्टडी में आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि वो छात्रा के साथ फिजिकल रिलेशन बना रहा था। उसके साथ लगातार मारपीट की गई। इसके बाद युवती ने किसी तरह अपनी मां को कॉल की। फिर मां ने लोकल पुलिस को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस एक्टिव हुई और आरोपी को धर दबोचा। साथ ही छात्रा को सीरियस हालत में दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल में भर्ती कराया। रविवार को गुरुग्राम पहुंचीं छात्रा की मां ने भी युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहना है कि उसकी बेटी को तीन दिन तक बंधक बनाए रखा। यूरिन तक पिलाया। पीड़ित छात्रा मूल रूप से त्रिपुरा की रहने वाली है और वह गुरुग्राम के एक पीजी में रह रही थी। गुरुग्राम की ही एक यूनिवर्सिटी से बीएससी की पढ़ाई कर रही है। एक ऑनलाइन मोबाइल एप के जरिए युवक शिवम के साथ उसकी मुलाकात हुई थी। आरोपी दिल्ली के नरेला का रहने वाला है। सितम्बर 2025 में बातचीत शुरू होने के बाद दोनों एक दूसरे से कई बार मिले।

# भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर लगा ब्रेक!

■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के नए टैरिफ विवाद के बीच दोनों देशों के बीच प्रस्तावित अहम बैठक टली

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच होने वाली अंतरिम व्यापार समझौते (ट्रेड डील) पर बातचीत फिलहाल टल गई है। दोनों देशों के मुख्य वार्ताकारों की जो अहम बैठक 23 फरवरी से वाशिंगटन में शुरू होने वाली थी, उसे अब आगे की तारीख के लिए टाल दिया गया है। इस बैठक में भारत की ओर से वाणिज्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव दर्पण जैन मुख्य वार्ताकार थे और भारतीय टीम तीन दिन तक अमेरिका में चर्चा करने वाली थी।



इस बैठक का मकसद अंतरिम व्यापार समझौते के कानूनी दस्तावेज को अंतिम रूप देना था। दरअसल, यह पूरा मामला अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नए टैरिफ फैसलों से जुड़ा हुआ है। ट्रम्प ने हाल ही में सभी देशों पर पहले 10 प्रतिशत और फिर बढ़ाकर 15 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। इससे पहले अमेरिका ने 2025 में भारत पर कुल 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगा दिया था, जिसमें से 25 प्रतिशत पहले ही हटाया जा चुका है। ज्ञात रहे कि अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने भी हाल में ट्रम्प के पुराने टैरिफ फैसलों को अवैध बताया था और कहा था कि राष्ट्रपति ने अपने अधिकारों से ज्यादा कदम उठाए। इसी वजह से अब व्यापार नीति को लेकर स्थिति थोड़ी अनिश्चित बनी हुई है। अगर नई 15 प्रतिशत ड्यूटी लागू होती है, तो यह पहले से लगने वाले आयात शुल्क के ऊपर लगेगी। यानी किसी उत्पाद पर अगर पहले 5 प्रतिशत ड्यूटी है, तो कुल मिलाकर वह 20 प्रतिशत हो जाएगी। दोनों देशों ने पहले ही इस साल मार्च तक अंतरिम ट्रेड डील पर हस्ताक्षर करने और अप्रैल से उसे लागू करने का लक्ष्य रखा था। यह समझौता भारत के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और भारत के करीब 18 फीसदी निर्यात अमेरिका को जाते हैं। 2024-25 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार करीब 186 अरब डॉलर का रहा था।

# मोदी ने विरोधियों को ललकारा

## मेरठ में कहा: कांग्रेस, सपा और बसपा कर रहीं जहरीली राजनीति

**प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी दलों से कहा: हिम्मत है, तो विकास के मुद्दे पर लड़ें**

**पीएम मोदी व सीएम योगी ने मेरठ को नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो की बड़ी सौगात दी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मेरठ को नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो की बड़ी सौगात दी। दोनों नेताओं ने दिल्ली के सराय काले खां से मोदीपुरम तक 82 किलोमीटर लंबे रैपिड कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान मेरठ के मोहीउद्दीनपुर में आयोजित जनसभा में पीएम मोदी ने कांग्रेस और अन्य दलों पर जमकर निशाना साधा।

पीएम मोदी ने कहा कि मैंने कांग्रेस, सपा और बसपा को कहा था कि अपनी जहरीली राजनीति छोड़िए और आइए विकास के मुद्दे पर मुकाबला करके देखते हैं, लेकिन इन दलों ने अपनी जहरीली राजनीति नहीं बदली। भाजपा ने अपनी विकास की नीति को हमेशा सर्वोपरि रखा। इसका एक उदाहरण हमारी मेट्रो भी है। 2014 से पहले यानी कांग्रेस सरकार के समय में चार-पांच शहरों में मेट्रो थी, आज 25 से ज्यादा शहरों में मेट्रो चलने लगी है। मोदी ने कहा कि जब देश में कांग्रेस की सरकार थी, तो ये सब संभव ही नहीं था। तब इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट घोटालों में गुम हो जाते थे। मेट्रो जैसी अधिकतर टेक्नोलॉजी हमें विदेशों से आयात करनी पड़ती थी। हमने घोटाले बंद किए। देश को आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया। मेरठ और पश्चिम यूपी वालों का जीवन बदलने वाला है। अब एक ही स्टेशन से, एक ही ट्रैक पर नमो भारत और मेट्रो रेल चलेगी। पीएम मोदी ने कहा कि हम तो वो लोग हैं, जो गांव में किसी के यहां शादी होती है तो पूरा गांव उसे सफल बनाने में जी-जान से जुट जाता है। ताकि मेहमान गांव की अच्छी छवि लेकर जाएं। कांग्रेस तो अपने ही देश को बदनाम करने में जुटी है। कांग्रेस के नेताओं को मोदी से नफरत है। हम इसे भी सहन कर लेंगे। लेकिन कांग्रेस को याद रखना चाहिए था कि ये एआई ग्लोबल समिट -शेष पृष्ठ दो पर



### महिला सांसदों को भेज, सीट पर कब्जा करके आप पीएम नहीं बन सकते: मोदी

**मेरठ।** पीएम मोदी ने बजट सत्र के दौरान प्रधानमंत्री की कुर्सी के पास आकर प्रदर्शन करने वालीं कांग्रेस महिला सासंदों को भी निशाने पर लिया। पीएम मोदी ने मेरठ में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सांसदों को भेजकर सीट पर कब्जा करने से आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते। वहीं उन्होंने एआई समिट के दौरान हुए प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भारत के एक वैश्विक आयोजन को अपनी गंदी और नंगी राजनीति का अखाड़ा बना दिया। पीएम मोदी ने कहा, अगर आपको प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठना है, तो पहले आपको जनता के दिल जीतने पड़ेंगे, महिला सांसदों को भेज करके सीट पर कब्जा करके आप प्रधानमंत्री नहीं बन सकते हो।

## एआई समिट में दुनिया को भारत की अद्भुत क्षमताएं देखने को मिलीं: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्भुत क्षमताएं देखने को मिली हैं और इस दौरान भारत ने तीन मेड इन इंडिया एआई मॉडल भी लांच किए। श्री मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में आज कहा कि 'मन की बात' देश और देशवासियों की उपलब्धियों को सामने लाने का एक मजबूत प्लेटफॉर्म है।

देश ने ऐसी ही उपलब्धि अभी दिल्ली में हुई ग्लोबल एआई इंपैक्ट समिट के दौरान देखी। कई देशों के नेता, उद्योग जगत के लीडर्स, इनोवेटर्स और स्टार्ट अप क्षेत्र से जुड़े लोग, एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत मंडपम में एकत्र हुए। आने वाले समय में एआई की शक्ति का उपयोग दुनिया किस प्रकार करेगी, इस दिशा में यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण बिन्दु साबित हुई है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में मुझे विश्व के नेताओं और टेक सीईओ से मिलने का भी अवसर मिला। एआई समिट की प्रदर्शनी में मैंने विश्व नेताओं को ढेर सारी चीजें दिखाईं। मैं दो बातों का विशेष रूप से उल्लेख करना चाहता हूं। समिट में इन दो उत्पादों ने दुनिया भर के नेताओं को बहुत प्रभावित किया। पहला उत्पाद अमूल के बूथ पर था। इसमें बताया गया कि कैसे एआई जानवरों का इलाज करने में हमारी मदद कर रही है और कैसे 24गुना 7 एआई की मदद से किसान अपनी डेयरी और जानवर का हिसाब रखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दूसरा उत्पाद हमारी संस्कृति से संबंधित था। दुनिया भर के नेता ये देखकर हैरत में पड़ गए कि कैसे एआई की मदद से हम हमारे प्राचीन ग्रंथों को, हमारे प्राचीन ज्ञान को, हमारी पांडुलिपियों को संरक्षित कर रहे हैं, आज की पीढ़ी के अनुरूप घल रहे हैं। प्रदर्शनी के दौरान प्रदर्शन के लिए सुश्रुत संहिता का चयन किया गया।

# बांग्लादेश में भारतीयों के लिए पर्यटक वीजा सेवा फिर शुरू होगी

■ भारत में मौजूद बांग्लादेशी दूतावासों और मिशनों में पर्यटक वीजा सुविधाएं सोमवार से मिलने लगेंगी

ढाका, वार्ता

**बांग्लादेश ने** भारत में रहने वाले लोगों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, सोमवार से भारत में मौजूद बांग्लादेशी दूतावासों और मिशनों में पर्यटक वीजा सेवाएं फिर से शुरू कर दी जाएंगी। सुरक्षा कारणों की वजह से यह सेवा कुछ समय के लिए रोक दी गई थी, लेकिन अब हालात बेहतर होने के बाद इसे दोबारा शुरू करने का फैसला लिया गया है।

अधिकारी ने बताया कि नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश हाई कमीशन के अलावा कोलकाता, मुंबई, गुवाहाटी और अगरतला जैसे शहरों में मौजूद सभी मिशनों में अब पर्यटक वीजा आसानी से मिल सकेगा। पहले भी बाकी तरह के वीजा ज्यादातर जारी किए जा रहे थे, लेकिन टूरिस्ट वीजा सामान्य रूप से बंद थे और केवल बहुत जरूरी मामलों में ही दिए जा रहे थे। दरअसल, बांग्लादेश में 12 फरवरी को हुए चुनाव से पहले सुरक्षा कारणों के चलते 15 जनवरी से 15 फरवरी तक पर्यटक वीजा सेवाओं पर रोक लगा दी गई थी। इसी दौरान नेपाल और भूटान जैसे देशों के लिए भी कुछ सेवाएं प्रभावित हुई थीं। अब चुनाव के बाद स्थिति सामान्य होने पर सभी तरह की वीजा सेवाओं को पूरी तरह बहाल किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ, बांग्लादेश के नागरिकों के लिए भारतीय टूरिस्ट वीजा अभी भी पूरी तरह शुरू नहीं हुए हैं, हालांकि कुछ खास श्रेणियों के वीजा जारी किए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सरकार बनने के बाद भारत-बांग्लादेश संबंधों में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। इसी कड़ी में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारत की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हुआ था, जिससे दोनों देशों के रिश्तों को बेहतर बनाने का संदेश गया है।

### आईएसआई, बांग्लादेश से संदिग्ध संबंधों के आरोप में आठ लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विशेष सेल ने तमिलनाडु से आठ संदिग्ध आतंकवादियों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल है। आरोप है कि ये सभी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और बांग्लादेश स्थित आतंकवादी संगठनों के निर्देश पर भारत में एक बड़े हमले की साजिश रच रहे थे।

# किश्तवाड़ में मुठभेड़, जैश के शीर्ष कमांडर समेत तीन आतंकी ढेर

■ सेना ने जंगलों में सर्च ऑपरेशन चलाया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छात्रू क्षेत्र में रविवार को सुरक्षाबलों और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। जिसमें संगठन का शीर्ष कमांडर समेत तीन आतंकी मारे गए।।

अधिकारियों के अनुसार यह एनकाउंटर तब शुरू हुआ जब सेना ने छात्रू के जंगलों में सर्च ऑपरेशन चलाया। उन्हें दो संदिग्ध आतंकवादियों के इलाके में होने की सूचना मिली थी। सूत्रों के अनुसार कमांडर ने पहले भी कई बार सुरक्षा बलों को चकमा दिया था। मुठभेड़ के दौरान आतंकियों की ओर से भारी गोलीबारी की गई, लेकिन सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आतंकियों को ठिकाने लगाया। इस संयुक्त ऑपरेशन में जम्मू और कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना, सीआरपीएफ और 2 पैरासाफोर्स शामिल थे। सेना के व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि सुरक्षा बलों ने रणनीतिक सटीकता और पूर्ण समन्वय के साथ मुठभेड़ स्थल पर नियंत्रण किया। इस कार्रवाई में दो आतंकी सफलतापूर्वक निष्क्रिय किए गए और उनके पास से 2 एके-47 राइफलें और 5 एके मैगजीन बरामद हुई।

### पोरबंदर तट पर ईरानी नाव पकड़ी, ईरान के 4 नागरिक गिरफ्तार

**पोरबंदर (गुजरात)।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने एक बड़े समुद्री अभियान के तहत गुजरात के पोरबंदर के पास एक संदिग्ध विदेशी नाव को रोककर जांच की। इस नाव पर ईरानी चालक दल सवार था और इसमें तस्करी कर लाई जा रही विदेशी ब्रांड की बड़ी मात्रा में सिगरेट बरामद की गई। सिगरेट की बाजार कीमत 5 करोड़ के आसपास आंकी गई है। यह कार्रवाई कुछ दिन पहले हुए एक अन्य बड़े समुद्री अभियान के बाद हुई है। 17 फरवरी की रात भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात एटीएस) के साथ मिलकर खुफिया सचना के आधार पर एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया था।

## सैन्य ढांचे में सबसे बड़े बदलाव का खाका हुआ तैयार

# संयुक्त थिएटर कमान से ऑपरेट होंगी तीनों सेनाएं

■ ऑपरेशन सिंदूर में पहली बार दिखा था कम्पलीट इंटीग्रेशन

■ दावा: नया ढांचा 3 महीने में सामने आएगा

**नई दिल्ली।** देश के सैन्य ढांचे में अब तक के सबसे बड़े बदलाव का खाका तैयार हो चुका है। थलसेना, वायुसेना और नौसेना अब संयुक्त थिएटर कमान के तहत काम करेंगी। संयुक्त थिएटर कमान पर 5 साल से मंथन जारी था।

नया ढांचा 3 महीने में औपचारिक रूप से सामने आ जाएगा। इससे भारत के पास किसी भी सैन्य संघर्ष से निपटने के लिए इंटीग्रेटेड, फास्ट और जाइंट कमांड इन्फ्रास्ट्रक्चर रहेगा। निर्णय लेने में 60-70 प्रतिशत तक तेजी आएगी। वहीं, 15-20 प्रतिशत तक संसाधनों की भी



बचत होगी। पाकिस्तान और चीन दोनों मोर्चों पर तैयारी और बेहतर होगी। गौरतलब है कि अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस और ब्रिटेन सहित दुनिया के कई देशों में सैन्य तंत्र संयुक्त थिएटर कमान के तहत ही ऑपरेट करता है। चीन में 5 जबकि अमेरिका में 11 कमान हैं। सैन्य सूत्रों के अनुसार, एक दशक में पाकिस्तान और चीन के साथ हुए 5 टकरावों से मिले कौशल, चुनौतियों और खामियों को फिल्टर कर नया ढांचा तैयार किया है। इनमें, पाकिस्तान के खिलाफ 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक और 2025 में 88 घंटे चला ऑपरेशन सिंदूर शामिल है। वहीं, चीन के खिलाफ 2017 के डोकलाम और 2020 के गलवान संघर्ष के सबक शामिल हैं।

# रैपिड रेल ने घटाई दिल्ली और मेरठ की दूरी, अब लगेंगे 50 मिनट: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक दशक पहले तक मेरठ से दिल्ली की 80-90 किलोमीटर की दूरी तय करने में चार से पांच घंटे तक लग जाते थे और जाम की आशंका से लोग दिल्ली जाने से कतराते थे, लेकिन आज एक्सप्रेस-वे, रैपिड रेल और मेट्रो जैसी परियोजनाओं ने इस दूरी को महज 45-50 मिनट में समेट दिया है। श्री योगी ने कहा कि लगभग 82 किलोमीटर लंबे दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदल दी है। मुख्यमंत्री ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित हो रहे आधुनिक भारत की नई पहचान बताया। मुख्यमंत्री यहां नमो भारत रैपिड रेल और मेट्रो विस्तार कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेस-वे, वंदे भारत, अमृत भारत ट्रेनों और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के माध्यम से एक शहर को दूसरे शहर से तेज, सुरक्षित और अत्याधुनिक ढंग से जोड़ा जा रहा है। इससे न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिली है। प्रधानमंत्री द्वारा गौतमबुद्ध नगर में नए औद्योगिक संयंत्र की आधारशिला रखी गई है, जो भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए भारत की प्रगति का प्रतीक है। वैश्विक शिखर सम्मेलन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया के अनेक देशों के राष्ट्राध्यक्षों और प्रतिनिधियों ने भारत की विकास यात्रा की सराहना की है। डिजिटल इंडिया की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज 140 करोड़ से अधिक लोगों को डिजिटल पहचान मिली है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवा वकीलों के साथ कांग्रेस का कानूनी अभियान तेज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस कोषाध्यक्ष और सांसद अजय माकन और पार्टी के विधि, मानवाधिकार एवं आरटीआई विभाग के अध्यक्ष अभिषेक मनु सिघवी ने युवा वकीलों को पार्टी की मुख्यधारा से जोड़ने और सूचना के अधिकार कानून को मजबूत करने के लिए चार नई पहलों की घोषणा की है। कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता दोनों नेताओं ने इस आशय की घोषणा की है। पहली पहल 'कांग्रेस लीगल शोधार्थी प्रोग्राम' है, जिसके तहत 10 युवा वकीलों को तीन महीने तक सांसदों के साथ काम करने का अवसर मिलेगा। दूसरी पहल 'न्याय, नेता और नागरिक' पॉडकास्ट श्रृंखला है, जिसमें वरिष्ठ और युवा अधिवक्ता संवैधानिक एवं सामाजिक मुद्दों पर संवाद करेंगे। तीसरी पहल 'रैपिड रिस्पॉन्स फोर्स' के तहत हर जिले में कम से कम पांच वकीलों का नेटवर्क तैयार किया जाएगा, जो पार्टी नेताओं को कानूनी सहायता प्रदान करेगा।

### दुल्हन साक्षात्कार देने विकास भवन पहुंची

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में रविवार को एक नवविवाहिता दुल्हन अपने दूल्हे के साथ साक्षात्कार देने विकास भवन पहुंची तो वहां मौजूद लोग हैरान रह गए और यह दृश्य चर्चा का विषय बन गया। संजय पैलेस स्थित विकास भवन में आंगनवाड़ी कार्यकत्री पद के लिए साक्षात्कार चल रहे थे। इसी दौरान फूलों से सजी कार से दूल्हा-दुल्हन का जोड़ा उतरा। पारंपरिक विवाह परिधान में दुल्हन अनीसा सीधे साक्षात्कार कक्ष में चली गई, जबकि दूल्हा मनोज कुमार बाहर प्रतीक्षा करता रहा। संयोग. वश जिस दिन साक्षात्कार निर्धारित था, उसी दिन दुल्हन की विदाई भी थी।

# देश के किसान धरती के सच्चे साधक: पीएम मोदी

नई दिल्ली, वार्ता



■ आज का किसान परंपरा और तकनीक, दोनों को साथ लेकर चल रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम में देश के किसानों की मेहनत और नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि हमारे देश के किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि धरती के सच्चे साधक हैं। उन्होंने कहा कि आज का किसान परंपरा और तकनीक, दोनों को साथ लेकर चल रहा है।

अब किसान सिर्फ ज्यादा उत्पादन पर ही नहीं, बल्कि गुणवत्ता, वैल्यू एडिशन (गुणात्मक जुड़ाव) और नए बाजारों पर भी ध्यान दे रहा है। मोदी ने ओडिशा के युवा किसान हिरोद पटेल का उदाहरण देते हुए कहा कि आठ साल पहले तक हिरोद पिता शिव शंकर पटेल के साथ पारंपरिक तरीके से धान की खेती करते थे। बाद में उन्होंने खेती को नए नजरिए से करते हुए तालाब के ऊपर जालीदार ढांचा बनाकर उस पर बेल वाली सब्जियां उगाईं। तालाब के आसपास केले, अमरूद और नारियल लगाए और तालाब में मछली पालन भी शुरू किया। इस तरह एक ही जगह पर धान, सब्जी, फल और मछली का उत्पादन हो रहा है। इससे जमीन और पानी का बेहतर उपयोग हुआ और आय भी बढ़ी। आज कई किसान उनका मॉडल देखने आते हैं। मोदी ने इसी क्रम में केरल के त्रिसूर जिले के एक गांव का भी जिक्र किया, जहां एक ही खेत में 570 तरह की धान की किस्में उगाई जाती हैं। इनमें स्थानीय, हर्बल और दूसरे राज्यों से लाई गई किस्में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल खेती नहीं, बल्कि बीजों की विरासत को बचाने का अभियान है। उन्होंने बताया कि भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश बन चुका है।

### डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल फ्रॉड से बचने के लिए सतर्क रहें

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात कार्यक्रम' में डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल फ्रॉड के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए लोगों से सतर्क रहने कहा आह्वान करते हुए कहा कि लोगों में जागरूकता बढ़ी है, लेकिन अभी भी कई लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं।

### अंकपत्र से तय नहीं होता विद्यार्थियों का मूल्य: पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में बोर्ड और वार्षिक परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्रों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि किसी भी छात्र का मूल्य उनके अंकपत्र से तय नहीं होता। उन्होंने छात्रों से कहा कि जो पढ़ा है, उसे आत्मविश्वास के साथ लिखें और अगर कोई सवाल न आए तो उसे मन पर हावी न होने दें। मोदी ने कहा कि इस समय देश के बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं।

## बहुजन मिशन को आगे बढ़ाना ही लक्ष्य: मायावती

# पूंजीपतियों के प्रभाव में काम कर रहे अन्य दल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मिशन 2027 से पहले रणनीतियों को धार देने में जुटी बसपा लखनऊ में मायावती की अध्यक्षता में हुई बैठक

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने कहा कि देश भर में बहुजन समाज के लोग बसपा और उसके नेतृत्व से उम्मीद लगाए हुए हैं। बाबा साहेब के संविधान और उनके मानवतावादी विचारों को मानने वाले लोग सामा. जिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के लिए बसपा को समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी हमेशा गरीब, किसान और बहुजन समाज के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इसी दिशा में कार्य करती रहेगी।

सुश्री मायावती की अध्यक्षता में रविवार को माल एवेन्यू स्थित पार्टी के केंद्रीय कैंप कार्यालय में आयोजित ऑल इंडिया बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने, सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने और देश के विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से समीक्षा की गई। साथ ही संसद में हाल के टकराव और गतिरोध सहित जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए बेहतर राजनीतिक और सामाजिक माहौल की आवश्यकता पर बल दिया गया। उन्होंने बैठक में राज्यवार प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कहा कि बसपा का मिशन डा. भीमराव आंबेडकर के आत्म-सम्मान और स्वाभिमान के आंदोलन को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे पार्टी मजबूत होती है, विरोधियों के षड्यंत्र भी बढ़ते हैं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं को इन चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए सत्ता प्राप्ति के लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ना होगा। सुश्री मायावती ने अन्य राजनीतिक दलों पर बड़े पूंजीपतियों के प्रभाव में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि बसपा अपने समर्थकों के सहयोग से चलने वाली पार्टी है और संविधान के मूल उद्देश्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विरोधी दलों की नीतियों और कार्यशैली के कारण उनकी विश्वसनीयता कम हो रही है, जबकि बीएसपी अपने 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत पर चलते हुए लोगों के बीच नई उम्मीद के रूप में उभर रही है। बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ बहुजन समाज के हितों के लिए संघर्ष जारी रखें और पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करें। साथ ही उन्होंने ऐसे लोगों से सावधान रहने की भी सलाह दी, जो व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण बहुजन आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास करते हैं। इसके अलावा मायावती ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समझौतों, विशेषकर अमेरिका के साथ होने वाली व्यापारिक डील को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को देश के किसानों और बहुजन समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए फैसले करने चाहिए, ताकि उनके अधिकार और भविष्य सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि बीएसपी का उद्देश्य सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के मिशन को आगे बढ़ाना है और पार्टी इस लक्ष्य को हर हाल में हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### अच्छे दिन कहां आए, अभी तक हकदारों को नहीं मिला हक

ज्वलन्त जनसमस्याओं के निदान के साथ-साथ देश में बेहतर राजनीतिक व साम्प्रदायिक माहौल की जरूरत पर बल दिया गया, ताकि अपने थोड़े अच्छे दिन के हकदार करोड़ों गरीब एवं मेहनतकश लोगों को आत्म सम्मान के साथ जीने का वाजिब हक उन्हें उनके जीते जी मिल सके। इस बैठक में मायावती ने सबसे पहले 9 दिसम्बर 2025 को ऑल इंडिया की नई दिल्ली में हुई पिछली बैठक में पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनजर दिए गए जरूरी दिशा-निर्देशों को लेकर राज्यवार प्रगति रिपोर्ट ली।

# मेरठ से मिशन 2027, जाट बेल्ट को साधने की तैयारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ जयंत चौधरी की मौजूदगी ने किया इस ओर इशारा

**लखनऊ/मेरठ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट बहुल इलाके में अपनी राजनीतिक पकड़ को फिर से धार देने के इरादे से भारतीय जनता पार्टी रविवार को मेरठ में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली को निर्णायक मोड़ के रूप में देख रही है।

माना जा रहा है कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले विकास परियोजनाओं के उद्घाटन को राजनीतिक संदेश में बदलकर प्रभावशाली सामाजिक समी करणों को साधने की रणनीति तैयार की गई है। किसान आंदोलन के बाद पार्टी से दूरी बना चुके जाट मतदाताओं को पुन: साथ लाना इस रैली का अहम लक्ष्य माना जा रहा है। लोकसभा चुनावों में हुए संभावित नुकसान की भरपाई की दृष्टि से भी यह आयोजन महत्वपूर्ण समझा जा रहा है। मंच पर प्रधानमंत्री के साथ जाट नेता एवं कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी की मौजूदगी को इसी व्यापक सामाजिक संतुलन के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। दिल्ली-मेरठ नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो के उद्घाटन के बाद मोहिउद्दीनपुर में आयोजित जनसभा को केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं माना जा रहा, बल्कि इसे व्यापक मतदाता वर्ग तक सशक्त राजनीतिक संदेश पहुंचाने की रणनीति का हिस्सा समझा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह आयोजन शक्ति-प्रदर्शन का रूप ले सकता है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



संसेक्स 82814.71
निफ्टी 25571.25



सोना 152000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 237000
प्रति किलो



# शेयर बाजार पर दिखेगा अमेरिकी आयात शुल्क में कमी का असर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन द्वारा आयात शुल्क में कमी के कारण अगले सप्ताह भी तेजी जारी रहने की उम्मीद है।

अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में पिछले साल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा विभिन्न देशों पर लगाए गए ऊंचे आयात शुल्कों प्रशासनिक आदेशों को रद्द कर दिया। इसके बाद ट्रम्प प्रशासन ने 20 फरवरी को 150 दिन के लिए सभी देशों पर एक समान 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इसके लिए जारी आदेश में कहा गया है कि यह दर 24 फरवरी से लागू होगी। ट्रम्प ने 21 फरवरी को सोशल मीडिया पर बताया कि 10 प्रतिशत को बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है, हालांकि इसके लिए अबतक कोई औपचारिक आदेश जारी नहीं हुआ है। यह देखते हुए कि भारत के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते में अमेरिका ने 18 प्रतिशत की दर से आयात शुल्क लगाने का प्रावधान किया है, दरों में और कमी से निवेशक बाजार में लिवाल रह सकते हैं। बीते सप्ताह बीएसई का I संसेक्स 187.95 अंक (0.23 फीसदी) की साप्ताहिक बढ़त के साथ 25,571.25 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक 100.15 अंक यानी 0.39 फीसदी चढ़कर 25,571.25 अंक पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों में गिरावट रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.28 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.18 प्रतिशत फिसल गया। ऑटो, आईटी और मीडिया समूहों में साप्ताहिक गिरावट रही जबकि बैंकिंग, एफएमसीजी, फार्मा, स्वास्थ्य, धातु और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। खासकर सार्वजनिक बैंकों में जबरदस्त तेजी रही।

# मोजाम्बिक की पटरियों पर दौड़ेगा बरेका निर्मित रेल इंजन

**वाराणसी।** बनारस लोकोमोटिव वर्क्स (बरेका) ने लोकोमोटिव निर्माण के क्षेत्र में एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की तकनीकी क्षमता और औद्योगिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है।

बरेका द्वारा निर्मित 3300 हॉर्सपावर एसी-एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की दसवीं इकाई को 21 फरवरी 2026 को मोजाम्बिक के लिए सफलतापूर्वक रवाना किया गया। यह उपलब्धि बरेका की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता तथा भारतीय रेल की बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय साख का महत्वपूर्ण प्रमाण है। बरेका को मोजाम्बिक के लिए 3300 हॉर्सपावर एसी-एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के कुल 10 इंजनों के निर्माण एवं निर्यात का आदेश प्राप्त हुआ था। इस अनुबंध के तहत सभी लोकोमोटिवों का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में चरणबद्ध रूप से पूरा किया गया। ये लोकोमोटिव एम/एस राइट्स के माध्यम से निर्यात अनुबंध के अंतर्गत आपूर्ति किए गए। यह समयबद्ध निर्यात भारतीय रेलवे की उत्पादन दक्षता, तकनीकी विश्वसनीयता एवं निर्धारित समय पर निष्पादन क्षमता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करता है। बरेका द्वारा निर्मित ये अत्याधुनिक 3300 हॉर्सपावर केप गेज (1067 मिमी) लोकोमोटिव 100 किलोमीटर प्रति घंटा तक की गति से संचालित हो सकते हैं।

# चावल, दालों में रही साप्ताहिक तेजी चीनी नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ दालों में भी तेजी रही। गेहूं की कीमत लगभग स्थिर रही। चीनी में साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 83 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,836 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,858 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा 13 रुपये गिरकर 3,328 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। सोया तेल की औसत कीमत 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। पाम ऑयल में 145 रुपये और सूरजमुखी तेल में 100 रुपये की गिरावट रही। मूंगफली तेल 99 रुपये सस्ता हुआ। सरसों तेल 56 रुपये और वनस्पति 53 रुपये फिसल गया। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 79 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। उड़द दाल 64 रुपये और चना दाल 46 रुपये मजबूत हुई। मसूर दाल की कीमत 38 रुपये और मूंग दाल की 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव लगभग स्थिर रहे। वहीं चीनी 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे- दाल-दलहन: दाल चना 7762.95 रुपये, मसूर काली 8058.82 रुपये, मूंग दाल 10154.05 रुपये, उड़द दाल 10711.44 रुपये, तुअर दाल 11131.36 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857-50 रुपये और चावल 3835. 64 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3328.07 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4302.76 रुपये और गुड़ 4982.54 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# यूथ कांग्रेस को प्रताड़ित किया जा रहा: अजय

■ शाहजहांपुर में बोले यूपी कांग्रेस अध्यक्ष- शंकराचार्य हम सबके पूजनीय

**शाहजहांपुर/अमेठी।** शाहजहांपुर में यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शंक. राचार्य हम सबके पूजनीय हैं, उन्होंने प्रदेश सरकार पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को षड्यंत्र के तहत फंसाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि ये सनातन धर्म का अपमान है, शंकराचार्य हम सबके लिए भगवान स्वरूप हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार उनके शिष्यों को गलत मुकदमे में फंसा रही है। दूसरी ओर अमेठी में पूर्व एमएलसी ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

एआई समिट में यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर अजय राय ने कहा कि हमारे यूथ कांग्रेस के लोगों ने जो किया बिल्कुल ठीक किया। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के ऊपर क्या कार्रवाई की भाजपा ने? इससे देश का अपमान हुआ, देश के वैज्ञानिकों का अपमान हुआ और यूथ कांग्रेस के लोगों ने जो सच्चाई दिखाई है, वह निश्चित तौर से सही कार्य किया है और हम लोग उनका पूरा समर्थन करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हमारे यूथ कांग्रेस को प्रताड़ित किया जा रहा है। हमारे झांसी के यूथ कांग्रेस के बच्चे को उठाया गया, ललितपुर में बच्चे को उठाया गया। उन्होंने आरा. प लगाया कि तमाम निर्दोष लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है, हम सब कांग्रेस के लोग सब उनके साथ हैं और अत्याचार व अन्याय को सरकार तुरंत बंद करे। उन्होंने कहा कि इस कृत्य से पूरी दुनिया में भारत का अपमान हुआ है। उन्होंने कहा कि पूरी कांग्रेस पार्टी यूथ कांग्रेस के साथ खड़ी है। उन्होंने कांग्रेस के अर्धनग्न प्रदर्शन का समर्थन किया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**मेरठ में...** भाजपा का कार्यक्रम नहीं था, न ही उस समय भाजपा का कोई नेता वहां था। मोदी ने कहा कि पूरा देश कांग्रेस की इस रीति-नीति पर थू-थू कर रहा है। दुर्भाग्य देखिए, इतनी पुरानी पार्टी के नेता बेशर्मी के साथ देश की बेइज्जती करने वालों का जयकारा कर रहे हैं। ये मामला कांग्रेस की हरकतों का लगातार चल रहा है। संसद में खुद परफॉर्म नहीं कर पा रहे, तो अपने साथी को भी बोलने का मौका नहीं देते। सदन को चलने नहीं देते। इसका सबसे बड़ा नुकसान कांग्रेस के साथी दलों को हो रहा है। पाप कांग्रेस करती है, भुगतना साथियों को पड़ता है। उन्होंने कहा कि मैं नम्रतापूर्वक देश के मीडिया से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि कृपा करके हम जब इस प्रकार की हरकतों की आलोचना करें, तो इस तरह की हेडिंग न बनाएं कि मोदी ने विपक्ष को धो डाला। ये विपक्ष-विपक्ष करके आप कांग्रेस को बचा रहे हैं। विपक्ष में जो और साथी बैठे हैं, वो भी समझ गए हैं कि पाप कांग्रेस करती है और भुगतना उन्हें पड़ता है।

# मजबूत हो रहा पीडीए, जनता ने बीजेपी को नकारा!

लखनऊ, वार्ता



■ शंकराचार्य को लेकर अखिलेश का सीएम योगी पर बड़ा हमला

सपा मुखिया एवं यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर मुकदमे को लेकर सीएम योगी पर तीखा हमला बोला और कहा कि रामभद्राचार्य को तो पहले ही जेल भेज देना चाहिए था। अखिलेश ने पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) गठबंधन के मजबूत होने का दावा किया और धार्मिक नेताओं के अपमान व सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। उन्होंने विकास कार्यों और सीएम की जापान यात्रा पर भी सवाल उठाए।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान पर अखिलेश यादव ने कहा कि गुरु नानक जी ने कहा था कि कान छेदाने से कोई योगी नहीं बन सकता। इसी कड़ी में उन्होंने रामभद्राचार्य को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि उनके बारे में कुछ बोलना नहीं चाहिए, लेकिन अगर यह उनका चेला है, तो मुझसे बड़ी गलती हुई है। उनके खिलाफ 420 का मुकदमा था, हमने वापस ले लिया था। उन्हें उसी समय जेल भेज देना चाहिए था। अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार बचने वाली नहीं है। जनता ने पहले ही इसे अस्वीकार कर दिया है, अब तो सिर्फ वोटिंग का इंतजार है। उन्होंने पार्टी में नए सदस्यों का स्वागत किया, इस दौरान एआई समिट को लेकर टिप्पणी करते हुए सीएम की जापान यात्रा पर सवाल उठाया, साथ ही उन्होंने धार्मिक नेताओं के अपमान और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए करारा प्रहार किया। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता की पीड़ा बढ़ रही है, इसी के साथ पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) गठबंधन मजबूत हो रहा है। उन्होंने मुनिदेव शर्मा, राहुल सिंह, गोपाल सिंह, लक्ष्मी अग्रवाल, करण सिंह, रामलाल वाल्मीकि, शेखर सैनी, दीपक चौधरी को अन्य साथियों को पार्टी में शामिल कराया। एआई समिट को लेकर अखिलेश ने विपक्ष और अपने नेता माता प्रसाद पांडेय की बातों का उल्लेख करते हुए कहा कि इधर सीएम योगी जापान जा रहे हैं, वहां जापान का एक डॉग बहुत फेमस हुआ था दुनिया में, टेक्नोलॉजी को लेकर स्टार्टअप हो रहे हैं, ये हमारी समस्या का समाधान के लिए हैं, लेकिन सीएम हमसे बहुत आगे हैं। अखिलेश यादव ने गीता के एक श्लोक का हवाला देते हुए कहा कि इसमें लिखा है कि माया में रहकर माया से दूर रहें, वो योगी हैं। उन्होंने शंकराचार्य के अपमान पर सवाल उठाते हुए पूछा कि उनके साथ क्या व्यवहार हो रहा है? जिस समय शिखा को पकड़कर अपमानित किया जा रहा था, उस समय यह लोग कहां थे? हमारी सनातनी व्यवस्था में किसी शंकराचार्य को गंगा स्नान से रोका नहीं गया, लेकिन ये पहली बार हुआ है। अखिलेश ने 20 साल पुरानी घटना का जिक्र किया और कहा कि शंकराचार्य को अपमा. नित करने के लिए किसको ढूंढकर लाए?

### 100 विधायक लाइए और सीएम बन जाइए

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को एक बार फिर यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक को सीएम पद ऑफर किया है। उन्होंने कहा कि दोनों डिप्टी सीएम में से कोई भी 100 विधायक लाइए और सीएम जाइए। अखिलेश यादव ने कहा कि हम पहले भी डिप्टी सीएम कैशव प्रसाद मौर्य को सीएम पद का ऑफर दे चुके हैं, चलों एक बार फिर दे देते हैं। प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक में से कोई भी 100 विधायक अपने साथ ले आए और मुख्यमंत्री बन जाए। इससे अच्छा ऑफर उन्हें कहीं नहीं मिलेगा। अखिलेश यादव इससे पहले भी कई बार केशव प्रसाद मौर्य को सीएम पद का ऑफर दे चुके हैं, लेकिन इस बार उन्होंने दूसरे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को भी सीएम पद ऑफर किया है। अब ये देखना दिलचस्प होगा कि केशव और ब्रजेश पाठक इस पर कैसे और क्या प्रतिक्रिया देंगे।

# वैश्विक 'बोधि यात्रा' की पहली पसंद बना उप्र: जयवीर

### 2025 में करीब 82 लाख पर्यटक पहुंचे बुद्ध भूमि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए बौद्ध आस्था और विरासत के केंद्र के रूप में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वर्ष 2025 में प्रदेश ने बौद्ध सर्किट के जरिए दुनिया भर के श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करते हुए लगभग 82 लाख आगंतुकों का स्वागत किया, जिनमें 4.40 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक शामिल रहे।

विशेष रूप से कुशीनगर अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध पर्यटन के प्रमुख आकर्षण के रूप में उभरकर सामने आया, जहां विदेशी श्रद्धालुओं की



सर्वाधिक आमद दर्ज की गई। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'उत्तर प्रदेश आज वैश्विक बौद्ध आस्था का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि दुनिया भर के बौद्ध धर्मावलंबी अपनी 'बोधि यात्रा' की शुरुआत उत्तर प्रदेश से करने को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे राज्य में इनबाउंड टूरिज्म में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है। सारनाथ, कपिलवस्तु, श्रावस्ती, संकिसा, कौशांबी और कुशीनगर जैसे भगवान बुद्ध के जीवन और संदेश से जुड़े पवित्र स्थलों के भ्रमण को श्रद्धालु जीवन की पवित्र यात्रा मानते हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि श्मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश का पर्यटन क्षेत्र निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के छह पवित्र बौद्ध स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में वर्ष दर वर्ष उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

वर्ष 2025 में इन स्थलों पर लगभग 82 लाख पर्यटकों का आगमन हुआ। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश का बौद्ध सर्किट वैश्विक आस्था और आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा इनबाउंड पर्यटन को गति देने के लिए अपनाई गई बहुआयामी रणनीति अब ठोस परिणाम देने लगी है। इसी प्रयास का असर है कि प्रदेश के बौद्ध सर्किट, विशेषकर भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर, विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद बनकर उभरी है। वर्ष 2025 में 2.90 लाख से अधिक विदेशी पर्यटकों का आगमन इस ऐतिहासिक स्थल पर दर्ज किया गया, जो बीते वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। साल 2024 में 2.51 लाख, 2023 में 2.14 लाख तथा 2022 में 41 हजार से अधिक विदेशी पर्यटकों ने कुशीनगर की पवित्र धरती पर पहुंचकर आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि केंद्रीय बजट 2026-27 में भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली सारनाथ को देश के 15 सबसे प्रमुख पुरातात्विक स्थलों में शामिल कर एक श्एक्सपेरिमेंटल कल्चर डेस्टिनेशनश के रूप में विकसित करने का ऐलान किया गया है। इसी क्रम में अगस्त माह में लगभग 200 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश आएगा। इसी प्रकार बौद्ध धर्म मानने वाले अन्य देशों- श्रीलंका, थाईलैंड, म्यांमार, कंबोडिया, लाओस पीडीआर, वियतनाम एवं दक्षिण कोरिया जैसे देशों से प्रति वर्ष बड़ी संख्या में बौद्ध पर्यटक उत्तर प्रदेश आते हैं। प्रदेश का पर्यटन विभाग इन देशों के नागरिकों, टूर एंड ट्रैवेल प्रतिनिधियों एवं उद्योग जगत से जुड़े विशेषज्ञों के लिए नियमित रूप से फैम ट्रिप आयोजित करती है। साथ ही, वैश्विक आयोजनों का हिस्सा बनकर अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध पर्यटन मानचित्र पर उत्तर प्रदेश की सशक्त उपस्थिति सुनिश्चित कर रहा है।

# 33 केवी लाइन के 200 मीटर तार काटे, कई गांवों अंधेरे में डूबे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के मेजा थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने 33 केवी विद्युत लाइन के करीब 200 मीटर तार काट लिए, जिससे दर्जनों गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी रात बाधित रही।

विद्युत विभाग की टीम ने रविवार सुबह कड़ी मशक्कत के बाद आपूर्ति बहाल की। घटना मेजा थाना क्षेत्र की मेजा रोड पुलिस चौकी के अंतर्गत जनवार गांव के पास की है।

चोरों ने नाले से गुजर रही 33 केवी लाइन को निशाना बनाते हुए तार काटकर ले गए, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति अचानक ठप हो गई और गांवों में अंधेरा छा गया। सूचना मिलते ही विभागीय टीम मौके पर पहुंची और रातभर मरम्मत कार्य किया। रविवार सुबह करीब 9:30 बजे आपूर्ति सुचारु कर दी गई। जूनियर इंजीनियर प्रमोद यादव ने मेजा रोड चौकी में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी हरिओम सिंह ने बताया कि चोरों की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है। मरम्मत कार्य के दौरान विभाग के कर्मचारी भागीरथी, केसरी पटेल, अल्ताफ अली और सूरज सिंह सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे। घटना से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है और उन्होंने आरो. पियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# लखीमपुरी खीरी ढाका में शमशान भूमि न होने से ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** पलिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत ढाका में स्थानीय श्मशान भूमि का स्थायी निर्माण न होने से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

वर्षों से चली आ रही इस समस्या के समाधान के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे गांवों के लोग गंभीर असुविधा का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, वर्तमान में हिंदू समुदाय के लोग अंतिम संस्कार के लिए पूर्व प्रधान के आवास के निकट पीडब्ल्यूडी (पीडब्ल्यूडी) की जमीन का अस्थायी रूप से उपयोग करने को मजबूर हैं। यह स्थान न तो अधिख्रत है और न ही वहां किसी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। बरसात के मौसम में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है,

जिससे अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील प्रक्रिया में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बताया जा रहा है कि ढाका ग्राम पंचायत मे और अन्य आसपास के इस असु. विधा से प्रभावित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान भूमि स्थायी रूप से चिह्नित और विकसित न होने के कारण आए दिन विवाद और असुविधा की स्थिति बनी रहती है। वहीं मुस्लिम समुदाय के लिए ग्राम पंचायत ढाका में गौशाला के निकट एक कब्रिस्तान/साहबा (स्थानीय दफन स्थल) बना हुआ है, जहां वे अपने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार अंतिम संस्कार करते हैं। ऐसे में ग्रामीणों का सवाल है कि जब एक समुदाय के लिए स्थान सुनिश्चित है, तो हिंदू समुदाय के लिए स्थायी श्मशान भूमि क्यों नहीं चिन्हित की गई? अंतिम संस्कार जैसी आवश्यक और संवेदनशील प्रक्रिया सम्मानजनक ढंग से संपन्न हो सके। यह केवल सुविधा का नहीं, बल्कि मानवीय गरिमा और धार्मिक अधिकारों का भी विषय है। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या पर कब संज्ञान लेते हैं और ग्रामीणों को स्थायी समाधान प्रदान करते हैं।

# यूपी को 'मैन्युफैक्चरिंग हब ऑफ इंडिया' बनाने के मिशन के साथ आज सिंगापुर-जापान रवाना होंगे सीएम योगी

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों के उत्तर प्रदेश को 'मैन्युफैक्चरिंग हब ऑफ इंडिया' बनाने के लक्ष्य के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर और जापान के चार दिवसीय दौरे पर आज रवाना होंगे। 2017 की म्यांमार यात्रा के बाद यह मुख्यमंत्री का पहला विदेशी दौरा होगा,

जिसे प्रदेश की निवेश कूटनीति और औद्योगिक विस्तार की ख्रष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। 23-24 फरवरी को सिंगापुर और 25-26 फरवरी को जापान प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री 33 वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर प्रदेश में निवेश, तकनीकी सहयोग और औद्योगिक विस्तार के नए अवसरों पर चर्चा करेंगे। इस यात्रा की खास बात यह होगी कि मुख्यमंत्री जी-टू-बी



(गवर्नमेंट टू बिजनेस) बैठकों और राउंड टेबल मीटिंग के जरिए निवेशकों से सीधे संवाद करेंगे। यूपी के सीईओ की तरह वे निवेशकों से प्रदेश के औद्योगिक रोडमैप, नीति स्थिरता और कारोबारी संभावनाओं पर स्पष्ट और परिणाम केंद्रित बातचीत करेंगे। प्रवासी भारतीयों और उत्तर प्रदेश वासियों को संबोधित करने के साथ वे स्कूली बच्चों से भी संवाद करेंगे और प्रदेश की विकास यात्रा साझा करेंगे। सरकार का मानना है कि 25 करोड़ नागरिकों की शक्ति उत्तर प्रदेश को उत्पादन और उपभोग दोनों का केंद्र बनाती है। सिंगापुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री 25 कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिलेंगे। गूगल और एसटीटी ग्लोबल जैसे निवेशकों के साथ डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर, जापफा ग्रुप और ओलम इंटरनेशनल के साथ एग्रीबिजनेस, मैपलट्री और एआई सैट्स के साथ लॉजिस्टिक्स नेटवर्क तथा एवीपीएन, जीएससी ग्रीन्स और ईडीपीआर सनसीप के साथ क्लीन व सौर ऊर्जा निवेश पर चर्चा होगी। ग्रीनफील्ड वेंचर्स और ड्रीमट्रस्ट के साथ हॉस्पिटैलिटी व थीम पार्क, यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप के साथ पैकेजिंग, सेम्बकॉर्प के साथ इंडस्ट्रियल पार्क और सिंगापुर एयरला. इंस इंजीनियरिंग कंपनी के साथ एविएशन क्षेत्र में सहयोग की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। टेमासेक, जीआईसी और ब्लैकस्टोन जैसे वैश्विक निवेश फंड्स के साथ पूंजी निवेश, जबकि फुलर्टन फाइनेंशियल, डीबीएस बैंक और वर्टेक्स वेंचर्स के साथ फिनटेक व स्टार्टअप सहयोग पर भी बातचीत होगी। जापान प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री आठ प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। कुबोटा और सुजुकी के साथ ऑटोमोबाइल निवेश, टोक्यो इलेक्ट्रॉन के साथ सेमीकंडक्टर, तोशिबा के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग तथा टोयो डेंसो, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स और नागासे एंड कंपनी के साथ ऑटोमोबाइल सप्लाई चेन सहयोग प्रमुख एजेंडा रहेंगे।

# वृहद विधिक साक्षरता सेवा शिविर का आयोजन, लोगों को किया जागरुक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** जनपद न्यायालय कैसरबाग, लखनऊ के प्रांगण में वृहद विधिक साक्षरता/सेवा शिविर (मेगा शिविर) का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य सेवा विधिक प्राधिकरण, लखनऊ की सदस्य सचिव डॉ0 श्रीमती मनु कालिया जी की अध्यक्षता में सफलता पूर्वक किया गया उक्त आयोजन में माननीय जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह जी का प्रतिनिधित्व दिनेश कुमार मिश्रा प्रभारी जनपद न्यायाधीश द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में हुसैन अहमद अंसारी, जैनेन्द्र कुमार पाण्डेय व राहुल मिश्रा वरिष्ठ अपर जनपद न्यायाधीश द्वारा मंच को सुशोभित किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपरोक्त मेगा शि. विर में लगभग 50 विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को आमंत्रित किया गया था जिससे वे अपने-अपने शिविर आयोजन कर आम जनमानस को विभागो से सम्बन्धित कल्याणकारी विषयों के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए उनका पंजीकरण सुनिश्चित करायें और उन्हें वांछित लाभ भी प्रदान करें। प्रशासन का प्रतिनिधित्व करते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट श्री राज बहादुर सिंह नोडल अधिकारी के रूप में प्रशासन का प्रतिनिधित्व किया व प्रशासन के जुडे समस्त विभागों को निर्देशित किया कि वे उक्त शिविर में आम जनमानस को उनसे सम्बन्धित योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। शासकीय विभागों में प्रमुख रूप जिला विकास / खण्ड विकास, समाज कल्याण विभाग,



दिव्यांग सशक्तीकरण विभाग, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, शिक्षा-प्राविधिक शिक्षा, बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा, ख्रषि एवं वानिकी, जलशक्ति विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, पंचायतीराज विभाग, बैंक सहायता ;ण योजनायें, लघु कुटीर, सुक्ष्म एवं मध्यम उद्यम विभाग, कौशल विकास विभाग, डेरी विकास विभाग, पशुपालन विभाग, दुग्ध विभाग, मत्स्य पालन विभाग, औद्योगिक विभाग, श्रम कल्याण विभाग बंधुआ मजदूरी के विषय में, पुलिस विभाग विशेष रूप से मानव तस्करी के विषय में, युवा कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, संस्ख्रति विभाग, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, चिकित्सा स्वास्थ एवं परिवार कल्याण विभाग, परिवहन विभाग, आवास एवं नगर विकास विभाग, बीमा जीवन, पशु एवं फसल बीमा, किसानों के मध्य उन्नत खेती के क्षेत्र में कार्य करने वाली सं केन्द्रीय औषधीय एवं सुगंध पादप अनुसंधान केन्द्र, महिला एवं बाल कल्याण विभाग तथा गरीब महिलाओं के सेनेटरी नैपकीन वितरण करने वाली स्वयं सेवी संस्था, राष्ट्रीय ख्रषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), रेशम विभाग, वन विभाग, डाक विभाग, राजकीय औद्योगिक एवं तकनीकी संस्थान (आईद्र टीद्रआईद्र), जिला नगरीय विकास अधिकरण (डूडा), नगर पालिका परिषद, नवीन एवं नवीकरण ऊर्जा विकास अधिकरण (नेडा), खनन विभाग, ख्रषि उत्पादन मण्डी समिति, विद्युत वितरण विभाग, जिला प्रोबेशन अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं रसद विभाग, अन्य विभागो के वरिष्ठ अधिकारीगण शिविर में उपस्थित हुए व पात्र लाभार्थियों को चिन्हित करते हुए जनहित लाभ प्रदान किया गया। उक्त शिविर के मुख्य अतिथियों द्वारा कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े समस्त विभागों का आवाहन करते हुए उन्हें निर्देशित किया गया कि वे योजनाओं का लाभ आम जनमानस तक पहुँचाना सुनिश्चित करें। उनके द्वारा यह कहा गया कि आज का यह मेगा शिविर आम जनमानस के लिए और वे आम जनमानस नहीं वे ही आज के कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण है। उनके द्वारा यह भी व्यक्त किया गया कि किसी भी पात्र अभियर्थी को सरकार द्वारा संचा. लित योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में यदि कोई कठिनाई आती है तो वैसी हर बाधाओं को दूर करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ संकल्प ब)य है। उन्होंने उपस्थित समस्त न्यायाधीशगणों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस के अधिका. रियों, विभिन्न विभागों का प्रतिनिधित्व कर उनके वरिष्ठ अधिकारियों, स्वयं सेवी संस्थाओं व शिविर में आये समस्त व्यक्तियों को शुभकामना दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मनु कालिया द्वारा दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक ट्राइ साइकिल, ख्रषि व अन्य योजनाओं के लाभार्थीगण को प्रधानमंत्री विश्कर्मा योजना से जुड़े लाभार्थियों को उपकरण आदि भी वितरित किया गया। मेगा शिविर के विशेष अतिथि प्रभारी जनपद न्यायाधीश दिनेश कुमार मिश्रा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त जनमानस को बधाई देते हुए उन्होंने आम जनमानस की समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर निर्णय लेने की प्रेरणा दी व सभी को इस मेगा शि. विर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ अपर जनपद न्यायाधीश हुसैन अहमद अंसारी ने उत्तर प्रदेश राज्य सेवा विधिक प्राधिकरण के सदस्य सचिव का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित समस्त को बधाई दी और कार्यक्रम की सफलता की कामना की।

# मौलाना आजाद शिक्षा, लोकतंत्र व सामाजिक न्याय की मुकम्मल मिसाल : प्रो. जमशीद कमर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मौलाना आजाद मेमोरियल अकादमी द्वारा देश प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की 68 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पुस्तकालय सभागार, औरंगाबाद खालसा, बिजनौर रोड़ पर एक संगोष्ठी का शिक्षा, लो. कतंत्र और सामाजिक न्याय विक. सित भारत 2047 के संदर्भ में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ अकादमी के जनरल सेक्रेटरी डॉ. अब्दुल कुद्दूस हाशमी के स्वागत भाषण से हुआ।

उन्होंने विषय के शैक्षिक, सामाजिक और वैचारिक आयामों का व्यापक विवेचन करते हुए कहा कि शिक्षा राष्ट्रीय जागरूकता की नींव, लोकतंत्र , जन सामूहिक आत्मा और सामाजिक न्याय, राष्ट्रीय स्थिरता की मजबूत गारंटी है। उन्होंने युवाओं को ज्ञान, नैतिकता और जिम्मेदार नागरिक बनने का आवाहन किया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर जमशीद कमर,( पूर्व अध्यक्ष उर्दू विभाग, रांची विश्वविद्यालय ने कहा कि मौलाना आजाद शिक्षा, लोकतंत्र और सामा. जिक न्याय के स्थायी प्रेरणास्रोत हैं। उनके जीवन, व्यक्तित्व और विच. ारों के विविध आयामों में इन मूल्यों की स्पष्ट झलक मिलती है। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति उसके शैक्षिक स्तर, विचार स्वतंत्रता और सामा. जिक समानता से निर्धारित होती है। प्रोफेसर सोफिया अहमद (विधि विभाग, अंबेडकर विश्वविद्यालय) ने कहा कि संवैधानिक मूल्यों और कानून की सर्वोच्चता ही सामाजिक न्याय को व्यवहारिक रूप देती है। बल्कि दूसरों के अधिकारों के सम्मान को भी बढ़ावा देते हैं, जो एक सशक्त लोकतांत्रिक समाज की आधारशिला है। प्रोफेसर रुद्रप्रसाद साहू (सोशल एक्सक्लूजन विभाग अम्बेडकर विश्वविद्यालय) ने कहा कि विकास तभी सार्थक है जब समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को समान अवसर प्राप्त हों। डॉ. मनी राम, (स्टेट तकमील -उत-तिब मेडिकल कॉलेज ने कहा कि आधु. निक शिक्षा के साथ नैतिक प्रशिक्षण और मानवीय मूल्यों का विकास अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य जागरूक, जिम्मेदार और समाजसेवी नागरिक तैयार करना है। प्रोफेसर सफिया लोखंडे स्टेट तकमिलुतिब मेडिकल कॉलेज ने कहा कि महिलाओं की शिक्षा और सामा. जिक सहभागिता राष्ट्रीय विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ है।

### प्रयागराज के मेजा क्षेत्र में नील गायों का आतंक फसलें चौपट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के मेजा थाना क्षेत्र अंतर्गत उरूवा विकासखंड के तटीय इलाकों में नीलगायों का आतंक किसानों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। नीलगायों के झुंड खेतों में घुसकर खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार दिन हो या रात, नीलगायों के झुंड खेतों में पहुंच जाते हैं और कुछ ही समय में पूरी फसल चौपट कर देते हैं। गेहूं, चना सहित अन्य रबी फसलें लगातार क्षति झेल रही हैं, जिससे अन्नदाताओं में भारी चिंता व्याप्त है। परानीपुर, बिसेनपुर, पकरी सेवार, दुबेपुर, सिकटी और जेरा समेत कई गांव इस समस्या से प्रभावित हैं।

# एआईपीईएफ ने की मुख्यमंत्री से टेंडर निरस्त करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने राज्य की छह लघु जल विद्युत परियोजनाओं को 42 वर्षों की लंबी अवधि के लिए निजी कंपनियों को लीज पर देने के निर्णय का कड़ा विरोध किया है। फेडरेशन ने माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ से राज्यहित और जनहित में तत्काल हस्तक्षेप कर इस टेंडर को निरस्त करने की मांग की है।

ए आई पी एफ के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने 18 फरवरी 2026 को एक टेंडर जारी कर छह लघु जल विद्युत परियोजनाओं को निजी कंपनियों को सौंपने का प्रस्ताव दिया है। टेंडर की शर्तों के अनुसार निजी कंपनियों को मात्र 1.5 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट के अग्रिम प्रीमियम पर इन परियोजनाओं का संचालन नियंत्रण 42 वर्षों के लिए दिया जाएगा। लीज पर प्रस्तावित परियोजनाओं में भोला (2.7 मेगावाट), सलावा (3 मेगावाट), निर्गजनी (5 मेगावाट), चित्तौरा (3 मेगावाट), पलरा (0.6 मेगावाट) और सुमेरा (1.5 मेगावाट) शामिल हैं। ये सभी परियोजनाएं अपर गंगा नहर पर स्थित हैं और लगभग 90 से 97 वर्ष पुरानी हैं।

फेडरेशन ने यह भी आरोप लगाया है कि टेंडर में इन परियोजनाओं की कुल स्थापित क्षमता 15.5 मेगावाट के स्थान पर मात्र 6.3 मेगावाट दर्शाई गई है और इसी आधार पर लगभग 10 करोड़ रुपये में राज्य की मूल्यवान परिसंपत्तियों को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी की जा रही है। ये परियोजनाएं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उन क्षेत्रों में स्थित हैं जहां भूमि का मूल्य बहुत अधिक है तथा परियोजनाओं के साथ पर्याप्त भूमि भी संलग्न है। एआईपीईएफ ने आशंका व्यक्त की है कि 42 वर्षों की लंबी लीज अवधि के दौरान निजी कंपनियां न केवल विद्युत उत्पादन से लाभ अर्जित करेंगी, बल्कि परियोजना की भूमि का व्यावसायिक उपयोग भी कर सकती हैं।

# संत निरंकारी मिशन ने रामगंगा घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**करनपुर चौराहा (मुरादाबाद)।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत संत निरंकारी मिशन की ब्रांच करनपुर चौराहा की ओर से रविवार, 22 फरवरी 2026 को रामगंगा (नील सरोवर) घाट पर प्रोजेक्ट अमृत स्वच्छ जल स्वच्छ मनश के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया गया। मिशन के सेवादल के भाई-बहनों ने घाट पर साफ-सफाई कर देशवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने जन-जन तक स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया।

कार्यकर्ताओं के हाथों में विभिन्न प्रेरक स्लोगन लिखे बैनर थे, जिन पर श्स्वच्छ जल स्वच्छ मनश, श्प्रदूषित पानी हमारी हानीश, श्जल बचाओ कल बचाओश, श्सभी की है यह जिम्मेदारी स्वच्छ हो यह दुनिया सारीश और श्प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनों ही हानिकारक हैश जैसे संदेश अंकित थे। इस अवसर पर ब्रांच करनपुर चौराहा के इंचार्ज डॉ. बाबू सिंह के नेतृत्व में कमल कुमार, महेंद्र सिंह, ध्यान सिंह, डॉ. किशन सिंह, मोतीराम, ज्ञानी सिंह, पप्पू सिंह, बत्तू सिंह, रामकुमार सिंह, विपिन कुमार, रामवीर सिंह, राजकुमार, अनमोल, किशन पाल सहित ग्राम पंचायत करनपुर की प्रधान रेखा देवी, अनीता देवी, सविता देवी, कमलेश देवी, नीतू देवी, निधि, पूनम, अवनी, आस्था और वंशिका आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस पहल के माध्यम से मिशन ने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ जल के महत्व पर प्रकाश डाला।

# रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केंद्र में वृद्ध रक्तदान शिविर 26 को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** खालाबाजार स्थित रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केंद्र में बृहस्पतिवार 26 फरवरी 2026 को लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय समाज की ओर से रक्त दान शिविर का आयोजन होना है।

जिसको मार्ग दर्शन देने एवं संचालित करने के लिए किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) से विशेषज्ञों की टीम आएगी। शिविर में रक्तदान करने के लिए लगभग 60 लोगों ने अपना पंजीकरण कराया। घ्स्तोगी स्तोगी घ्समाज के संरक्षक हरी जीवन रस्तोगी, समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव रस्तोगी एवं समाज के महामंत्री प्रदीप रस्तोगी ने बताया कि शिविर का उद्घाटन अखिल भारतीय हरिशचन्द्र वंशीय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रस्तोगी करेंगे। उन्होंने बताया कि रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केंद्र के संक्षिप्त परिचय से ख्रपया अवगत हो लें। यह गत 17 वर्षों से समाज को नि:शुल्क चिकित्सीय सेवाएं प्रदान कर रहा है। प्रतिदिन योग्य चिकित्सकों द्वारा लगभग 300 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें परामर्श दिया जाता है। एलोपैथिक दवाएं 3 दिन की एवं होम्योपैथिक दवाएं 7 दिन की निशुल्क दी जाती हैं। यहां एक ही छत के नीचे एलोपैथिक, होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक, फीजियोथेरेपी, न्योरोपैथिक, नेत्र एवं दांत संबंधी चिकित्सा उपलब्ध है। यहां पर डिजिटल एक्स-रे एवं ईसीजी की सुविधा भी उपलब्ध है। घ्यहां पर प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को विशाल नि:शुल्क चिकित्सीय शिविर आयोजित होता है, जिसमें विशेषज्ञ डाक्टर मरीजों का परीक्षण कर परामर्श देते हैं। घ्संस्था के संदर्भ में-लखनऊ हरिश. चंद्र वंशीय समाज दीर्घ काल से शैक्षणिक, स्वास्थ्य, सामाजिक, साहित्यिक एवं धार्मिक कार्यों में निष्ठा से योगदान दे रहा है। शैक्षणिक क्षेत्र में एक प्रोफेशनल डिग्री कालेज सहित 10 विद्यालयों का संचालन कर रहा है। रस्तोगी स्किल डेवलपमेंट एवं स्टार्ट अप कमेटी छात्रों को छात्रवृत्ति देकर उनको आगे पढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। घ्स्वास्थ्य क्षेत्र में मूलचंद रस्तोगी औषधालय, हरिओम सेवा केंद्र एवं रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केंद्र के माध्यम से समाज को उत्ख्रष्ट चिकित्सीय सेवाएं प्रदान कर रहा है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्रधानमंत्री के बटन दबाते ही मेरठ के नाम हुआ एक और इतिहास

## नरेन्द्र मोदी ने नमो भारत व मेरठ मैट्रो को दिखाई हरी झंडी











**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आखिर वह ऐतिहासिक क्षण रविवार को आ ही गया जब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हजारों लोगों की मौजूदगी में नमो भारत रैपिड ट्रेन व मेरठ मेट्रो के सपने को साकार किया। मेरठ की धरती के लिए रविवार का दिन इतिहास के पन्नों में अमर हो गया। देश की पहली रीजनल ट्रेन नमो भारत का देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ की धरती पर आकर लोकार्पण किया और देश को भारत की पहली रीजनल ट्रेन की सौगात दी। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चाहे वर्ष 2014 हो 2019 हो या फिर 2024 हो उन्होंने अपनी चुनावी जनसभाओं का आगाज मेरठ की धरती से किया है और उन्होंने देश की पहली रीजनल ट्रेन का शुभारंभ भी मेरठ से किया है जहां इसके शिलान्यास का सौभाग्य उन्हें मिला। वहीं इसके शिलान्यास का मौका भी जनता के प्यार ने उन्हें दिया। नरेंद्र मोदी ने कहा कि मेरठ से उनका अलग लगाव है और उनके जीवन में मेरठ बड़ा महत्व रखता है इसीलिए उन्होंने इस काम के लिए मेरठ की धरती को चुना। इस दौरान नरेंद्र मोदी ने नमो भारत ट्रेन के लोकार्पण और शुभारंभ के दौरान बटन दबा कर इसका शुभारंभ किया और हरी झंडी दिखा कर नमो भारत रेपिड ट्रेन को जनता की यात्रा के लिए रवाना किया।

### देश को बदनाम करने का काम कर रही कांग्रेस

अपने संबोधन में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश को बदनाम करने का काम कर रही है। समिट में जहां दुनिया भर के देश आए और अपनी प्रतिभा को दिखा रहे थे वहीं कांग्रेस पार्टी ने वहां पर हंगामा करके देश का नाम बदनाम किया। नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह आयोजन ना तो भाजपा का था और ना ही उनका था यह आयोजन भारत का था। ऐसे में कांग्रेस ने देश को बदनाम करने का काम किया है। उन्होंने मीडिया से कहा कि जब भी कोई खबर बनती है तो वह विपक्ष का हंगामा या विपक्ष की नाक. ामी ना लिखें बल्कि स्पष्ट रूप से कांग्रेस का नाम लिखें क्योंकि विपक्ष के कई नेता और पार्टी उनके साथ भी अलायंस में हैं लेकिन सिर्फ कांग्रेस ही देश को बदनाम करने का काम करती है इसलिए स्पष्ट रूप से कांग्रेस का नाम ही लिखा करें।

## नमो भारत की बदौलत खुलेंगे नए कारोबारः योगी

■ मेरठ से दिल्ली की दूरी अब मात्र 50 मिनट



**मेरठ।** आरआरटीएस ट्रेन के उद्घाटन कार्यक्रम में बोलते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाबा औघड़नाथ की क्रांतिधरा मेरठ में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को पहले रीजनल ट्रेन की सौगात दी है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और वह हकीकत में विकास पुरुष हैं। उन्होंने कहा कि यह पल मेरठ के लिए ऐतिहासिक है और इसके शुभारंभ से मेरठवासियों के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए विकास के नए रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि पहले तीन-तीन और चार-चार घंटे में कारोबारी लोग दिल्ली जाते थे और परेशान होकर वह दिल्ली से दूरी बना लेते थे लेकिन अब दिल्ली का सफर मात्र 50 मिनट का रह गया है। अब विकास के नए रास्ते पश्चिम उत्तर प्रदेश को मिलेंगे और नए कारोबार मेट्रो की बदौलत स्थापित होंगे और यह सब कार्य देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बदौलत पूरा हुआ है जिन्होंने देश को विश्वगुरु बनाने का रास्ता साफ कर दिया है।

### एक ट्रैक दो सुविधाएं, मेरठ मॉडल बना उदाहरण

इस परियोजना की सबसे बड़ी खासियत इसका एकीकृत मॉडल है। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन (एनसीआरटीसी) द्वारा विक. सित इस कॉरिडोर पर हाई-स्पीड 'नमो भारत' और शहर के भीतर संचा. लित मेरठ मेट्रो, दोनों सेवाएं एक ही इन्फ्रास्ट्रक्चर ढांचे पर चल रही हैं। यह मॉडल लागत में बचत, संसाधनों के बेहतर उपयोग और तेज निर्माण का उदाहरण है। मेरठ साउथ से मोदीपुरम तक शहर के प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ती मेरठ मेट्रो अब स्थानीय आवागमन को जाम मुक्त और सुगम बनाएगी।

### नमो भारत रेल में 80 प्रतिशत स्टाफ महिलाओं का

नमो भारत रेल में लगभग 80 प्रतिशत स्टाफ महिलाओं का होना अपने आप में ऐतिहासिक है। यह पहल नारी सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा संद. ेश देती है। उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने वाली नीतियों का यह जमीनी उदाहरण है, जहां महिलाएं देश की सबसे तेज रैपिड ट्रेन की कमान संभालेंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस हाई-स्पीड ट्रेन के परिचालन में लोको पायलट (चालक) से लेकर स्टेशन मैनेजमेंट तक में महिलाओं की भागीदारी 80 प्रतिशत से अधिक है, जो इसे भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाला पहला रैपिड रेल प्रोजेक्ट बनाता है।

### हजारों लोगों की उपस्थिति बनी इस पल की गवाह

रविवार के दिन नरेंद्र मोदी ने देश की पहली रैपिड ट्रेन का शुभारंभ किया। इस दौरान मेरठ में नरेंद्र मोदी की रैली में उन्हें सुनने के लिए आए हजारों लोग इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने। हर किसी के मुंह पर मोदी-मोदी सुनाई दे रहा था। लोगों का कहना था कि पूरी दुनिया में नरेंद्र मोदी जैसा कोई नेता मौजूद नहीं है। नरेंद्र मोदी ने ही देश को विकास के नए आयाम पर पहुंचाया है और उनके बदौलत ही आज भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। मेरठ की क्रांतिधरा के इस ऐतिहासिक पाल के हजारों लोग गवाह बने।

### पश्चिम में विकास की नई धारा है रैपिड-मेट्रो

मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत जैसे जिलों को भी इस परियोजना का अप्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी से पर्यटन, कृषि व्यापार और उद्योग को नई ऊर्जा मिलेगी। अब 'दिल्ली दूर है या मेरठ दूर है' जैसी कहावतें अप्रासंगिक हो गई हैं। 50 मिनट का यह सफर अवसरों की दूरी भी घटा रहा है।

### विधायक गुलाम मोहम्मद को मंच पर मिला सम्मान

कार्यक्रम के दौरान सिवाल खास विधानसभा से रालोद के विधायक गुलाम मोहम्मद को मंच पर मजबूत स्थान मिला। उन्हें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ठीक पीछे की कुर्सी मिली। इस दौरान वह इस ऐतिहासिक पल में मंच के साझेदार रहे। उन्होंने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ-साथ भाजपा सरकार के इस कार्य को देश की तरक्की से जोड़कर बताया। गुलाम मोहम्मद को मंच पर मजबूत स्थान मिलने के बाद उनके समर्थक भी गदगद दिखाई दे रहे थे।

# हजारों समर्थकों के साथ रैली में पहुंचे कैंट विधायक अमित अग्रवाल

### पीएम की रैली को सफल बनाने के लिए भाजपाइयों ने बहाया पसीना



प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के साथ कैंट विधायक अमित अग्रवाल।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी चुनावी जनसभाओं का आगाज मेरठ से करते आए हैं वहीं देश को पहली रीजनल ट्रेन, आरआरटीएस की सौगात देने के लिए भी पीएम ने मेरठ की धरती चुनी और लोगों को यह संदेश दिया कि मेरठ उनके लिए कितना खास है। रविवार को देश के पीएम नरेंद्र मोदी की रैली में जहां जनसैलाब दिखाई दिया। वहीं इस जनसैलाब को लाने के लिए भाजपा नेता भी सर्दी के मौसम में पसीना बहाते हुए दिखाई दे रहे थे। मेरठ कैंट से भाजपा विधायक अमित अग्रवाल बीते कई दिन से पीएम की रैली को लेकर सड़कों पर लोगों को रैली में आने की अपील कर रहे थे और बता रहे थे कि देश के नेता ने बिना मांगे मेरठ को देश की पहली रीजनल ट्रेन दी है और इतिहास रचा है। भाजपा हमेशा विकास की राजनी. ति करती है और मेरठ को यह सौगात देकर भाजपा ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि वह देश के हर नागरिक को तरक्की की राह पर देखना चाहती है। अमित अग्रवाल ने कहा कि उनके बुलावे पर जिस तरीके से उनके समर्थकों ने रैली में आकर उनका मान बढ़ाया है उसके वह आभारी हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास पुरुष हैं। उन्होंने जो तोहफा मेरठ को दिया है उसके लिए वह उनका आभार व्यक्त करते हैं, धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने मेरठ को एक बार फिर तरक्की की मेट्रो में बैठाकर विकास की क्रांतिधरा बनाया है।

### कैंट विधानसभा की बदल गए सूरत

मेरठ में मेट्रो आने से कैंट विधानसभा के क्षेत्र की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। अब मोदीपुरम से कुछ ही मिनट में बेगमपुल आने का रास्ता साफ हुआ है भारी भीड़ और जाम की समस्या भी अब लोगों का रास्ता नहीं रोकेगी। साथ ही साथ मेट्रो के आने से कैंट विधानसभा में प्रोपर्टी के दाम भी मजबूत हो गए हैं। मेट्रो के आने से मेरठ की जनता बेहद उत्साहित नजर आ रही है।

### कारोबार से लेकर शिक्षा तक का सफर हुआ आसान

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश की पहली रीजनल ट्रेन का शुभारंभ किया और मेरठ के लिए विकास के नए रास्ते खोल दिए। मेट्रो के शुभारंभ से कारोबार से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए भी नए रास्ते खुलेंगे जो लोग दिल्ली और गाजियाबाद की दूरी के चलते बेहतर शिक्षा से दूर हो रहे थे वह छात्र अब कुछ ही मिनट में अपने चुने हुए स्थान तक पहुंच सकते हैं साथ ही दिल्ली को मेरठ के इतने करीब करके पश्चिम उत्तर प्रदेश में विकास के नए रास्ते देश के प्रधानमंत्री ने खोल दिए हैं और जनता भी उनके इस कार्य से बेहद खुश नजर आ रही है।

### अमित अग्रवाल की मेहनत लाई रंग

विधायक अमित अग्रवाल की मेहनत आखिरकार रैली स्थल पर दिखाई दी। पीएम की रैली में कैंट विधायक अमित अग्रवाल के हजारों समर्थक जोश के साथ पहुंचे हर किसी की जुबान पर नमो भारत ट्रेन और मेट्रो का जिक्र था। आम जनता भी यही चर्चा करती दिखी कि भाजपा ने मेरठ को बड़ी सौगात दी है। इससे अब हर क्षेत्र में विकास के नए रास्ते खुलेंगे। वहीं अमित अग्रवाल भी बेहद खुश नजर आए की उनकी मेहनत रंग लाई और उनके बुलावे पर हजारों लोग रैली स्थल पहुंचे। वहीं मंच पर अमित अग्रवाल पीएम नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बेहद करीब दिखाई दिए।

## व्यापार के नए रास्ते खोल गए पीएमः नीरज मित्तल





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत करते नीरज मित्तल।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 0मेरठ के बड़े व्यापारी नेता नीरज मित्र ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ को रीजनल ट्रेन और मेट्रो की सौगात देकर यह बता दिया है कि उनके लिए मेरठ कितना खास है। उनके इस तोहफे से मेरठ में व्यापार के नए रास्ते खुलेंगे। छोटे व्यापारी अब बड़े व्यापारी बन सकेंगे। दिल्ली को बेहद करीब लाकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मेरठ के हर तबके को और खास तौर से पश्चिम उत्तर प्रदेश के हर वर्ग को, व्यापारी की हर उस उम्मीद को प्रगति के रास्ते पर जोड़ दिया है जो आंखों में सपना लेकर तरक्की की राह देख रहे थे। नीरज मित्तल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ विकास पुरुष हैं। देश की सबसे पहली रीजनल ट्रेन की सौगात मेरठ को दी गई है यह एक बड़ा संदेश है। नीरज मित्तल ने कहा कि जिस तरीके से व्यापारियों को भाजपा सरकार में सुरक्षा का अनुभव होता है ऐसा किसी सरकार में नहीं हुआ है। आज देश का व्यापारि निडर होगा अपना व्यापार कर रहा है और तरक्की की राह पर रोज नए इतिहास लिख रहा है। उन्होंने कहा कि अमे. रिका के साथ ट्रेड डील भी नए रास्ते खोलेगी। विश्व की नजर भारत पर है और भारत को विश्व गुरु बनने से अब कोई नहीं रोक सकता। जिस तरीके से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरठ आकर यूपी के लोगों को यह सौगात दी है यह वाकई ऐतिहासिक पल है।

## बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा भी पहुंचा रैली स्थल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली में शामिल हुए। दिलशाद चौहान और नासिर सैफी ने कहा कि मोदी ने मेरठ को देश की पहली रैपिड ट्रेन और मेरठ मैट्रो का बड़ा उपहार दिया है जिसके लिए मेरठ उनका आभारी है।

## नमो भारत उद्घाटन से पूर्व किसान नेता नजरबंद, कार्यक्रम बाद रिहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ में रैपिड ट्रेन (नमो भारत) के उद्घाटन अवसर पर नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित आगमन से पहले प्रशासन ने एहतियातन कई किसान नेताओं को नजरबंद कर लिया। यह कार्रवाई कार्यक्रम से एक दिन पूर्व शाम को की गई, जिससे किसान संगठनों में असंतोष व्याप्त हो गया। भारतीय किसान संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष फजर मोहम्मद, किसान नेता चौधरी निखिल राव, मनोज त्यागी, रहीश चौधरी, मनीष सोम, अंकित खेड़ा, तनसीर खान एवं सतपाल कश्यप को हिरासत में लेकर थाने में बैठाया गया। प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर कार्रवाई की बात कही। हालांकि उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सभी नेताओं को रिहा कर दिया गया। 0

# हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर वकीलों ने किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हाई कोर्ट बेंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में वकीलों के बड़े समूह ने बेगम पुल चौराहे पर पहुंचकर हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मेरठ में है और वह हाई कोर्ट बेंच की न्यायिक मांग को लेकर उनसे मिलना चाहते हैं लेकिन पुलिस उन्हें मिलने नहीं दे रही है इसलिए जिलाधिकारी के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन संघर्ष समिति ने भेजा। वकीलों ने अपने ज्ञापन में कई महत्वपूर्ण मुद्दों के माध्यम से सरकार का ध्यान अपनी और आकर्षित किया और बताया कि उत्तर प्रदेश में कहां-कहां कितनी आबादी है और कितने जिले हैं। पश्चिम उत्तर प्रदेश बड़ा एरिया होने के बावजूद भी यहां पर बेंच की स्थापना नहीं है जबकि अन्य जगहों पर इससे भी काम एरिया में हाई कोर्ट बेंच दी गई है। वकीलों ने साफ कहा कि यह लड़ाई कमजोर नहीं होगी अगर जल्दी सरकार ने हाई कोर्ट बेंच की मांग पर ध्यान नहीं दिया तो बड़ा आंदोलन होगा। साथ ही साथ संघर्ष समिति के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि न्याय की मांग करना जनता का अधिकार है और न्याय तब तक सस्ता नहीं हो सकता जब तक हाई कोर्ट बेंच मेरठ में स्थापित नहीं हो सकती। इस दौरान वकीलों के प्रदर्शन से पुलिस प्रशासन के भी हाथ पांव फूले रहे। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनुज शर्मा, नसीब सैफी, बबलू कुमार रोहटा, रविंद्र कुमार रोहटा, अमरेश चौधरी, औरंगजेब बबलू, साजिद समेत दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

### हाई कोर्ट बेंच की घोषणा न होने पर फैज महमूद ने जताई निराशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेरठ दौरे के दौरान रैपिड मेट्रो परियोजना के उद्घाटन कार्यक्रम में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की घोषणा न किए जाने पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. मैराजुद्दीन अहमद के पुत्र यूथ कांग्रेस नेता एवं अलीगढ़ बुलंदशहर प्रभारी फैज महमूद ने इसे मेरठ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता के लिए निराशाजनक बताया है। फैज महमूद ने कहा कि क्षेत्र के अधिवक्ताओं, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों ने कई बार इस मुद्दे को उठाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेरठ दौरे से लोगों को उम्मीद थी कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लाखों लोगों की पुरानी मांग पूरी होगी, लेकिन मेरठ में हाईकोर्ट बेंच की घोषणा न होना जनता की भावनाओं को आहत करने वाला है।

### रणबीर दहिया ने जयंत चौधरी के लगाए नारे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नमो भारत उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर रालोद के नेता रणवीर दहिया भी लाव लश्कर के साथ जयंत चौधरी के आह्वान पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जयंत चौधरी जिंदाबाद के नारे लगाए उन्होंने कहा कि अब दिल्ली दूर नहीं है अब नमो भारत ट्रेन से गांव और देहात जुड़ गए हैं अब व्यापार की कड़ी और भी मजबूत होगी, किसान भाइयों व्यापारियों और आम आदमी का भला होगा।

### कार्यकर्ताओं के साथ राहुल चौधरी भी पहुंचे



**मेरठ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता राहुल चौधरी भी कार्यकर्ताओं के साथ पीएम के कार्यक्रम में पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यही है सबका साथ सबका विकास का नारा। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह आज साबित कर दिया। नमो भारत ट्रेन नए भारत की कहानी लिखेगी और देश सहित उत्तर प्रदेश में व्यापार के नए रास्ते खोलेगी।

# भाजपा विधायक ने फावड़े से खोदी 38 लाख की सड़क

## फतेहपुर में अफसरों से कहाः बर्दाश्त नहीं करूंगी, लोग बोले- ठेकेदार भी तो कमाएगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**फतेहपुर।** फतेहपुर में भाजपा विधायक कृष्णा पासवान ने एक निर्माणाधीन सड़क फावड़े से खोद डाली। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अफसरों को फटकार भी लगाई। कहा, भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने फावड़े से खोदकर सड़की की मोटाई चेक की। उन्हें सड़क की गुणवत्ता को लेकर शिकायत मिली थी।

विधायक ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जिस पर लोग कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि अब ऐसा करने से कोई फायदा नहीं है। 2027 में जनता बटन दबाएगी। सड़क 4 किमी लंबी बन रही है। इसकी लागत करीब 37 लाख 99 हजार रुपए बताई जा रही है। सहायक अभियंता प्रतीक अग्रवाल का कहना है कि शिकायत मिली है और जांच कर कार्रवाई की जाएगी। मामला धाता विकास खंड में ऐमापुर-रतनपुर मार्ग का है। 500 मीटर सड़क



का निर्माण हो चुका है। कुल 4 किमी तक बननी है। स्थानीय लोगों ने सड़क में इस्तेमाल की जा रही सामग्री और मानकों को लेकर विधायक कृष्णा पासवान से शिकायत की थी। लोगों की नाराजगी देखते हुए कृष्णा पासवान 21 फरवरी को निरीक्षण के लिए पहुंचीं। उन्होंने खुद सड़क की मजबूती और निर्माण में उपयोग हो रही सामग्री की जांच की। फावड़े से सड़क खोदा और मोटाई देखी। जांच में सामने आया कि सड़क निर्माण में मानक के अनुरूप काम नहीं किया गया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क की फोटो और वीडियो भी बनवाए और अपने फेसबुक अकाउंट पर शेयर किया। ऐमापुर-रतनपुर मार्ग का विधायक कृष्णा पासवान ने निरीक्षण किया। सड़क मानकर के अनुरूप नहीं मिली। गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर विधायक ने नाराजगी जताई। अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि सड़क का निर्माण पूरी गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के अनुसार ही कराया जाए, ताकि आम जनता को बेहतर सुविधा मिल सके। विधायक ने बताया, हमने लोक निर्माण विभाग के जेई, एई, एक्सईएन और अन्य अधिकारियों से शिकायत की है। सोमवार को पत्र भी भेजूंगी।

### बीएचयू परिसर में हॉस्टल के बाहर छात्र पर फायरिंग

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्व. विद्यालय (बीएचयू) परिसर में शनिवार रात बिरला 'अ' हॉस्टल के बाहर स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र रौशन मिश्रा पर बाइक सवार युवकों ने चार राउंड फायरिंग कर दी। गोली चलने की आवाज सुनते ही हॉस्टल के कमरों से छात्र बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम और पुलिस मौके पर पहुंच गई। गुस्साए छात्रों ने कार्रवाई की मांग को लेकर घंटों सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। पीड़ित छात्र रौशन मिश्रा ने लंका थाने में तहरीर दी है, जिसके आधार पर पीयूष कुमार तिवारी, ऋषभ और तपस नामक तीन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। रौशन ने बताया कि वह अपने साथी विशाल कुमार के साथ हॉस्टल गेट के बाहर खड़े थे। तभी मोटरसाइकिल पर सवार होकर पीयूष कुमार तिवारी, ऋषभ और तपस आए और उन पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी।

# भाजपा राज में भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन चुका हैः कांग्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के गौरी बाजार विकास खंड स्थित एक विद्यालय में तैनात शिक्षक द्वारा गोरखपुर में आत्महत्या किए जाने के मामले में कांग्रेस ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। शिक्षक ने आत्महत्या से पूर्व जारी सुसाइड नोट और वीडियो में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह ने रविवार को यहां जारी वक्तव्य में कहा कि भाजपा शासन में भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन चुका है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार सामने आ रहे मामलों से स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार चरम पर है। संबंधित शिक्षक को उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद वेतन नहीं मिला, जो अत्यंत गंभीर और हृदयविदारक घटना है। श्री सिंह ने कहा कि देवरिया जिले के शिक्षक कृष्णमोहन सिंह द्वारा आत्महत्या से पहले जारी सुसाइड नोट और वीडियो में बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों पर लगाए गए आरोप अत्यंत गंभीर हैं। यदि विभागीय भ्रष्टाचार और उत्पीड़न किसी शिक्षक को आत्महत्या जैसा कदम उठाने पर मजबूर कर रहा है तो यह पूरे तंत्र पर प्रश्नचि]न है। उन्होंने मांग की कि मामले में तत्काल मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए। साथ ही मृतक शिक्षक के परिजनों को स्थाई नौकरी और एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। गौरतलब है कि कुशीनगर निवासी कृष्णमोहन सिंह गोरखपुर में रह रहे थे तथा देवरिया जिले के गौरी बाजार ब्लॉक स्थित कृषि लघु माध्यमिक विद्यालय मदरसन में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने गोरखपुर के गुलरिहा क्षेत्र के शिवपुर सहबाजगंज नहर रोड स्थित आवास पर आत्महत्या से पूर्व चार पृष्ठ का सुसाइड नोट लिखा और एक वीडियो बनाया।

### मासूम की सूझबूझ से टली अनहोनी, मां पर हमले की सूचना पुलिस को दी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में पांच साल की एक बालि. का की सूझबूझ और साहस से उसकी मां की जान बच गई। घटना शनिवार शाम को कोतवाली शहर क्षेत्र में हुई, जहां संपत्ति विवाद के चलते महिला पर कथित रूप से उसके ममेरे ससुर और उनके पुत्र ने हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार कोतवाली शहर क्षेत्र के नुमाइश पुरवा निवासी पूजा श्रीवास्तव का अपने दिवंगत पति अभिषेक श्रीवास्तव के पैतृक मकान को लेकर पति के मामा विनोद श्रीवास्तव से विवाद चल रहा है। पूजा के पति, ससुर और सास का पहले ही निधन हो चुका है। महिला का आरोप है कि उसकी संपत्ति पर ममेरे ससुर ने कब्जा कर रखा है।

# राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला में शिक्षकों ने प्रस्तुत किए सामाजिक विज्ञान के अभिनव मॉडल

चन्दौसी। शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन उ०प्र० द्वारा सामा. जिक विज्ञान विषय की राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला में शिक्षकों ने सामाजिक विज्ञान के नवाचारों का उत्कृष्ट तरीके से प्रस्तुतीकरण किया। राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला का आयोजन सिंह फार्म हाउस चन्दौसी में किया गया।

कार्यशाला का शुभारम्भ अतिथियों ने मॉ सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, शिक्षा गीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये सूर्यभूषण सिंह, हिमांशु भारद्वाज, दीपाली गुप्ता, अंशुल गुप्ता, पल्लवी सागर, मृदुल, शब्बीर, विचित्रवीर, करनपाल, सुरेखा आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सामाजिक विज्ञान विषय के अपने-अपने कार्यों का पीपीटी व टीएलएम के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य डॉ0 जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन द्वारा विषयगत कार्यशालाओं का आयोजन अति सराहनीय है। सामाजिक विज्ञान विषय में आपके द्वारा प्रशंसनीय कार्य किया जा रहा है। स्वाती गुप्ता ने तनाव प्रबन्धन व शिक्षक तथा बच्चों का आपसी सम्बन्ध सत्र को संबोधित करते हुए महत्त्वपूर्ण जानकारी दी व गतिविधि करायीं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सम्भल अलका शर्मा ने सफल कार्यशाला आयोजन हेतु शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन की टीम को बधाई देते हुए कहा कि कार्यशाला में शिक्षकों द्रारा प्रस्तुत किये गये सामजिक विज्ञान के नवाचारों को शिक्षण में लागू करें ताकि बच्चों को उनका लाभ मिले। प्रवक्ता सामाजिक विज्ञान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मुरादावाद डॉ0 अनिल यादव, प्रवक्ता राशिद अली व असिस्टेन्ट प्रोफेसर डॉ0 सुरभि यादव ने सामाजिक विज्ञान विषय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ0 कमल किशोर ने शिक्षकों के प्रस्तुतीकरण की सराहना की। अन्त में शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला आयोजक प्रदेश अध्यक्ष शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन मनोज कुमार सिंह ने सभी अतिथियों व नवाचारी शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सुनीता शर्मा ने किया। कार्यक्रम में शरद चौहान, अंजू शर्मा, कविता शर्मा, तृप्ती सिंह, प्रियंका, प्रीती मिश्रा, नीरू, शुभ्रा, स्मिता गोयल, चन्द्रमुखी, मोनिका सिंघल, प्रमिला सिंह, आदि शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

### गौसेवा गतिविधि ने गौशाला को हरा चारा दान कराकर कराया बीमार गोवंशों का इलाज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कांठ।** गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा के नेतृत्व में आज गौ सेवा गतिविधि की टीम सादकपुर खिचड़ी गौशाला पहुंची और दो बीमार गोवंशो का उपचार कराकर गोवंश के लिए हरे चारे का दान कराया। बताया कि गौ सेवा गतिविधि की टीम लगातार क्षेत्र में घूम रहे निराश्रित, घायल बीमार गौवशो का उपचार कराकर उन्हें गौशाला में संरक्षित कराती है। वर्तमान में इस गौशाला में 319 गोवंश संरक्षित हैं। गौ सेवा गति. विधि का कहना है कि गांव में सरकार द्वारा गौशालाओं के चारे को ग्राम समाज की भूमि दी गई है। उन पर चारा उगा कर गौशाला पहुंचाया जाए। ताकि वहां रह रहे निराश्रित गोवंश को हरे चारे की व्यवस्था ठीक से हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### अदाणी ग्रुप ने एएएलपी 2025-27 बैच के तहत की स्कॉलरशिप की घोषणा

**लखनऊ।** अदाणी ग्रुप ने समावेशी नेतृत्व विकास और राष्ट्र निर्माण की अपनी प्रतिबद्धता के तहत अदाणी एक्सेलरेटेड लीडरशिप प्रोग्राम (एएएलपी) 2025-27 बैच के लिए देश के प्रमुख बिजनेस स्कूलों के 24 छात्रों को फुली-फंडेड स्कॉलरशिप प्रदान करने की घोषणा की है। जारी विज्ञप्ति के अनुसार चयनित छात्र आईआईएम बेंगलुरु, आईआईएम कोल. काता, आईआईएम लखनऊ और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस से हैं। इन्हें अहमदाबाद स्थित समूह मुख्यालय में करण अदाणी द्वारा सम्मानित किया गया। श्री अदाणी अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन के प्रबंध निद. शक और अदाणी सीमेंट के निदेशक हैं। एएएलपी स्कॉलरशिप का उद्देश्य आर्थिक रूप से वंचित लेकिन प्रतिभाशाली और नेतृत्व क्षमता से संपन्न प्रबंधन छात्रों को सहयोग देना है। चयन प्रक्रिया में शैक्षणिक उत्कृष्टता और आर्थिक आवश्यकता दोनों को महत्व दिया गया है, ताकि पृष्ठभूमि की सीमाओं से परे प्रतिभा को अवसर मिल सके। 2025-27 बैच में आयुष श्रीवास्तव (आईआईएम लखनऊ) शामिल हैं, जिन्होंने 500 से अधिक इंजीनियरों को जटिल ऑयल एवं गैस सिस्टम में प्रशिक्षण दिया है और यूरोप के ऑफशोर ऑपरेशंस में महत्वपूर्ण तकनीकी उन्नयन का नेतृत्व किया है। इसी प्रकार आनंद बाबू कामिनेनी (आईआईएम कोलकाता) ने जेईई, कैट और यूपीएससी जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं में शीर्ष 0-1 प्रतिशत में स्थान प्राप्त किया है। बैच में मधु गुप्ता और कनव बंसल भी शामिल हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय पेशेवर उपलब्धियां हासिल की हैं। समूह के अनुसार एएएलपी के अंतर्गत छात्रों को आर्थिक सहायता के साथ उद्योग अनुभव, मेंटरशिप और बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर एवं व्यावसायिक प्लेटफॉर्म पर कार्य करने का अवसर भी प्रदान किया जाता है, जिससे शैक्षणिक अध्ययन और व्यावहारिक अनुभव के बीच सशक्त सेतु स्थापित होता है।

### पुलिस पर पत्थरबाजी, चार घायल

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के सैनी क्षेत्र के गौराहार गांव में अवैध कब्जे की जांच करने पहुंची राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम पर आरोपी पक्ष द्वारा की गई पत्थरबाजी में तीन पुलिसकर्मी और एक राजस्व निरीक्षक घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि गौराहार गांव निवासी जय सिंह ने वर्ष 2004 में ग्राम सभा की भूमि पर मकान बनाया था और उसे बंद कर परिवार सहित रोजगार के लिए हरियाणा चला गया था। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस की फुलनी देवी ने मकान का ताला तोड़कर उस पर कब्जा कर लिया। जय सिंह के वापस लौटने पर उसने एसडीएम सिराथू से लिखित शिकायत की। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एसडीएम के निर्देश पर पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित की गई। शनिवार को नायब तहसीलदार अतुल वर्मा के नेतृत्व में टीम ने गांव पहुंचकर विवादित मकान की पैमाइश की। जांच में मकान ग्राम सभा की भूमि पर निर्मित पाया गया, जिस पर फुलनी देवी द्वारा कब्जा किया गया था। बताया गया है कि पैमाइश के दौरान आरोपी पक्ष के लोग उग्र हो गए और पुलिस व राजस्व टीम पर पथराव कर दिया। घटना में आरक्षी भानु, लोकेंद्र, कामता तथा राजस्व निरीक्षक रियाज अहमद घायल हो गए। सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया गया।

### विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने दिया नमाजे तरावीह पढ़ने वालों के लिए तोहफा!

**बिलारी।** मोहम्मद फहीम इरफान ने नवाजे तरावीह पढ़ने वालों के लिए एक विशेष तोहफा दिया। उन्होंने नमाजे तरावीह पढ़ने वालों के लिए तोहफा मुन्तरवब कंजुल ईमान फी तर्जमतिल कुरआन बराये तरावीह मौलानाओं को गिफ्ट की। इस अवसर पर मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा, नवाजे तरावीह पढ़ने वालों के लिए यह तोहफा हमारी ओर से एक छोटा सा उपहार है। हम चाहते हैं कि वे इस पवित्र महीने में अल्लाह की इबादत में लगे रहें और उनकी दुआएं कबूल हों। इस अवसर पर मोलाना मोहम्मद साजिद, मोलाना नसीम, हाफिज करीम बक्स,शाकिर मालिक, मुजीब प्रधान, कुर्बान अली प्रधान, माजिद, सरफराज, आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### सामाजिक कुरीतियों से दूर रहकर मनाए होली पर्वः विजय

**बिलारी।** नगर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित प्रेम शांति सदन में होली पर्व से पूर्व अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार शाखा बिलारी की गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों, नशा पान, मधपान व वातावरण की शुद्धि को घर-घर यज्ञ करने पर गहनता से विचार विमर्श हुआ कहा कि आज युवा कुरीतियों में फंस कर अपने जीवन को बर्बाद कर रहे हैं। उन्हें उचित मार्गदर्शन की अति आवश्यकता है। रविवार को आयोजित गोष्ठी में बोलते हुए गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि आज समाज का युवा नशापान मधपान व अनेकों सामाजिक कुरीतियों में फंस कर अपने जीवन को बर्बाद कर रहा है । जिसे रोकना समाज की नैतिक जिम्मेदारी बनती है। गायत्री परिवार मद्य निषेध कार्यक्रम व वातावरण की शुद्धि को घर-घर यज्ञ करने का कार्यक्रम आयोजन करेगा। बताया कि आज युवा संत गुरुओं के संपर्क से दूर होता जा रहा है। जिससे वह अनेकों बुराइयों में फंसता जा रहा है, क्योंकि गुरु व संतो के सानिध्य से ज्ञान लाभ व अपनी संस्कृति का बोध होता है। इसी बीच गायत्री परिजनों ने देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए 10 मिनट गायत्री महामंत्र मौन का जाप किया।

### शिव पार्वती रसोई में निःशुल्क भोजन का आयोजन

मुरादाबाद। प्रत्येक रविवार की भांति आज शिव पार्वती रसोई में सेवा भाव के साथ निःशुल्क रसोई का आयोजन किया गया। आज की रसोई में उड़द, राजमा एवं चावल का भोग श्रद्धालुओं को प्रसाद रूप में वितरित किया गया। इस अवसर पर रसोई के अध्यक्ष एवं संस्थापक पुष्प यादव ने कहा कि "भूखे को भोजन कराना ही सच्ची शिव-भक्ति है। सेवा के माध्यम से समाज में प्रेम और मानवता का संदेश दिया जाता है।

# लोहिया नगर रॉयल्स व लोहिया नगर टाइगर्स के बीच हुआ क्रिकेट मैच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** लोहिया नगर प्रखंड द्वारा दो टीमों का लोहिया नगर रॉयल्स और लोहिया नगर टाइगर्स के बीच क्रिकेट मैच 12- 12 ओवर का शिया पीजी कॉलेज सीतापुर रोड में आयोजित किया गया।

जिसमें लोहिया नगर रॉयल्स टीम ने पहले बैटिंग चुनकर ओपनर अमर नाथ मिश्रा चीफ वार्डन नागरिक सुरक्षा गुरप्रीत शेटी डिप्टी चीफ वार्डन जिनका सामना बॉलर सुनील कुमार तिवारी डिविजनल वार्डन प्रखंड लोहिया नगर ने शुरू किया विमल कुमार वर्मा घटना नियंत्रण अधिकारी ने 58 रन बनाते



हुए अपनी टीम को 137 रन तक पहुंचने में महत्वपूर्ण योगदान दिया उसके बाद लोहिया नगर टाइगर्स के ओपनिंग में डॉ पंकज कुमार डिप्टी डिविजनल वार्डेन और अनुभव द्विवेदी ने अच्छी शुरुआत की। अनुभव द्विवेदी ने 30 गेंद में 68 रन बनाए। क्ब्ने अच्छी फील्डिंग करते हुए और टीम का हौसला बढ़ाते हुए मैच को 2 ओवर पहले ही 7 विकेट से विजय दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। नागरिक सुरक्षा लखनऊ ।क्ब रेखा पांडे द्वारा विजेता टीम के कैप्टन नबी हसन को ट्राफी प्रदान की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नवल किशोर त्रिपाठी द्वारा उप विजेता कैप्टन आमिर अब्बास को ट्राफी प्रदान की गई इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित अजीत सिंह (हमराह) द्वारा मैच में उत्ख्रष्ट प्रदर्शन करने के लिए मैन ऑफ द मैच अनुभव द्विवेदी और बेस्ट बॉलर पंकज पंत को ट्राफी देखकर सम्मानित किया। डिविजनल वार्डेन सुनील कुमार तिवारी, डिप्टी डिविजनल वार्डेन डॉ पंकज कुमार, स्टाफ ऑफिसर कमलेश सिंह ने प्रतीकचिन्ह देकर सम्मानित किया। एम्पायर के रूप में अनंत सिंह तोमर, मुनीम पांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डिविजनल वार्डेन दिनेश माथुर राजाजीपुरम, नफीस अहमद गोमत. ीनगर, डिप्टी डिविजनल वार्डेन मजीद अली बीकेटी, ऐश्वर्य गोमत. ीनगर, स्टाफ ऑफिसर प्रदीप शर्मा महानगर, प्रखंड लोहिया नगर से सत्य कुमार तिवारी,सरोज शर्मा, सौरभ अग्रवाल,ऋषि श्रीवास्तव अमिताभ राय, मनीष चंद्र लाल,दीपक वर्मा मो शोएब जलाली,सनत कुमार सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### जौनपुर में चाकू मारकर युवक की हत्या

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के बरसठी थाना क्षेत्र के जमुनीपुर गांव में रविवार को चाकू मार कर युवक की हत्या कर शव को बगल के गांव मगरमू में स्थित तालाब पर फेंक दिया था। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार जिले में बरसठी थाना क्षेत्र के जमुनीपुर गांव निवासी शुभम शुक्ला (26) घर के पास स्थित प्राइमरी स्कूल के पास कुछ बच्चे खेल रहे थे वहीं पर मौजूद था। लगभग 1 घंटे बाद कुछ बच्चों ने आकर उनके घर सूचना दिया कि शुभम शुक्ला गांव में स्थित एक पोखरी के पास खून से लथपथ अवस्था में पड़ा हुआ है। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। परि. जनों ने देखा कि एक चाकू सीने के बीचो-बीच पेट में लगा हुआ है और दूसरा चाकू नाभि के पास लगा हुआ है।

# रामगंगा पर बांध बनाकर गांवों को बाढ़ से सुरक्षित करने का काम करें सरकार

( शाह टाइम्स )

**कांठ।** विधानसभा सत्र में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण पर चर्चा के दौरान विधायक कांठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री माननीय कमाल अख्तर ने क्षेत्र की गंभीर समस्याओं को विस्तार से उठाया, उन्होंने कहा कि हर वर्ष बरसात में कांठ विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांव बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं, नहरों की समय पर सफाई नहीं होती, तटबंधों की मरम्मत में लापरवाही बरती जाती है, जल निकासी व्यवस्था कमजोर है और पंपिंग स्टेशनों की क्षमता अपर्याप्त है, जिसके कारण किसानों की फसलें बर्बाद होती हैं और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है,उन्होंने सरकार से सवाल किया कि सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण के लिए जो लंबा-चौड़ा बजट आवंटित किया जाता है, उसका पूरा उपयोग ही नहीं हो पाता, नए नलकूप स्थापित नहीं हो पा रहे हैं, किसानों को समय पर सिंचाई का पानी नहीं मिल रहा है और बाढ़ से नष्ट हुई फसलों का समुचित मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा है, तो फिर इतने बड़े बजट का औचित्य क्या है।

उन्होंने कहा कि मुरादाबाद में हाल ही में एक विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है और उसे सुरक्षित रखने के लिए चड्ढा के पुल से बांध बनाया जा रहा है, किसानों की लाखों-करोड़ों रुपये की फसल बच सकती है और सरकार के बजट का वास्तविक सदुपयोग भी सुनिश्चित होगा, उन्होंने काजीपुरा वढेरा क्षेत्र में रामगंगा नदी में आई बाढ़ का उल्लेख करते हुए बताया कि इस त्रासदी में एक सिपाही की मृत्यु हुई तथा सलेमपुर गांव के वाल्मीकि समाज के एक युवक की भी जान चली गई। उन्होंने दोनों दिवंगतों के परिजनों को समुचित आर्थिक मुआवजा, सरकारी सहायता और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की, उन्होंने कहा कि बाढ़ का पानी सूख जाने के बाद भी कांठ विधानसभा के गांव रजोहा, जमशेदपुर, मिर्जापुर, सिडलऊ, धारकनगला से लेकर अहमदपुर तक चंगेरी और आसपास के क्षेत्रों में महीनों तक कीचड़ और गाद जमा रहती है।

### जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर ने कथावाचक कृष्णाकांत शास्त्री का किया स्वागत

**चन्दौसी।** रविवार को कथावाचक कृष्णाकांत शास्त्री का जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर की सदस्य नंदिनी अग्रवाल के आवास विकास स्थित आवास पर आगमन हुआ, जहां ग्रुप की पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनका शॉल ओढ़ाकर व पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में शास्त्री ने कहा कि हमें अपने सनातन धर्म के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा समय-समय पर कथा, जागरण, हवन और पूजन जैसे धार्मिक आयोजनों में भाग लेना चाहिए।

### 26 फरवरी को युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष का मुरादाबाद में संगठनात्मक दौरा

**मुरादाबदा।** राष्ट्रीय लोक दल की युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष श्री रविंद्र सिंह पटेल जी दिनांक 26 फरवरी को मुरादाबाद जनपद के दो दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर आ रहे हैं।

यह जानकारी प्रदेश सचिव एवं निवर्तमान क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा राष्ट्रीय लोकदल अजीत सिंह एडवोकेट ने दी। प्रदेश अध्यक्ष का यह दौरा रूहेलखंड क्षेत्र के जनपद मुरादाबाद एवं अमरोहा में रहेगा। दौरे का मुख्य उद्देश्य युवाओं को संगठन से जोड़ना, संगठनात्मक ढांचे को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत रणनीति तय करना है। जिसमें रूहेलखंड क्षेत्र के सभी जिलों एवं मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं युवा साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। इसके उपरांत दोपहर 2:00 बजे प्रेस वार्ता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए संगठन की आगामी रणनीति एवं महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे।युवा राष्ट्रीय लोकदल का यह कार्यक्रम संगठन को नई ऊर्जा, नई दिशा एवं नई गति प्रदान करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# राजकीय आईटीआई में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल के तत्वाधान एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सम्भल स्थित चन्दौसी डॉ विदुषी सिंह के निर्देशन में रविवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चन्दौसी जनपद सम्भल में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

मेगा शिविर का शुभारम्भ अपर जनपद न्यायाधीश रागिनी सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव, सिविल जज सी०डि० आदित्य सिंह, सिविल जज जू०डि० दिव्या गर्ग व न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या चिंडालिया, अपर जिला अधिकारी (न्यायिक) सौरभ कुमार पाण्डे, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल संजीव कुमार सिंह आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे। उक्त वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा व्हील चेयर, श्रवण यन्त्र तथा बैसाखी, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व बच्चों का अन्न प्रासन, स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श व दवाइयों का वितरण किया गया व आयुष्मान कार्ड बनाये गये तथा शुगर, बी०पी०, टाईफाइड, मलेरिया आदि की निःशुल्क जांच भी की गयी पशुपालन विभाग द्वारा लाभार्थियो को क्रिमी नाशक दवा वितरण, जल जीवन मिशन ग्रामीण द्वारा एचटूएस वॉयल का वितरण जल में जीवाणु परीक्षण हेतु किया गया तथा कार्यक्रम में लघु सिचाई विभाग, कृषि विभाग, पराग डेरी, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजी. विका मिशन, बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, जिला ग्रामोद्योग विभााग, विधुत विभाग, समाज कल्याण विभाग, राजकी पॉलीटेक्निक चदौसी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चन्दौसी, परिवहन विभाग, जिला कारागार मुरादाबाद, डाक विभाग, आदि विभागो द्वारा सहभाग व अपनी योजनओं का प्रचार-प्रसार व लाभार्थियों को लाभ देने हेतु नवीन पंजीकरण किया गया।

# गांजा तस्करी गिरोह का पर्दाफाश

**तीन आरोपी गिरफ्तार**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) मेरठ और थाना सूरजपुर पुलिस ने एक सूचना के आधार पर संयुक्त कार्रवाई में अवैध गांजे की बिक्री करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 80 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे की कीमत 12 लाख रुपए बताई जा रही है।

इसके अलावा थाना सेक्टर-39 पुलिस ने एक सूचना के आधार पर बंगाल से गांजा लाकर एनसीआर में बेचने वाले एक डिलीवरी बॉय को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 4 किलो 262 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है।

जानकारी के अनुसार थाना सूरजपुर पुलिस व एएनटीएफ टीम मेरठ द्वारा की गयी एक संयुक्त कार्यवाही में अवैध गांजे की तस्करी करने वाले दो बरमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्त रविन्द्र नागर पुत्र सुरेश सिंह उम्र 32 वर्ष, मोन्टी पुत्र चन्द्रहास उम्र करीब 22 वर्ष को मोजरबीयर गोलचक्कर सर्विस रोड के पास कस्बा सूरजपुर से गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से 80.5 किलोग्राम अवैध गांजा (कीमत लगभग 12 लाख रूपये) व गांजा तस्करी में प्रयुक्त एक क्रेटा कार बरामद की गई है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त पश्चिम बंगाल व मध्य प्रदेश से सस्ते दामों पर गांजा लाकर एनसीआर क्षेत्र में अच्छे दामों में ट्रक चालकों व मजदूरों को बेचते है।

इसके अलावा थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि एक सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने राजकिशोर कुमार पुत्र रामनिवास सिंह को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इसके पास से 4 किलो 262 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि इसकी गिरफ्तारी सेक्टर 37 बस स्टैंड के पास से हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि आरोपी काफी दिनों से अवैध रूप से गांजा बेचने का काम करता है। यह मामूरा गांव में रहता है ,तथा जेप्टो कंपनी में डिलीवरी बॉय का कार्य करता है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि डिलीवरी के दौरान जितनी रकम उसको मिलती है उससे उसका गुजारा नहीं होता है, इसलिए वह बंगाल से गांजा लाकर पुड़िया बनाकर एनसीआर के विभिन्न जगहों पर बेचता है।

# साइबर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, लाइव ठगी से देशभर के 122 लोगों को बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस की साइबर सुरक्षा इकाई ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए देशभर के 122 लोगों को लाइव साइबर ठगी से बचाया है। यह अभियान नवंबर 2025 से 20 फरवरी 2026 के बीच चलाया गया। इस अभियान में इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर और नैशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया का भी सहयोग लिया गया।

जांच में सामने आया कि पीड़ित लोग शेयर ट्रेडिंग में अधिक मुनाफे के लालच में साइबर ठगों को लगातार पैसे ट्रांसफर कर रहे थे। कई लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से फर्जी निवेश योजनाओं में फंस गए थे।साइबर सुरक्षा डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि टीम ने साइबर और फाइनेंशियल इंटेलिजेंस के आधार पर संदिग्ध लेनदेन और पैटर्न की पहचान की।

इसके बाद एनपीसीआई के जरिए सीधे पीड़ितों से संपर्क कर उन्हें बताया गया कि वे ठगी का शिकार हो रहे हैं।

**कई राज्यों के पीड़ितों की पहचान:** जांच के दौरान तमिलनाडु, गुजरात, तेलंगाना, ओडिशा और राजस्थान सहित कई राज्यों के 122 लोगों की पहचान की गई। इनमें से कई लोग महीनों से ठगी के जाल में फंसे थे, लेकिन उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। नोएडा साइबर पुलिस ने शिकायत का इंतजार किए बिना खुद पीड़ितों से संपर्क कर उन्हें अलर्ट किया और आगे की कानूनी प्रक्रिया की जानकारी दी।

**केस 1:** ओडिशा में 'डिजिटल अरेस्ट' से बचाया एक मामले में ओडिशा के एक व्यक्ति को तथाकथित 'डिजिटल अरेस्ट' का डर दिखाकर ठगा जा रहा था। साइबर टीम ने उसे फोन कर बताया कि यह फर्जीवाड़ा है, कानूनी प्रक्रिया समझाई और साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी।

**केस 2:** नोएडा निवासी को निवेश जाल से बचाया नोएडा के एक व्यक्ति को फेसबुक पर एक निवेश योजना दिखाई गई। उसने 3.48 लाख रुपये निवेश कर दिए थे। साइबर टीम को संदिग्ध लेनदेन की जानकारी मिली तो तुरंत संपर्क कर उसे सतर्क किया गया और आगे की रकम ट्रांसफर करने से रोका गया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान साइबर अपराध के खिलाफ सक्रिय और प्री-एम्प्टिव कार्रवाई का उदाहरण है, जिसमें लोगों को 'लाइव घोटाले' से बाहर निकाला गया।

## कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी

**नोएडा।** नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के झट्टा गांव में करीब 17 दिन पहले घर में घुसकर मारपीट और फायरिंग के मामले के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से पीड़ित परेशान हैं। उन्होंने सोमवार को पुलिस कमिश्नर के कार्यालय के घेराव की चेतावनी दी है। पीड़ित आकाश के मुताबिक पांच फरवरी को ग्राम झट्टा में सचिन रावत और उसके परिजनों के साथ लाठी-डंडे और धारदार हथियार से घर में घुसकर मारपीट और जान लेवा हमला किया गया। इस घटना के बाद से आरोपी अजय, सागर और करन को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पीड़ित का पूरा परिवार घटना से सहमा हुआ है। आरोप है कि आरोपियों के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार करने के बजाय उन्हें संरक्षण दे रही है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों पर अवैध बाजार, अवैध पार्किंग से वसूली का भी आरोप लगाया है।

# श्रीरामकथा से पूर्व हुआ भव्य कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** 22 फरवरी भारतीय धरोहर के तत्वावधान में 23 फरवरी से आयोजित होने वाली श्रीरामकथा के शुभारंभ से एक दिन पूर्व आज सेक्टर-34, नोएडा में भव्य कलश यात्रा का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा निकाली, जिससे पूरा क्षेत्र राममय वातावरण से गूंज उठा।



यात्रा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों और "जय श्रीराम" के उद्घोष के बीच श्रद्धालुओं ने विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक यात्रा निकाली। मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

श्रीरामकथा आयोजन समिति की सुजाता शर्मा ने बताया कि यह कलश यात्रा श्रीरामकथा के सफल एवं मंगलमय आयोजन की कामना के साथ निकाली गई है।

प्रख्यात कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज जी द्वारा श्रीरामकथा के दौरान धर्म, संस्कृति और भारतीय मूल्यों पर आधारित प्रवचन होंगे, जिससे समाज में नैतिक चेतना एवं सांस्कृतिक जागरूकता को बल मिलेगा।

इस अवसर पर आयोजन समिति से जुड़ी शर्मिला शर्मा, सिमरन,अमिता उपाध्याय, नीतू कश्यप, अनीता शर्मा, कमलेश शर्मा, ऋतु उपाध्याय, राजबाला शर्मा, नीतू ढाका, अनीता भट्ट, अनुभा उपाध्याय, पूजा भट्ट सहित गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रीय श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया। भारतीय धरोहर परिवार ने समस्त श्रद्धालुओं से श्रीरामकथा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

## एक नजर

### कमिश्नरेट में कई अधिकारियों के तबादले

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने प्रशासनिक जरूरतों और जनहित को देखते हुए कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के रविवार को तबादले किए। इस संबंध में मीडिया सेल की ओर से जानकारी दी गई। आईपीएस अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह को पुलिस उपायुक्त लाइन और आरटीसी के साथ-साथ अब पुलिस उपायुक्त यातायात की भी जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, आईपीएस अधिकारी अनुकृति शर्मा को प्रभारी पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा बनाया गया है। आईपीएस अधिकारी शैव्या गोयल को महिला सुरक्षा की जिम्मेदारी से मुक्त कर प्रभारी पुलिस उपायुक्त एफआरआरओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि, वह साइबर, नॉरकोटिक्स और अभिसूचना एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी पहले की तरह संभालती रहेंगी। पीपीएस अधिकारी मनीषा सिंह अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा के पद पर कार्य करेंगी। इसके अलावा पीपीएस अधिकारी श्रीमती पूनम मिश्रा को जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट ऑफिसर के साथ-साथ अपर पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

### युवती ने की आत्महत्या

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** थाना सेक्टर 63 क्षेत्र के बहलोलपुर कॉलोनी में एक युवती ने पंखे में लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवती 16 वर्ष (नेनु काल्पनिक नाम) अपनी माता-पिता के साथ कॉलोनी में रहती थी, बीती रात उसने किसी बात को लेकर पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आसपास के लोगों का कहना है कि युवती का किस प्रेम संग चल रहा था, जिसको लेकर परिवार वाले खुश नहीं थे, परिवार. जनों का आरोप है कि युवती के साथ किसी ने गलत काम किया है।

### एनसीआर में दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद से साफ रही हवा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शहर का वायु प्रदूषण लगातार येलो और ऑरेंज जोन में चल रहा है। रविवार को ग्रेनो का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) येलो से ऑरेंज जोन में पहुंच गया। ग्रेनो का एक्यूअई 210 रहा जो दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा और गुरुग्राम के बाद सबसे कम रहा है। हालांकि, हवा की रफ्तार कम होने से तापमान बढ़ने लगा है। लोगों को गर्मी सताने लगी है। फरवरी माह में अब तक ग्रेटर नोएडा का वायु प्रदूषण केवल दो दिन ही रेड जोन में रहा है। वहीं, 9 दिन येलो जोन और 11 दिन ऑरेंज जोन में रहा है। 19 फरवरी को एक्यूआई येलो तो 20 को ऑरेंज जोन में रहा था, लेकिन शनिवार को एक्यूआई येलो जोन में 188 रहा था। जो रविवार को फिर बढ़कर ऑरेज जोन में 210 पहुंच गया। उधर हवा की रफ्तार अधिकतम 7 किमी प्रति घंटा रही जिससे गर्मी भी बढ़ गई है। लोगों को दिन में तेज गर्मी का अहसास हुआ। लोग गर्म कपड़ों के बिना दिखे। हालांकि, देर रात को लोग हल्के गर्म कपड़ों का उपयोग कर रहे हैं।

### ओमिक्रॉन-1ए के 90 फ्लैटों की ई-नीलामी की तारीख 23 मार्च तक बढ़ी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेनो प्राधिकरण ने सेक्टर ओमिक्रॉन-1ए में बचे हुए फ्लैटों की ई-नीलामी की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। दो बीएचके के 90 फ्लैटों को खरीदने के लिए अब लोगों के पास एक महीने का और मौका है। प्राधिकरण से जारी सूचना के मुताबिक 28 जनवरी से शुरू हुई योजना में 18 फरवरी तक पंजीकरण ई-नीलामी में शामिल होने के लिए किया जा सकता था। अब इसमें एक और मौका इच्छुक आवेदकों को दिया गया है। संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक अब बुकलेट डाउनलोड करने और पंजीकरण के लिए 18 मार्च तक समय रहेगा। पंजीकरण के बाद 20 मार्च तक पंजीकरण धनराशि जमा करनी होगी। इसके बाद 23 मार्च तक जरूरी दस्तावेज अपलोड करने का मौका दिया जाएगा। ई-नीलामी की तारीख अलग से प्राधिकरण घोषणा करेगा। अधिकारियों का कहना है कि 130 मीटर पर मौजूद यह फ्लैट प्राइम लोकेशन के हैं।

### बारात चढ़त में लाइट पकड़कर खड़े किशोर की करंट से मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बारात चढ़त के दौरान बैंड बाजे के साथ झूमर लाइट पकड़कर खड़े किशोर की जनरेटर का करंट लगने से मौत हो गई। किशोर आर्थिक तंगी के चलते बैंड बाजा वालों के साथ मजदूरी करता था। मामले की शिकायत पुलिस से नहीं की गई है। जानकारी अनुसार कस्बा रबूपुरा के मोहल्ला गांधीनगर निवासी शौकीन का 14 वर्षीय पुत्र उजैव पब्लिक इंटर कॉलेज में आठवीं का छात्र था। परिवार में आर्थिक तंगी के चलते वह बैंड बाजे में लाइट पकड़ने की मजदूरी करता था। वह शनिवार शाम को क्षेत्र के महमदपुर गांव में आई बारात में चढ़त के दौरान झूमर लाइट पकड़े खड़ा था। इसी बीच लोहे के पाइप में करंट उतर गया वह झुलस गया। करंट लगने से उजैव बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। इससे बारात में हड़कंप मच गया। लोगों ने उसे झाझर के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## सोसाइटी में कवर्ड पार्किंग की मांग, निवासियों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददातो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट स्थित आम्रपाली रिवरव्यू सोसाइटी के निवासियों ने सोसाइटी में कवर्ड पार्किंग की कमी को लेकर प्रदर्शन किया। निवासियों का आरोप है कि कोर्ट रिसीवर ने पिछले साल एनबीसीसी को पत्र के माध्यम से लिखित निर्देश दिए गए थे कि मौजूदा पोडियम के ऊपर एक और पोडियम बनाया जाए, जिसमें ग्राउंड लेवल पर कवर्ड पार्किंग और प्रथम तल पर ग्रीन पार्क व अन्य सुविधाएं विकसित की जाएं। इन निर्देशों के बावजूद अब तक इस योजना पर एनबीसीसी द्वारा कोई ठोस प्रगति दिखाई नहीं दे रही है और निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है।

उन्होंने बताया कि जिस मौजूदा पोडियम क्षेत्र को पहले पार्क और आधुनिक सुविधाओं के लिए प्रस्तावित किया गया था, उसे ओपन पार्किंग के रूप में चिह्नित किया जा रहा है। पार्किंग समस्या के अलावा, निवासियों ने सोसाइटी में ग्रीन एरिया न होना,फायर सेफ्टी सिस्टम की कमी, सभी लिफ्ट में पानी जाने और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़ी समस्याओं को भी गंभीर मुद्दा बताया। उनका कहना है कि खराब एसटीपी की वजह से लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। निवासियों ने सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप करने, कोर्ट रिसीवर के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने और हजारों होमबायर्स के हितों की रक्षा करने की अपील की है। साथ ही, उन्होंने कवर्ड पार्किंग निर्माण और वादा की गई सुविधाओं की बहाली के लिए स्पष्ट समयसीमा घोषित करने की मांग की है।

## किसान नेता की रिहाई के लिए प्रदर्शन

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन (महासभा) के कार्यकर्ताओं ने रविवार को महिला किसान नेता की रिहाई की मांग को लेकर कोतवाली पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच नोकझोंक भी हुई। पुलिस ने उन्हें समझा कर वापस भेज दिया। भारतीय किसान यूनियन (महासभा) के दर्जनों कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे और आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के आगमन के तीन दिन पूर्व से ही संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष गीता भाटी को हाउस अरेस्ट रखा गया। शनिवार को सरकार के इशारे पर पुलिस ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए उन्हें शांति भंग की धारा में जेल भेज दिया। जिला प्रशासन का यह कृत्य निंदनीय है और किसानों की आवाज को दबाने का प्रयास है। प्रदर्शन करने पहुंचे कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ जमकर नोकझोंक हुई।

# खेत में मिली लापता युवक की लाश, शक की सुई बड़े भाई पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** रबूपुरा थाना क्षेत्र के गांव कलूपुरा में पांच दिन से गायब युवक का रविवार को गन्ने के खेत में शव मिला। ग्रामीणों ने जब शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पिता ने अपने बड़े बेटे पर हत्या करने का आरोप लगाया है। कलूपुरा निवासी सुरेश चंद शर्मा ने बताया कि उनका छोटा बेटा सुखदेव (32) पिछले 5 दिन से लापता था। वह 17 फरवरी को सुबह खेत में पानी लगाने के लिए गया था। वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा। परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। पिता ने बताया कि बड़े बेटे हरकेश से उनका रुपयों को लेकर विवाद चल रहा था। हरकेश ने छोटे भाई सुखदेव की हत्या करने की धमकी भी दी थी।

**मुआवजे के रुपयों को लेकर था विवाद :** सुरेश चंद ने बताया कि उनकी पौन बीघा जमीन अधिग्रहित की गई थी। इसके एवज में उन्हें 32 लाख रुपये मुआवजा मिला था। मुआवजे का रुपया उन्होंने दोनों बेटों में बांट दिया था। हरकेश की शादी हो चुकी थी, इसलिए उन्होंने उसे साढ़े चार लाख रुपये ज्यादा भी दिये थे। इसके बाद भी हरकेश रुपयों को लेकर विवाद कर रहा था। वह सारे रुपये खुद लेना चाहता था।

**फरीदाबाद में रहकर नौकरी करता था मृतक :** सुरेश ने बताया कि रुपयों को लेकर आए दिन विवाद चलता रहता था। इसलिए उनका छोटा बेटा सुखदेव फरीदाबाद चला गया था और वहीं रहकर एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी कर रहा था। बीच-बीच में वह घर आता था। बड़ा बेटा हरकेश हमेशा छोटे को जान से मारने की धमकी देता था। घटना के पहले भी हरकेश ने अपनी मां से कहा था कि अब रोने के लिए तैयार हो जाओ।

**दो दिन से गायब है आरोपी भाई :** सुखदेव के लापता होने के बाद परिवार के लोग थाने जाकर शिकायत करना चाहते थे। शुक्रवार को सुरेश थाने जा रहे थे और उन्होंने हरकेश को साथ चलने के लिए कहा। जिसके बाद सुखदेव ने कहा कि वह खेत से लौटकर आ रहा है। इसके बाद वह गायब हो गया और घर नहीं लौटा।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान दिवस का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौतमबुद्धनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत आज 22 फरवरी 2026 को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। अभियान के तहत मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाए रखना तथा अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराये गये। इस अवसर पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर ने कंपोजिट विद्यालय गिझोड़ नोएडा ब्लॉक बिसरख तहसील दादरी स्थित मतदेय स्थल का निरीक्षण कर बूथ लेवल अधिकारी द्वारा किए जा रहे नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन संबंधी कार्यों का जायजा लिया।



उन्होंने 06 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची, फॉर्म 6, 6।, 7 एवं 8 की उपलब्धता तथा हेल्प डेस्क की व्यवस्था का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में जोड़ा जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने से वंचित न रहे।

विशेष अभियान दिवस के अंतर्गत प्रत्येक मतदेय स्थल पर प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 01:30 बजे तक बीएलओ उपस्थित रहे और मतदाताओं को फॉर्म भरने में आवश्यक सहायता प्रदान की गई। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंटों का सहयोग भी प्राप्त हुआ। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा भ्रमणशील रहकर सतत निगरानी की गई।

जिलाधिकारी ने जनपद के नागरिकों से अपील की कि यदि किसी पात्र व्यक्ति, विशेषकर ऐसे युवाओं जिनकी आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, का नाम मतदाता सूची में अंकित नहीं हुआ है तो वे निर्धारित प्रपत्र भरकर शीघ्र आवेदन करें। मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि के संशोधन हेतु फॉर्म 08 के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। आवेदन ECINET मोबाइल ऐप अथवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भी किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना आवश्यक है और जनसहभागिता से ही यह अभियान पूर्णतः सफल हो सकता है। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी दादरी अनुज नेहरा, संबंधित ग्राम प्रधान, सुपरवाइजर्स एवं बूथ लेवल अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एयरपोर्ट में नौकरी के लिए आज रैली निकालेंगे युवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के लिए अधिग्रहित गई जमीन से प्रभावित क्षेत्र के किसान परिवारों के बच्चों को एयरपोर्ट में स्थायी नौकरी दिए जाने की मांग तेज हो गई है। क्षेत्र के युवा सोमवार को गांवों में रैली निकालेंगे। युवा भूख हड़ताल भी शुरू करेंगे। इसके लिए लोगों से एकजुट होने की अपील की गई है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सौरभ कुमार शर्मा ने बताया कि 23 फरवरी को अंतिम बैठक होगी। निर्माणाधीन नोएडा एयरपोर्ट के किशोरपुर गेट पर क्षेत्र के लोग सुबह 10 बजे एकत्र होंगे। रैली सुबह 11 बजे शुरू होगी, जो बनवारीपुर, रन्हेरा, खाजपुर, नीमका, आरएंडआर कॉलोनी और दयानतपुर होते हुए विभिन्न गांवों में पहुंचेगी।

रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे, ताकि प्रशासन और प्राधिकरण तक आवाज पहुंचाई जा सके। सौरभ कुमार शर्मा का कहना है कि एयरपोर्ट परियोजना के लिए जमीन लेते समय क्षेत्र के किसानों को लिखित में आश्वासन दिया गया था कि युवाओं को योग्यता के अनुसार एयरपोर्ट परिसर के अंदर नौकरी दी जाएगी, लेकिन अब वादाखिलाफी की जा रही है। युवाओं के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण व्यवस्था किए जाने का भी वायदा किया गया था। बता दें कि रोजगार को लेकर क्षेत्र के युवा पहले भी धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। युवाओं की मांग है कि उन्हें एजेंसी के माध्यम से नहीं, बल्कि यापल और नायल कंपनी में स्थायी नौकरी दी जाए। जन प्रतिनिधियों के सामने भी इस मुद्दे को उठाया जा चुका है।

# आर्किटेक्ट से निवेश के नाम पर 64 लाख रुपये ऐंठे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने निवेश कर कम समय में मोटा मुनाफा होने का झांसा देकर आर्किटेक्ट से 64 लाख रुपये की ठगी कर ली। आरोपियों ने 20 से अधिक बार में खाते में रकम ट्रांसफर कराई। इस मामले में पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। सेक्टर-58 के रजत विहार निवासी 57 वर्षीय विकास कुमार गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते साल नवंबर के पहले सप्ताह में उन्हें व्हाट्सऐप पर विदेशी मुद्रा (फॉरेक्स) ट्रेडिंग से जुड़ा बिजनेस ऑफर मिला। खुद को आशी अग्रवाल बताने वाली महिला ने संपर्क किया और एक वेबसाइट के जरिए पांच से 20 मिनट की शॉर्ट-टर्म ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का भरोसा दिया।

शुरुआत में वेबसाइट के डैशबोर्ड पर मुनाफा दिखाया गया, जिससे उनका भरोसा बढ़ता गया। इसके बाद उन्हें अलग-अलग बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर करने को कहा गया। हर ट्रांजेक्शन से पहले नया खाता नंबर दिया जाता और 30 मिनट बाद राशि जमा करने को कहा जाता था। 26 नवंबर 2025 से 11 फरवरी 2026 के बीच पीड़ित ने अपनी बचत, फिक्स्ड डिपॉजिट और म्यूचुअल फंड तक तोड़कर कुल 64.59 लाख रुपये कई किस्तों में ट्रांसफर कर दिए। जब उन्होंने रुपये निकालने की कोशिश की तो उनसे कहा गया कि निकासी के लिए 10 से 13 लाख रुपये और जमा करने होंगे। कई अन्य शर्तों का भी पालन करना होगा। पीड़ित ने जब और रकम ट्रांसफर करने से इनकार किया तो उसे निवेश की हुई रकम भी न मिलने की धमकी दी गई। बाद में जांच में सामने आया कि वेबसाइट पर




दिखाया गया मुनाफा पूरी तरह फर्जी था और निकासी जानबूझकर रोकी जा रही थी। शिकायत में पीड़ित की ओर से यह भी बताया गया है कि आरोपी ने बेंगलुरु का पता दिया, लेकिन पीड़ित ने कभी इन पतों की पुष्टि नहीं की।

ठग बेहद संगठित तरीके से काम कर रहे थे और आधिकारिक पहचान साझा करने से बचते रहे। मामला सामने आने के बाद साइबर क्राइम थाने में आईटी एक्ट और संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने संबंधित बैंक खातों को फ्रीज करने और रकम की रिकवरी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि साइबर अपराधी भावनाओं और लालच का फायदा उठाते हैं। जागरुकता ही सबसे बड़ा बचाव है। इस मामले में जांच जारी है और पुलिस जल्द आरोपियों तक पहुंचने का दावा कर रही है। पहले भी ऐसे मामले सामने आए नोएडा और ग्रेटर नोएडा में पिछले कुछ वर्षों में फर्जी ट्रेडिंग ऐप और निवेश योजनाओं के जरिए करोड़ों की ठगी के कई मामले सामने आ चुके हैं। सेक्टर-39, सेक्टर-20 और साइबर क्राइम थाना क्षेत्र में ऐसे केस दर्ज हुए, जहां लोगों को क्रिप्टोकरेंसी, फॉरेक्स ट्रेडिंग, आईपीओ और मल्टीलेवल मार्केटिंग के नाम पर फंसाया गया। कई मामलों में ठगों ने पहले छोटे मुनाफे का लालच देकर विश्वास जीता। फिर बड़ी रकम डलवाकर अकाउंट बंद कर दिया। पुलिस ने पहले भी ऐसे गिरोहों का भंडाफोड़ किया है, लेकिन ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और फर्जी ऐप के जरिए ठगी के तरीके लगातार बदल रहे। इस प्रकार की ठगी से ऐसे बचें: सोशल मीडिया या टेलीग्राम पर मिले किसी भी निवेश ऑफर पर तुरंत भरोसा न करें। किसी अनजान वेबसाइट या ऐप पर रुपये लगाने से पहले उसकी वैधता जांचें। ज्यादा और जल्दी मुनाफे का वादा अक्सर ठगी का संकेत होता है। कभी भी अज्ञात बैंक खातों में बार-बार रुपये ट्रांसफर न करें। संदेह होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें या फिर www-cybercrime-gov-in पर शिकायत दर्ज करें। परिवार के साथ निवेश से जुड़ा फैसला साझा करें, अकेले निर्णय न लें।

# स्मार्ट मीटर के फायदे बताने के लिए अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में स्मार्ट मीटर के फायदे बताने के लिए अभियान शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को जागरूक करना, मीटर की विशेषताओं और लाभों से अवगत कराना। इसके अलावा डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देना है। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार अभियान के तहत लाइव डेमो, फील्ड विजिट, उपभोक्ता संवाद शिविर, मोबाइल ऐप का प्रदर्शन और स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निस्तारण की जानकारी दी जाएगी। स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ताओं को रियल टाइम ऊर्जा खपत की जानकारी मिलती है।

इसके अतिरिक्त बिलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता, सटीक मीटर रीडिंग, समयबद्ध बिल जनरेशन, डिजिटल भुगतान की सुविधा सुनिश्चित होती है।

विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता विवेक कुमार पटेल का कहना है कि उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की जानकारी देने के लिए यह अभियान चल रहा है ताकि उनकी भ्रांतियों को दूर किया जा सके।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

■ रेते से भरे ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, चालक फरार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** टनकपुर हाईवे पर सिरसा चौकी के सामने सिरसा कॉलेज कट के पास रविवार सुबह दर्दनाक हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पीछे से आ रहे रेते से भरे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, सुबह तड़के करीब छह बजे सुशांत (30) निवासी ठाकुर नगर, रुद्रपुर बाइक से लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सिर पर हेलमेट होने के बावजूद सुशांत की जान नहीं बच सकी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई की। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को बरेली भेज दिया गया। ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

परिजनों ने बताया कि सुशांत शनिवार रात एक रिश्तेदार के यहां रुद्रपुर गए थे। रविवार सुबह वह वहां से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# रुकुमपुर मार्ग पर युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** राष्ट्रीय राजमार्ग से रुकुमपुर गांव की ओर जाने वाले रेलवे फाटक के पास पुराने रास्ते पर युवक का शव मिला। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि बरेली-रामपुर हाईवे से रुकुमपुर जाने वाले पुराने रास्ते पर एक युवक का शव पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फील्ड यूनिट टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। प्रारंभिक जांच में युवक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए।पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान परमजीत ठाकुर (26) पुत्र रामवीर, निवासी रिछा, थाना भुता, बरेली के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार परमजीत शनिवार 21 फरवरी को शाम करीब



चार बजे घर से बरेली जाने की बात कहकर निकला था लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद रविवार सुबह थाना भुता में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई। इसी दौरान फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में शव मिलने की सूचना से उसकी पहचान हो सकी।पुलिस के अनुसार मृतक का पूर्व में किडनी ट्रांसप्लांट भी हो चुका था। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** कालीचरन रविवार सुबह लगभग 10 से 11 बजे के बीच बिजलीघर के पास चुरई-दलपतपुर रोड स्थित शनि मंदिर परिसर में जाकर लेट गया था। रविवार दोपहर करीब 3:30 बजे आसपास के लोगों ने उसके शरीर पर चींटियां चढ़ती देख संदेह होने पर उसे उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई हरकत नहीं हुई। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही उसका भतीजा बब्लू मौके पर पहुंचा और शव को घर ले गया।ग्राम प्रधान पति मनोज कुमार सक्सेना ने बताया कि कालीचरन तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। उसके एक भाई मजनू का लगभग 20 वर्ष पूर्व निधन हो चुका है।

## एक नजर

### कट बंद करने से पहले दुरुस्त करना होगा मीरापुर रोड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** छात्र असद अंसारी की शिकायत पर पीएमओ से राष्ट्रीय राजमार्ग के राधा कृष्ण मंदिर कट को बंद करने के दिशा निर्देश जारी हुए इस प्रकरण में छात्र असद अंसारी ने मांग करते हुए कहा है कि इस कट को बंद करने से पहले अंडरपास की सड़क को दुरुस्त किया जाए ताकि आवागमन में दिक्कत ना हो



मीरापुर रोड की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। खंड विकास अधिकारी कार्यालय के मुख्य गेट से लेकर रहपुरा अंडरपास तक लगभग 400 मीटर सड़क गहरे गड्ढों में तब्दील है। सड़क की ऊपरी परत उखड़ चुकी है और कई स्थानों पर बड़े-बड़े खड्डे बन गए हैं, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। दोपहिया और चारपहिया दोनों तरह के वाहनों को निकलने में कठिनाई हो रही है। यह मार्ग कस्बे के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिला मुख्यालय की ओर से आने वाला ट्रैफिक राधा कृष्ण मंदिर कट से कस्बे में प्रवेश करता है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के चलते एनएचएआई द्वारा इस कट को बंद किए जाने की तैयारी चल रही है। कट बंद होने की स्थिति में पूरा ट्रैफिक रहपुरा अंडरपास के रास्ते मीरापुर रोड से होकर कस्बे में प्रवेश करेगा। मौजूदा हालत में मीरापुर रोड बढ़े हुए ट्रैफिक के दबाव को संभालने की स्थिति में नहीं है। यदि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ती है तो जाम और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ सकती है। सड़क की तत्काल मरम्मत न होने पर स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### बंद रेलवे क्रॉसिंग मार्ग पर लकड़ी की कुट्टी फैलाकर रास्ता अवरुद्ध, डीएम से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र में हाईवे-24 के पास बंद रेलवे क्रॉसिंग संख्या 380-ए के मार्ग पर लकड़ी की कुट्टी फैलाकर रास्ता अवरुद्ध किए जाने का मामला सामने आया है। इस समस्या से परेशान ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी से शिकायत कर रास्ता खुलवाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2014 में फोरलेन निर्माण के दौरान रेलवे क्रॉसिंग बंद कर फ्लाईओवर बना दिया गया था। इसके बाद से यह मार्ग गांव कुल्छा खुर्द, नौसना सहित कई गांवों के लोगों के लिए मीरगंज आने-जाने का मुख्य शॉर्टकट बन गया।शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि कुछ लकड़ी व्यवसायियों ने रास्ते पर लकड़ी की कुट्टी फैलाकर उस पर पानी डाल दिया है, जिससे मार्ग फिसलन भरा होकर पूरी तरह बाधित हो गया है। इससे पैदल और दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है तथा लोगों को मजबूरी में फ्लाईओवर से होकर गुजरना पड़ रहा है, जहां दुर्घटना का खतरा बना रहता है। शिकायत करने वालों में होते लाल मौर्य, तारावती, विवेक शर्मा, रामदास, नन्हें लाल और मनोज कुमार सहित कई ग्रामीण शामिल हैं। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**संथल।** नगर पंचायत सेंथल में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने युवा कांग्रेस के एक्सपो समिट में हुए प्रदर्शन के विरोध में राहुल गांधी का पुतला फूंका और नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने डिजिटल और एआई क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रमों से देश की वैश्विक छवि मजबूत हुई है। उन्होंने कांग्रेस पर देश की छवि धूमिल करने का आरोप लगाते हुए राहुल गांधी से माफी की मांग की। कार्यक्रम में भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे पूर्व जिलाध्यक्ष ने विहिप जिला मंत्री अविनाश मिश्रा के आवास पर "मन की बात" कार्यक्रम भी सुना।

### युवक ने नाबालिग से किया दुराचार का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** छत के सहारे घर में घुसे गांव के युवक ने गांव की एक 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म करने का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाए जाने पर दबंग धमकी देते हुए फरार हो गया। किशोरी की मां ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार 20 फरवरी की रात करीब 11 बजे गांव का दबंग उस समय छत के सहारे घर में घुस आया जब उसके माता-पिता एक दावत में बाहर गए हुए थे। घर पर उनकी नाबालिग पुत्री और 10 वर्ष का बेटा मौजूद थे। घर में अलग सो रही किशोरी को युवक ने बूरी नीयत से पकड़ लिया। आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं, और दष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसे व उसके छोटे भाई को जान से मारने की धमकी दी।

किसी तरह साहस जुटाकर किशोरी ने शोर मचाया, जिसपर आरोपी मारपीट कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर माता-पिता घर पहंच गए। आरोप है कि जब वे शिकायत लेकर आरोपी के घर गए तो आरोपी और उसके भाई ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी, तथा मारपीट पर उतारू हो गए। शोरगुल सुनकर मोहल्ले के लोग भी एकत्र हो गए, जिसके बाद पीड़ित पक्ष वापस लौट आया। किशोरी की मां ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर आरोपी दबंग युवक के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स बरेली की बड़ी कार्रवाई



**4.5 किलो अफीम के साथ दो तस्कर दबोचे, 23 लाख की खेप बरामद**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) यूनिट बरेली ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 किलो 500 ग्राम अवैध अफीम बरामद की है। बरामद अफीम की अनुमा. नित कीमत लगभग 23 लाख रुपये आंकी गई है।

यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था एवं अपराध के निर्देशन तथा पुलिस महानिरीक्षक एएनटीएफ लखनऊ के नेतृत्व में की गई। एएनटीएफ यूनिट बरेली की टीम ने थाना कैण्ट क्षेत्र में लाल फाटक से त्रिशूल तिराहा की ओर जाने वाले मार्ग पर जुए की पुलिया के पास घेराबंदी कर दोनों अभियुक्तों को दबोच लिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शिव कुमार पुत्र कृष्ण देव निवासी ग्राम मिर्जापुर सिरसवा थाना बिनावर जिला बदायूँ तथा बाबूलाल दांगी पुत्र टूकन दांगी निवासी ग्राम नवाडीह थाना पत्थलगड्डा जिला चतरा (झारखंड) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से 4.5 किलो अफीम, एक मोबाइल फोन, एक रेलवे टिकट और 5,300 रुपये नकद बरामद किए गए।

पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि बाबूलाल दांगी झारखंड से अफीम लाकर शिव कुमार को देता था और शिव कुमार बदायूँ क्षेत्र में बाहरी ग्राहकों को इसकी सप्लाई करता था। बिक्री से होने वाले मुनाफे को दोनों आपस में बांट लेते थे। शनिवार को भी वे अफीम की खेप सप्लाई करने जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

इस संबंध में थाना कैण्ट में धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुक. दमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में एएनटीएफ यूनिट बरेली के प्रभारी उपनिरीक्षक विकास यादव के नेतृत्व में टीम के अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। थाना कैण्ट पुलिस एवं एएनटीएफ मुख्यालय लखनऊ की सर्विलांस टीम का भी सहयोग रहा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# देवरनियां पुलिस ने रात में चलाया गश्त व चेकिंग अभियान



**कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी खुद रहे मैदान में मुस्तैद**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कोतवाली देवरनियॉ क्षेत्र में अमन-ओ-चैन कायम रखने और अपराध पर शिकंजा कसने के मकसद से कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने शनिवार देर रात व्यापक गश्त व सघन वाहन चें. कंग अभियान चलाया। तड़के करीब चार बजे तक चली इस मुहिम के दौरान मुख्य मार्गों और चौराहों पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली गई।

रात के सन्नाटे में पुलिस टीम ने इलाके के व्यस्त और हस्सास इलाकों में पैदल मार्च किया। एक-एक वाहन को रोककर काग. जात की तस्दीक की गई। पुलिस टीम ने वाहनों को रोककर उनकी बारीकी से तलाशी ली गई, और चालक से पूछताछ की गई। पुलिसकर्मियों ने टॉर्च की रोशनी में वाहन के अंदर और पीछे रखे सामान की जांच की, ताकि किसी भी तरह की गैर कानूनी गतिविधि को रोका जा सके। अभियान के दौरान कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी खुद मौके पर मौजूद रहे, और पूरी कार्रवाई की निगरानी करते दिखाई दिए।



उन्होंने मातहतों को सख्त हिदायत दी कि किसी भी संदिग्ध शख्स या वाहन को बिना जांच आगे न बढ़ने दिया जाए। उनकी कड़ी निगरानी और मुस्तैदी से पुलिस बल का हौसला भी बुलंद नजर आया।

सड़क किनारे और बाजार क्षेत्र में पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों की शिनाख्त कर उनसे पूछताछ की। देर रात अनावश्यक रूप से घूम रहे लोगों को सख्त चेतावनी दी गई। इस दौरान उपनिरीक्षक कमल किशोर, उपनिरीक्षक विजय तेवतिया और हेड कांस्टेबल शमसुल हसन समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पूरी रात चली इस गश्ती मुहिम से असामाजिक तत्वों में खौफ और आम नागरिकों में एतमाद का माहौल देखने को मिला।

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी का कहना है कि शहर में कानून-व्यवस्था को मजबूत रखने और जुर्म पर लगाम लगाने के लिए इस तरह के सख्त अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे का आरोप, डीएम से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** भारतीय सेना में कार्यरत गोपाल ने ग्राम समाज की भूमि पर कथित अवैध कब्जे को लेकर प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

मामला ग्राम लभेड़ा पुरोहित का है, जहां ग्राम सभा की कई आराजी गाटा संख्याओं पर दबंगों द्वारा कब्जा किए जाने का आरोप है।गोपाल ने बताया कि उन्होंने 06 दिसंबर को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में कई गाटा पर अवैध अतिक्रमण का उल्लेख किया गया था।

शिकायत पर उपजिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को मौके पर जांच कर नियमानुसार बेदखली की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे।

हालांकि पीड़ित का आरोप है कि आदेश के बावजूद न तो विधिवत जांच हुई और न ही अतिक्रमण हटाने की कोई ठोस कार्रवाई की गई।गोपाल का कहना है कि एक बार हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचे, लेकिन बिना किसी कार्रवाई के लौट आए। उन्होंने राजस्व कर्मियों पर मामले को गंभीरता से न लेने का आरोप लगाया है।

सैनिक ने प्रशासन से मांग की है कि आदेश का तत्काल पालन कराया जाए, ग्राम समाज की भूमि को कब्जामुक्त कराया जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

# मेगा विधिक सहायता शिविर में 100 से अधिक फरियादी हुए लाभान्वित

■ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली के तत्वावधान में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर सम्पन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली द्वारा जीआईसी ऑडिटोरियम में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभान्वित करना रहा। कार्यक्रम में न्यायपालिका और शासन-प्रशासन के 30 से अधिक विभागों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय सहित अन्य अतिथियों द्वारा मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत कर सभागार को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत स्मृति-चिह्न व पौधा भेंट कर किया गया।

अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम राघवेंद्र मणि ने बताया कि शिविर में सौ से अधिक लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ दिया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जया प्रियदर्शिनी ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। डीएम अविनाश सिंह ने आमजन से शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की तथा छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना की।

शिविर में दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर एवं श्रवण यंत्र वितरित किए गए। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, खाद्य सुरक्षा, कौशल विकास, सीएम युवा योजना, गन्ना व बीज योजना सहित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चेक, प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, मिनी किट व अन्य लाभ वितरित किए गए।

कार्यक्रम का संचालन राघवेंद्र मणि एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट रचना रावत ने संयुक्त रूप से किया। अंत में नोडल अधिकारी अपर जिला जज उमाशंकर कहार ने सभी अतिथियों, विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, पीएलवी, पुलिस कर्मियों व मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में लापरवाही

■ दो बीएलओ को एसडीएम का नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** एसआईआर के तहत रविवार को बूथों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया। अभियान में शिथिलता बरतने पर एसडीएम ने फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के दो बीएलओ को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया है।

मीरगंज विधानसभा क्षेत्र में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान बीएलओ अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहे और एएसडी मतदाता सूची पढ़कर मौजूद लोगों को सुनाई। आलेख्य मतदाता सूची के सापेक्ष दावा-आपत्ति के



फार्म-6, 7 और 8 प्राप्त कर उन्हें बीएलओ एप पर फीड किया गया। सुपरवाइजर एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने आवंटित बूथों का निरीक्षण कर फार्म 6, 7 और 8 की स्थिति का जायजा लिया। एआरओ आशीष कुमार सिंह ने मंसूरगंज, सतुइया खास और सतुइया पट्टी, रवि कुमार सक्सेना ने तिलमास, प्रियंका ने नगर पंचायत मीरगंज, पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने नगर पंचायत फतेहगंज पश्चिमी तथा अरविंद कुमार ने नगर पंचायत शीशगढ़ के बूथों का निरीक्षण किया।निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आलोक कुमार ने मढ़ौली, कनूनगला, बुझिया जागीर, सुल्तानपुर और डेलपुर समेत कई बूथों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यों में शिथिलता पाए जाने पर मढ़ौली के बीएलओ भानु प्रताप और मंसूरगंज की बीएलओ ममता देवी को नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर दोनों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

# पेड़ से टकराई कार, महिला समेत तीन की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** किला थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चे सहित तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक परिवार शादी समारोह से लौट रहा था और उनकी कार दिल्ली हाईवे पर स्वाले नगर के पास सड़क के बीच खड़े सेमल के पेड़ से जा टकराई।

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान मोनी (30) पत्नी गोविंद निवासी कल्याणपुर, शहजादनगर (रामपुर), गो. विंद के पिता खेमकरन (60) तथा फूफा रामगुलाम (85) निवासी शिवपुरी, थाना मुंडापांडे (मुरादाबाद) के रूप में हुई है। हादसे में गोविंद, उनका दो वर्षीय बेटा और चाचा राम बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को रामपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि गोविंद अपने परिवार के साथ थाना शाही क्षेत्र के गांव मंसूरगंज में बुआ के बेटे राहुल की शादी में शामिल होने गए थे। शनिवार रात करीब एक बजे वे कार से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान स्वाले नगर के पास सड़क के बीच खड़े सेमल के पेड़ से उनकी कार की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखचे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई।

रविवार सुबह घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस पेड़ से कार टकराई, वह लंबे समय से सड़क के बीच खड़ा है। आरोप है कि पहले भी इस पेड़ की वजह से कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन न तो पेड़ हटाया गया और न ही उस पर कोई रिफ्लेक्टर या चेतावनी संकेत लगाया गया।लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि रामपुर रोड कई स्थानों पर टूटी और जर्जर है। जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं तथा रेत-बजरी कारोबारियों द्वारा सड़क किनारे अतिक्रमण भी किया गया है, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कुत्ता घुमाने निकले युवक पर तमंचे की बट से हमला, गला दबाने का भी आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** मामला कस्बे की गंगवार कॉलोनी का है। बस्ती के रहने वाले भूपेंद्र कुमार शनिवार की शाम अपने घर से कुत्ता घुमाने निकले, कि चाड़कयपुरी स्थित प्रज्ञा स्कूल के पास राजू मिस्त्री उसके चचेरे भाई के साथ ही 4-5 लोगों ने उन पर हमला कर दिया। भूपेंद्र कुमार का आरोप है कि हमलावरों ने उसका गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया, तथा तमंचे की बट से मारपीट की। किसी तरह उसने अपनी जान बचाई। भूपेन्द्र कुमार का कहना है कि आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और पहले भी विवाद कर चुके हैं। पीड़ित ने थाना नवाबगंज में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# नमाज पढ़कर आ रहे युवकों पर लूंला गैंग ने किया हमला, पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की एक मस्जिद से नमाज पढ़कर लौट रहे चार युवकों पर एक कथित गैंग द्वारा हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। घायलों की ओर से कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

नगर की मोहल्ला नई बस्ती पश्चिमी निवासी इदरीश अहमद के अनुसार 21 फरवरी शनिवार की रात करीब 10:30 बजे उनका पुत्र फैजान अपने चचेरे भाई अनस और साथियों अरसलान, अमान के साथ मस्जिद से नमाज पढ़कर बाहर आ रहा था कि उसी दौरान मोहल्ला नाला पार के रहने वाले सोहेल नाम का युवक, जो कथित तौर पर 'लूला गैंग' चलाता है, अपने साथियों अर्श एक अन्य अरसलान तथा 13-14 अज्ञात युवकों के साथ वहां पहुंच गया।

आरोप है कि लूला गैंग के सभी युवकों ने चारों युवकों को घेर लिया, गाली-गलौज की और उन्हें जबरन जेपीएन कॉलेज खेल मैदान पर ले जाकर लात-घूंसे, बेल्ट, लोहे के कड़े व धारदार हथियारों से बुरी तरह से मारपीट की। शोर सुनकर राहगीर और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव कराया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

लूला गैंग के हमले में फैजान और अनस के सिर में खुली चोटें तथा शरीर पर अन्य चोटें आई हैं, जबकि अरसलान और अमान को भी चोटें आई हैं। घायल के पिता इदरीश अहमद ने आरोप लगाया है कि उक्त युवक गैंग बनाकर क्षेत्र में आए दिन झगड़े करते हैं, और मारपीट के वीडियो बनाकर वायरल करते हैं। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है।

# घर का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी, पुलिस को दी नामजद तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर की आदर्श नगर बस्ती के एक बंद मकान का ताला तोड़कर चोर डेढ़ लाख की नकदी सहित घर का सामान चोरी कर ले गए। रविवार को घर लौटने के बाद पुलिस को नामजद तहरीर दी गई है।

नगर की आदर्श में बस्ती के रहने वाले सत्यपाल की पत्नी देवश्री अपनी पुत्र वधु के साथ शनिवार को एक गांव में बारात में गई थी। घर पर ताला लगा हुआ था। आरोप है कि शनिवार की रात चोरों ने घर में लगा ताला तोड़कर घर में रखा माल जेवर, वर्तन, सोने चांदी के आभूषण के साथ ही 1 लाख 80 हजार रुपए चुरा लिए। आरोप है कि घर का सारा सामान इधर उधर फैला पड़ा था, सूचना पर घर पहुंचकर देवश्री ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है।



# खो नदी में कूदे युवक का सुराग नहीं

## पीएसी की 15 सदस्यीय टीम ने चलाया सघन सर्च अभियान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** खो बैराज में कूदे व्यक्ति का 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। दूसरे दिन भी पीएसी की 15 सदस्यीय टीम ने खो नदी में सघन सर्च अभियान चलाया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक सफलता नहीं मिल सकी थी।

मालूम हो कि मुन्नी देवी कॉलोनी, धामपुर निवासी योगेश सैनी (24) पुत्र दिनेश सैनी शनिवार को अपने दोस्त रिंकू सैनी के साथ सरकड़ा में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। रिंकू सैनी ने बताया कि लौटते समय योगेश ने शेरकोट में एक रिश्तेदार से मिलने की बात कही। जैसे ही दोनों खो बैराज पुल पर पहुंचे, योगेश ने अचानक बाइक रुकवाई और बिना कुछ कहे नदी में छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही शनिवार को पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से देर शाम तक तलाश कराई गई, लेकिन युवक का पता नहीं चल सका। रविवार को पीसी दिनेश सिंह राणा, 23वीं बटालियन प्रांतीय सशस्त्र बल (पीएसी) मुरादाबाद के नेतृत्व में 15 सदस्यीय रेस्क्यू दल ने सुबह करीब 11 बजे से अभियान संभाला। टीम विशेष उपकरणों के साथ नदी की गहराई में खोजबीन कर रही है।

परिजनों के अनुसार योगेश अपने परिवार में एक भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसकी शादी करीब दो वर्ष पूर्व हुई थी और वह देहरादून में एक निजी कंपनी में कार्यरत था। हाल ही में वह रिश्तेदारी में शादी में शामिल होने के लिए धामपुर आया हुआ था। घटना के बाद से परिजनों में चिंता व्याप्त है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा पीएसी की टीम द्वारा तलाश जारी है।

### शेरकोट खो बैराज आत्महत्या करने वालो के लिए बना आसान स्थल

**शेरकोट।** सुसाइड करने वालो के लिए खो बैराज का पुल आसान स्थल बनता जा रहा है। महिला हो या व्यक्ति आपसी रंजीश के चलते सिधे इस पुल पर आते है,ओर खो बैराज पुल से कूदकर आत्म हत्या करते रहते है। इतना ही कुछ वर्षो मे आत्म हत्या करने वालो की सख्या काफी पहुँच चुकी है। बताया जाता है कि आत्म हत्या करने की कोशिश करने वाली महिलाओं व व्यक्ति को आसपास के लोगों द्वारा देखे जाने पर उन्हें बचा लिया जाता है।

## आरजेपी में दी योजनाओं की जानकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्धन वर्ग, दिव्यांग जनों, बच्चों, स्त्रियों, श्रमिकों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति आदि के लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर का आयोजन आरजेपी इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमे भारतीय डाक विभाग द्वारा हिस्सा लिया गया।

डाक विभाग द्वारा जन कल्याण कारी योजनाओं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, डाक जीवन बीमा योजनाएं, जन सुरक्षा योजनाएं, डाकघर बचत योजनाएं, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक व अन्य सेवाओं की जानकारी दी गयी। सुकन्या योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी जसजीत कौर की उपस्थिति में मायरा, मन्नत व एजल को तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से स्कालरशिप प्राप्त करने वाले हर्षित काकरान को सम्मानित किया गया।

इस मेगा शिविर में विभागीय सेवाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने हेतु डाक अधीक्षक धर्मेश गगनेजा द्वारा गठित की गई टीम में नोडल अधिकारी सहायक अधीक्षक धामपुर राजबहादुर सिंह, जन सम्पक निरीक्षक मौहम्मद आसिफ, डेवलपमेंट ऑफीसर आनंद कुमार कार्यवाहक IPPB मैनेजर रौशन, मार्केटिंग एक्सिक्यूटिव योगेश कुमार, कार्यालय सहायक (बचत बैंक) निर्भान सिंह, कार्यालय सहायक (बिजनेस डेवलपमेन्ट) नरेश कुमार, कार्यालय सहायक (पीएलआई) नीरज शर्मा, सोमेश आदि उपस्थित रहे व टीम द्वारा कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। शिविर में आने वाले आगंतुकों को डाकघर की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी।

डाक अधीक्षक धर्मेश गगनेजा ने कहा कि आगे भी यदि इस प्रकार यदि शिविर का आयोजन होगा तो डाक विभाग उसमें अपना पूर्ण सहयोग देगा व बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेगा।

डाक विभाग स्वयं भी समय समय पर अपनी योजनाओं से जन-जन को लाभान्वित करने हेतु शिविर का आयोजन करता आया है और आगे भी करता रहेगा।

## एक नजर

### चारा काट रही महिला से दुष्कर्म

**नांगल सोती।** थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसका पति कल्लू मनाली में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। घर पर वह अकेली रहती है। बीती 19 फरवरी को शाम चार बजे वह चंदोक निवासी विक्की के खेत में बरसीन काट रही थी। तभी विक्की मौके पर आ गया। विक्की ने कहा कि तुम चोरी से बरसीन काट रही हो। मैं तुम्हारी पुलिस में रिपोर्ट करूंगा। जिसके बाद विक्की मुझे डरा धमका कर गन्ने के खेत में ले गया और मेरे साथ बलात्कार किया। मेरा शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए, जिन्हें देख कर विक्की मौके से फरार हो गया। यह घटना उसने अपने पति को बताई, जिसके बाद उसका पति घर आ गया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म और एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### मिलेनियम में ताइक्वांडो प्रतियोगिता




**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में तृतीय इंटर हाउस ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता चारों सदन के बीच खेली गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती मीना सिंह प्रधानाचार्य अजय कुमार, उपप्रधानाचार्य शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम व सत्येंद्र कुमार ने फीता काटकर किया। यह प्रतियोगिता ताइक्वांडो कोच रिंकू वर्मा व पीटीआई गजेय सिंह की देखरेख में की गई। इस प्रतियोगिता में नीला सदन ने 10 स्वर्ण पदक, आठ रजत पदक व छह कांस्य पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर नीला सदन व तृतीय स्थान पर पीला सदन हाउस रहा। सभी विजेताओं को विद्यालय की चेयरपर्सन एवं प्रधानाचार्य ने ट्रॉफी, मेडल व प्रशिक्षित प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सभी ताइक्वांडो खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजलि, रिया, नेहा, अर्शी अबरार, केशव कुमार, मंतोष कुमार, बालेश कुमार का विशेष योगदान रहा।

### सीडीओ ने लापरवाही पर चेताया




**नगीना।** तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी रण विजय सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सीडीओ ने अधिकारियों को जन शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों तक सीमित न रखकर, जमीनी स्तर पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 15 शिकायतें दर्ज की गईं। मौके पर 7 शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर दिया गया। शेष 8 शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए सीडीओ ने उन्हें निश्चित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निस्तारण में लापरवाही पाई गई या शिकायतकर्ता को अनावश्यक परेशान किया गया, तो संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी रण विजय सिंह ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से ही शासन और प्रशासन पर जनता का विश्वास बना रहेगा। समाधान दिवस के दौरान क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार अमरपाल सिंह, नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा, बीडीओ ज्योति चौधरी सहित कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट प्राप्त करने का अवसर

**बिजनौर।** उप कृषि निदेशक डॉ. घनश्याम वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल मिशन ऑन एडिबिल ऑयल (ऑयलसीडस) वर्ष 2025-26 योजनान्तर्गत पर कृषि विभाग के पोर्टल agridarshan.up.gov.in एवं upfposhaktiportal.up.gov.in पंजीकृत एफपीओ, सहकारी समितियों, प्राइवेट इण्डस्ट्रीज के लिए 10 टन क्षमता की ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट की स्थापन कराये जाने पर प्रोजेक्ट की कीमत का 33 प्रतिशत या अधिकतम रुपए 9,90,000 तक अनुदान अनुमन्य है, जिसे प्राप्त करने के लिये आनॅलाइन आवेदन 10 मार्च 2026 तक कृषि विभाग के पोर्टल agridarshan.up.gov.in पर प्राप्त किया जायेगा, जो पूरी तरह से पारदर्शी है। ऑयल एक्ट्रैक्शन यूनिट (10 टन क्षमता) के लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में जनपद स्तरीय गठित कमेटी के समक्ष ऑनलाइन 'ई-लॉटरी' के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। अत: इच्छूक एफपीओ/सहकारी समितियों / प्राइवेट इण्डस्ट्रीज 10 मार्च, 2026 तक उक्त का लाभ प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश के पोर्टल agridarshan.up.gov.in पर अपना ऑनलाइन आवेदन करें।

## कवयित्री कविता नामदेव मातृभाषा रत्न सम्मान से सम्मानित

**नजीबाबाद।** स्थानीय निवासी कवयित्री कविता नामदेव को नेपाल की राजधानी काठमांडू में मातृभाषा रत्न अंतर्राष्ट्रीय मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर प्रदान किया गया। यह गरिमामयी सम्मान नेपाल की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा प्रदान किया गया। समारोह का उद्देश्य नेपाल-भारत मैत्री भाषाओं के वैश्विक प्रचार-प्रसार के साथ-साथ देश-विदेश के कवि, लेखक, साहित्यकार एवं शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करना रहा।

## फर्जी वीडियो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

### कई धाराओं में मुकदमा दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक व भ्रामक वीडियो वायरल करने तथा गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित आरा. पी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं सहित आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस के अनुसार 12 फरवरी 2026 को वादी द्वारा थाना धामपुर में तहरीर दी गई थी कि आरोपी दीपक पुत्र भरत सिंह निवासी अकबरपुर बहादुरगढ़, जनपद गाजियाबाद द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो व वीडियो वायरल किए गए। आरोप है कि आरोपी ने वादी के साथ गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएनएस एवं धारा 67(ए) आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया।

विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर आरोपों की पुष्टि होने पर प्रकरण में धारा 376, 504 व 506 भादवि की वृद्धि की गई। इसके बाद थाना धामपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक निवासी गाजियाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इस कार्रवाई में थाना धामपुर पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मुन्नू कुमार एवं कांस्टेबल लोकेश कुमार शामिल रहे। कोतवाल मृदुल कुमार का कहना है कि सोशल मीडिया पर भ्रामक व आपत्तिजनक सामग्री फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक या भ्रामक सामग्री के प्रसार से बचें और ऐसी गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## निशि ने प्रथम, प्रियांशी ने द्वितीय व स्नेहा ने तृतीय स्थान पाया

**नजीबाबाद।** इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट नजीबाबाद में बीटेक प्रथम सेमेस्टर के परिणाम में निशि चौहान ने 86.22 प्रतिशत अंक पाकर कथा में प्रथम, प्रियांशी अग्रवाल ने 80.22 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय व स्नेहा ने 80.11 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों टॉपर छात्रों ने अपनी इस इसफला के पीछे अपने माता-पिता तथा अपने शिक्षकों का योगदान बताया। शिक्षकों के अनुसार नियमित कक्षा में उपस्थित नियमित अध्ययन से इन बच्चों को सफलता हासिल हुई। शिक्षकों ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## भारतीय झंडा संहिता-2022 का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज, भारत के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिरूप है। यह हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है और सबके मन में राष्ट्रीय ध्वज के लिए प्रेम, आदर और निष्ठा है। यह भारत के लोगों की भावनाओं और मानस में एक अद्वितीय और विशेष स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि सरकारी, अर्द्ध सरकारी तथा आमजन की जानकारी के लिए भारतीय झंडा संहिता-2002 में निहित दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका सम्मान एवं अनुपालन करना अनिवार्य है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने भारतीय झंडा संहिता, 2022 में निहित मुख्य दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय झंडा संहिता, 2002 को 30 दिसंबर, 2021 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया और पॉलिएस्टर के कपड़े से बने एवं मशीन द्वारा निर्मित राष्ट्रीय ध्वज की अनुमति दी गई। अब व्यवस्था है कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज हाथ से काते गए और हाथ से बुने हुए या मशीन द्वारा निर्मित, सूती, पॉलिस्टर, ऊनी, सिल्क, खादी के कपड़े से बनाया गया हो। जनता का कोई भी व्यक्ति, कोई भी गैर-सरकारी संगठन अथवा कोई भी शिक्षा संस्था राष्ट्रीय झंडे को सभी दिनों और अवसरों, औपचारिकताओं या अन्य अवसरों पर फहरा, प्रदर्शित कर सकता है। बशर्ते राष्ट्रीय झंडे की मर्यादा और सम्मान का ध्यान रखा जाये। भारतीय झंड़ा संहिता, 2002 को 20 जुलाई, 2022 के आदेश द्वारा संशोधित किया गया एवं भारतीय झंडा संहिता के भाग के पैरा 2.2 की धारा को निम्नलिखित धारा से प्रतिस्थापित किया गया कि 'जहां झंडे का प्रदर्शन खुले में किया जाता है या जनता के किसी व्यक्ति द्वारा घर पर प्रदर्शित किया जाता है, वहां उसे दिन एवं रात में फहराया जा सकता है।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने यह भी बताया कि राष्ट्रीय झंडे का आकार आयताकार होगा। यह किसी भी आकार का हो सकता है, परन्तु झंडे की लम्बाई और ऊंचाई (चौड़ाई) का अनुपात 3 : 2 होगा। जब कभी राष्ट्रीय झंडा फहराया जाये, तो उसकी स्थिति सम्मानजनक और पृथक होनी चाहिए। फटा हुआ और मैला-कुचैला झंडा प्रदर्शित नहीं किया जाये। झंडे को किसी अन्य झंडे अथवा झंडों के साथ एक ही ध्वज-दंड से नहीं फहराया जाये। सं. हता के भाग-111 की धारा-इस में उल्लखित गणमान्यों जैसे राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल आदि के सिवाय झंडे को किसी वाहन पर नहीं फहराया जायेगा। किसी दूसरे झंडे या पताका को राष्ट्रीय झंडे से ऊंचा या उससे ऊपर या उसके बराबर में नहीं लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिए, राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 और भारतीय झंडा संहिता, 2002, गृह मंत्रालय की वेबसाइट www.mha.gov.in पर उपलब्ध हैं।

जिलाधिकारी श्री कौर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेलकूद कार्य कर्मों के अवसरों पर जनता द्वारा प्रयोग किये जाने वाले कागज के बने राष्ट्रीय झंडों को समारोह के पूरा होने के पश्चात न तो विकृत किया जाए और न ही जमीन पर फेंका जाए, बल्कि ऐसे झंडों का निपटान उनकी मर्यादा के अनुरूप एकान्त में किया जाए।

## दुनिया चले ना राम के बिना राम जी चले ना हनुमान के बिना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। होली को देखते हुए बाबा के दरबार में फूलों की पंखुड़ियां से होली खेली गई और सभी पर फूलों की वर्षा की गई।

सूर्य नगर कॉलोनी में श्री शिव शक्ति आराधना मंडल के आह्वान पर गत वर्ष की भांति श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन दुनिया चले ना राम के बिना, राम जी चले ना हनुमान के बिना यह भजन सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर सबका उत्साह वर्धन किया। अंत में फूलों की पंखुड़ियां से सबने जमकर होली खेली और सबने एक दूसरे के ऊपर फूलों की पंखुड़ियों की वर्षा की। अंत में श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा आयोजकों को श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। श्री शिव शक्ति आराधना मंडल में खजान सिंह, संजीव चौहान, अमितचंद सिंह, रामकुमार सिंह, सतीश कुमार, अशोक कुमार, बृजेश कुमार, पवन कुमार, घनश्याम सिंह, आदेश कुमारी, रूबी रानी, कमलेश रानी शर्मा, बीनू चौहान, पूनम रानी आदि शामिल रहे। श्रीमान हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, महंत राहुल अग्रवाल, आचार्य डॉ. दिनेशचंद्र भारद्वाज, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, राम प्रकाश वर्मा, मास्टर सुनील सिंह, संदीप भारद्वाज, निखिल अरोड़ा, शोभित अग्रवाल आदि शामिल रहे। अंत में आरती कर भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# आजादी की गूंज का साक्षी 'पिलखन'

## शतायु वृक्ष यूपी सरकार की नीति के तहत संरक्षित करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एएसपी कार्यालय परिसर में स्थित ऐतिहासिक पिलखन का वृक्ष केवल एक पेड़ नहीं, बल्कि देश की आजादी की लड़ाई, सामाजिक आंदोलनों और न्यायिक इतिहास का जीवंत साक्षी है। लगभग 141 वर्ष पुराने इस शतायु वृक्ष को उत्तर प्रदेश सरकार की नीति के अंतर्गत संरक्षित किया गया है।



स्थानीय इतिहासकार और वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र सिंह एडवोकेट के अनुसार यह पिलखन 19वीं शताब्दी से यहां मौजूद है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1942 में जब महात्मा गांधी के आह्वान पर देशभर में 'भारत छोड़ो आंदोलन' शुरू हुआ, तब धामपुर के तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. चौधरी कुलमणि सिंह ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ खुला बिगुल फूंका था। 12 अगस्त 1942 को उन्होंने अपने नेतृत्व में धामपुर में एक विशाल जुलूस निकाला। स्कूल की छुट्टी कराकर जुलूस को पहले थाने और फिर तत्कालीन तहसील परिसर तक ले जाया गया। इसी ऐतिहासिक पिलखन के नीचे बने चबूतरे पर खड़े होकर चौधरी कुलमणि सिंह ने जोशीला भाषण देकर अंग्रेजों को ललकारा था।

बताया जाता है कि ब्रिटिश शासन के समय यहां तहसील कार्यालय हुआ करता था। इसी पिलखन के नीचे वरिष्ठ अधिवक्ता बाबू चंद्रदत्त मुख्तार, द्वारका प्रसाद, अब्दुल गफ्फार सहित कई वकीलों ने वर्षों तक वकालत की। बाबू चंद्रदत्त मुख्तार वर्ष 1928 में धामपुर आए थे और उन्होंने यहीं से अपने वकालती जीवन की शुरुआत की। उनके अनुसार उस समय भी यह वृक्ष लगभग 40-45 वर्ष पुराना था, जिससे इसकी स्थापना लगभग सन् 1885 के आसपास मानी जाती है।

गजेंद्र सिंह बताते हैं कि वृक्ष स्थानीय लोगों के बीच 'धनवर्षा वृक्ष' के नाम से भी प्रसिद्ध रहा है। इसकी छांव में बैठकर वकालत करने वाले अनेक अधिवक्ता बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष बने। इसके अलावा स्टाम्प विक्रेता, कातिब (दस्तावेज लेखक) भी यहीं बैठकर कार्य करते थे, जहां लाखों रुपये के स्टाम्प और बैनामों का लेनदेन हुआ करता था। लोगों का मानना है कि इस वृक्ष की छाया में बैठकर आजीविका कमाने वालों को समृद्धि प्राप्त होती रही।

समय के साथ इस भूमि का स्वामित्व बदलता रहा। पहले यह क्षेत्र जमींदारी व्यवस्था के अंतर्गत था, बाद में ब्रिटिश राज में राजस्व विभाग के अधीन आया। वर्ष 2010 में तहसील धामपुर के स्थानांतरण के बाद यह भूमि माध्यमिक शिक्षा विभाग को हस्तांतरित कर दी गई। यहां राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के भवन का निर्माण हुआ। बाद में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय भी इसी परिसर में स्थापित हुआ। वर्तमान में इस पिलखन की छांव में आम लोगों के लिए वाटर कूलर भी लगाया गया है। यह ऐतिहासिक वृक्ष न केवल स्वतंत्रता संग्राम की याद दिलाता है, बल्कि धामपुर की सामाजिक, कानूनी और प्रशासनिक विरासत का भी प्रतीक बन चुका है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस पिलखन को धामपुर की पहचान के रूप में संरक्षित रखा जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपने गौरवशाली इतिहास से परिचित हो सकें।

## युवती ने अपने ही परिवार पर लगाया सरकारी भूमि कब्जाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** सोशल मीडिया पर आज तेजी से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवती अपने ही परिजनों पर सरकारी भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगा रही है। युवती का कहना है कि उसी के दम पर अब तक उसके परिजन सरकारी भूमि को कब्जा कर घेर बनाये हुए थे। हालांकि अब युवती का कहना है कि उसने अपने परिजनों के सिर से अपना हाथ हटा लिया है, जिसके बाद चांदपुर उप जिलाधिकारी को इन लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र व ब्लॉक जलीलपुर के ग्राम जोगी औंधा निवासी शिवानी चौधरी ने सोशल मीडिया (फेसबुक, इंस्टाग्राम) आदि प्लेटफार्म के माध्यम से अपना वीडियो वायरल कर बताया कि उसके घर वाले सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर घेर बनाए हुए हैं। शिवानी ने वीडियो में बताया कि उनका ग्राम प्रधान कमित भी उस सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त नहीं करा सका। उसने वीडियो के माध्यम से उप जिलाधिकारी चांदपुर से इस अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की। हालांकि वीडियो में यह भी साफ कहा गया है कि अब तक इस अवैध कब्जे को केवल इसलिए नहीं हटवाया जा सका, क्योंकि शिवानी के परिजनों पर शिवानी का हाथ था लेकिन अब उसके हाथ हटा लेने के बाद उसने इस अवैध कब्जे को प्रशासन से हटवाने की मांग की है। यह तो साफ है कि यदि यह कब्जे की सरकारी भूमि पाई जाती है तो इसमें न केवल शिवानी के परिजन बल्कि उनके ऊपर जिन-जिन का हाथ था, वह भी बराबर के दोषी हैं जिन पर समान कार्रवाई होनी चाहिए।

## छत्रपति शिवाजी महाराज एवं गुरु गोलवलकर की जयंती मनाई

**नजीबाबाद।** विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में छत्रपति शिवाजी महाराज एवं माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर की जयंती मनायी गई। प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया।आचार्य बन्धु-बहिनों ने शिवाजी महाराज एवं गोलवलकर के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन किया। आचार्य गोपेन्द्र सिंह ने भैया-बहिनों को गोलवलकर एवं शिवाजी महाराज के जीवन से तथा आचार्य घनश्याम सिंह ने शिवाजी महाराज एवं गोलवलकर के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों से भैया-बहिनों को अवगत कराया। आचार्य संजय सिंह ने भैया-बहिनों को बताया कि माधवराज सदाशिवराव गोलवलकर एवं छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपना सम्पूर्ण जीवन भारत माता को समर्पित किया।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

आकिब यूनुस एड.

युवा भाजपा नेता

बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई

मूल निवासी भीम सिंह

जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मकसूद अहमद अंसारी

(ठेकेदार)

संभावित प्रत्याशी

प्रधान पद

राजा का ताजपुर



# जन-जन तक पहुंचे न्याय एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

## वृहद मेगा शिविर में छह हजार लाभार्थियों को मिला लाभ, जनपद न्यायालय में हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित मेगा कैम्प में 6 हजार लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। शिविर का उद्घाटन इलाहाबाद उच्च्तम न्यायालय के प्रशासनिक न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार ने फीता काटकर किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद न्यायालय में मेगा कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें छह हजार लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। यह कार्यक्रम न्याय आपके द्वारा को साकार करने वाला ऐतिहासिक अवसर बन गया। जिलें में करीब 37 मिनी कैम्पों का आयोजन किया गया। जिसमें पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण, सत्यापन और विभागीय समन्वय सुनिश्चित् किया गया। इन मिनी कैम्पों के माध्यम से यह सुनिश्चित् किया गया कि वास्तविक व पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं दक्षता के साथ पहुंचे। कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत बीज, वितरित व जैविक खेती को बढ़ावा दिया गया। जिससे उनकी फसल उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो तथा कीटनाशक दवाईयों से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। युवाओं को खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्पोट्र्स किट प्रदान की गयी। मेधावी छात्र छात्राओं को आर्थिक सहायता एवं प्रोत्साहन राशि के चैक वितरित किये गये। सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास श्रम, स्वास्थ्य, पंचायती राज तथा अन्य विभागों ने अपने अपने स्टाल स्थापित कर योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी। न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में न्याय को केवल न्यायिक प्रक्रिया तक सीमित न रखकर सामाजिक न्याय व आर्थिक सशक्तिकरण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में लोकमान सिंह, रामनिवास सैनी, श्रीमति प्रीति, आलेनबी, रिहाना, मेराज परवीन, श्रीमति राजबाला, श्रीमति शशि देवी, समरीन फात्मा, प्रथम सिह, मोनिका, श्रीमति पूनम, संजीव, जयदेव सिंह, कुलदीप, प्रवीण सिंह व महेश द्वारा लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में समझायी गयी। इस मौके पर जिला जज विवेक, प्रधान न्यायाधीश ा परिवार न्यायालय मधुलिका चौधरी, अपर जिला जज ईश्वर सिंह, अभिषेक कुमार, एसपी अमित कुमार आनन्द, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम गरिमा सिंह, सितिन चौहान, रितिक चाहल, आशू देशवाल, जयवीर सिंह, आकाश तोमर व अजब सिंह आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग से छेड़छाड़ में चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शादी समारोह के दौरान नाबालिक युवती के साथ छेड़छाड़ किये जाने के मामले में पुलिस ने पोक्सो समेत कई संगीन धाराओं में दो नामजद समेत 4 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

नगर के अतरासी बस स्टैंड चौराहा के समीप स्थित एक बैंकट हॉल में 20 फरवरी की रात शादी का कार्यक्रम चल रहा था। स्वागत करने वाली एक युवती मंडप में बने कमरे में कपड़े चेंज करने के लिए गई थी। चार मनचले युवती के कमरे में घुस गये तथा उसे बुरी नजर से दबोचने के बाद उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। युवती के विरोध करने पर आरोपियो ने उसके साथ मारपीट कर दी। जिससे उसके शरीर पर चोटों के निशान उभर आये। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिससे शादी समारोह में अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने युवती का मेडिकल करा दिया। युवती शादी समारोह में बारातियों पर फूल बरसाकर वेलकम करने का कार्य करती है। युवती को नाबालिक बताया जा रहा है। अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि अतुल चौहान पुत्र सतपाल सिंह निवासी सेमला व आकाश पुत्र कमल सिंह निवासी ग्राम करनपुर माफी व दो अज्ञात के खिलाफ पीड़िता की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों को अरेस्ट कर उनका चालान कर न्यायालय में पेश कर दिया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

## दिल्ली में पेंटिंग का काम करता था मृतक, बीमार पिता को देखने जा रहा था गांव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला।** हाइवे पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने से परिजनों में चीत्कार मच गई। वहीं पुलिस ने शव को अग्रिम कार्रवाई के लिए मोर्चरी के लिए भेज दिया है।

शनिवार की रात करीब ढ़ाई बजे यह हादसा ब्रजघाट चौकी क्षेत्र में हुआ। बताते हैं कि गाजियाबाद में पेंटर का काम करने वाला एक युवक बाइक द्वारा अपने बीमार पिता को देखने के लिए गांव जा रहा था। जब उसकी बाइक ब्रजघाट चौकी क्षेत्र में पहुंची तो एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को स्थानीय हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। यहां से उसे हॉयर सेंटर रेफर किया गया। जहां पर उसकी मौत हो गई। उसकी जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर



उसकी पहचान अखिलेश (25) पुत्र सुरेश के रूप में हुई। मृतक जनपद बरेली के गांव चेना मुरारपुर का रहने वाला था। वह अपने बीमार पिता को देखने के लिए अपने गांव जा रहा था कि रास्ते में उसके साथ यह हादसा हो गया। घटना की जानकारी मिलने से परिजनों में चीत्कार मच गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई के लिए मोर्चरी के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर प्रथमिकी दर्ज की जाएग

# नई बाइक में पेट्रोल की जगह डीजल डाला, युवक ने किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक युवक ने एजेंसी से नई बुलेट बाइक निकालकर हाइवे स्थित एक पैट्रोल पंप पर पैट्रोल डलवाने पहुंचा मगर सेल्समैन ने डीजल भर दिया। जब युवक को इस बात की जानकारी हुई तो उसने हंगामा किया और सेल्समैन को खूब खरी खोटी सुनाई।

**■ बाद में दोनों पक्षों के बीच हुआ समझौता**



जानकारी के अनुसार मुरादाबाद जनपद के थाना छजलैट के गांव बहरामपुर निवासी जयंचद का पुत्र कपिल चौधरी हाइवे स्थित एक पैट्रोल पंप पर पैट्रोल डलवाने पहुंचा। आरोप है कि यहां पर सेल्समैन ने पैट्रोल की जगह बाइक में डीजल भर दिया। इसकी जानकारी जब युवक को हुई तो उसने सेल्समैन को खूब फटकार लगाई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों में बातचीत चल रही थी। बातचीत के बाद दोनों पक्षों के मध्य समझौता हो गया था।

# गैंगस्टर को सवा दो साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** गैंगस्टर एक्ट में कोर्ट ने दोषी को दो साल तीन महीने जेल की सजा सुनाई तथा पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा था। 16 अक्तूबर 2023 को तत्कालीन इंस्पेक्टर विनय कुमार सिंह ने हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर थाना क्षेत्र के बस्तीराम निवासी विपिन उर्फ दन्तु के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने बाद में उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिलहाल वह जमानत था। मुकदमे की सुनवाई एफटीसी द्वितीय की कोर्ट में चल रही थी। शनिवार को अंतिम सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पत्रावली का अवलो. कन किया, साक्ष्यों के आधार पर विपिन को दोषी करार देते हुए दो साल तीन महीने जेल की सजा सुनाई तथा पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया।

# जानलेवा स्टंटबाजी से बाज नहीं आ रहे युवा

## ट्रैक्टर से स्टंटबाजी का वीडियो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में जानलेवा स्टंटबाजी का जुनून थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव धोरिया बिड़ला से सामने आया है। जहां एक युवक द्वारा ट्रैक्टर के साथ खतरनाक स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे स्टंटबाज अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालकर ट्रैक्टर को अगले दो पहियों पर उठा रहा है। यह नजारा जितना हैरान करने वाला है। उससे कहीं ज्यादा डरावना भी है। क्योंकि जरा सी चूक किसी बड़े हादसे का सबब बन सकती थी।हैरानी की बात यह है कि अमरोहा पुलिस लगातार ऐसे स्टंटबाजों के खिलाफ चालान और गिरफ्तारी जैसी सख्त कार्रवाई कर रही है। लेकिन इसके बावजूद युवाओं में रील बनाने और स्टंट दिखाने का भूत उतर नहीं रहा है। सार्वजनिक रास्तों पर भारी वाहनों से स्टंट करना राहगीरों के लिए भी खतरा बना हुआ है। चंद शलाइक्सश और शफॉलोअर्सश के चक्कर में लोग सुरक्षा नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। स्थानीय निवा. सियों ने प्रशासन से ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ और भी कठोर कदम उठाने की मांग की है।ताकि भविष्य में किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। फिलहाल वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस आरोपी की पहचान और मामले की जांच में जुट गई है।

## ग्रामीणों को वोट बनवाने के लिए किया प्रेरित




**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** एनएसएस स्वयं सेवकों ने बूथ पर पहुंचकर ग्रामीणों को वोट बनवाने की अपील की। जेएस डिग्री कालेज के रासेयो शिविर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश भर में चल रहे एसआईआर के कार्य में आज शासन द्वारा बूथ दिवस घोषित किया गया था। इसलिए सभी स्वयंसेवक अपने गोद लिए गांव खैरतपुरा के बूथ पर पहुंचे और वहां के बीएलओ को सहयोग करते हुए सभी गांव वासियों को वोटर लिस्ट में अपने नाम देखने के लिए बुलाया और जिनके नाम में कोई अशुद्धि या कोई कमी है और जिनके वोट नहीं बने हैं उन्हें वोट बनवाने के लिए फॉर्म 6 भरने को प्रेरित किया । इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ पीयूष कुमार शर्मा ने सभी स्वयंसेवकों को आज के बाद भी सदैव अपने गांव अपने कॉलोनी अपने मोहल्ले मैं प्ट प्रक्रिया को बताते हुए सभी को अपना वोट बनवाने के लिए जागरूक करने की अपील की

# मंदबुद्धि युवक ने ट्रक के आगे कूदकर जान दी

## पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** फ्लाईओवर पर टहल रहे एक युवक ने अचानक गुजरते ट्रक के आगे छलांग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की जांच जारी है और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

डिडौली क्षेत्र में हाईवे पर हादसा रविवार दोपहर लगभग 12 बजे हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान दिल्ली के खजूरी थाना क्षेत्र के राजीव विहार कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय अनस पुत्र फिरोज रूप में हुई। पुलिस के मुता. बिक मानसिक रूप से कमजोर था तथा कई दिन से डिडौली क्षेत्र में घूम रहा था। रविवार दोपहर लगभग 12 बजे वह डिडौली में फ्लाईओवर पर टहल रहा था, उसी दौरान उसने



मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जा रहे ट्रक के आगे छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, हादसे में बुरी तरह घायल हुए अनस को एंबुलेंस से निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह बालियान ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। ट्रक को भी कब्जे में ले लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक ट्रक के आगे कूदा है, परिजनों की तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# शादी समारोह में दो पक्षों के बीच मारपीट

## चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डिडौली क्षेत्र के गांव ढकिया चमन स्थित बैंक्वेट हॉल में शादी समारोह के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव मझरा पतेई खालसा निवासी देवराज सिंह द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक 20 फरवरी की रात परिवार व रिश्तेदारों के साथ शादी समारोह में शामिल होने गए थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव बरखेड़ा राजपूत निवासी मुनेश पाल, उसके बेटे कौशल व गोलू और एक अन्य व्यक्ति ने बिना किसी बात छींटाकशी शुरू कर दी, विरोध करने पर आरो. पियों ने होटल के बाहर लाठी-डंडों व सरियों से हमला कर दिया। मारपीट में देवराज सिंह, उनका बेटा विपिन कुमार व अनिल कुमार घायल हो गए। आरोप है कि घटना के दौरान विपिन के गले की सोने की चेन व अनिल का चांदी का ब्रेसलेट गिर गया और देवराज का मोबाइल टूट गया। शोर सुनकर लोगों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। सीओ अघ्भिषेक यादव ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ब्राह्मण महासभा के नगराध्यक्ष बने डा.रवि भूषण

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर ब्राह्मण महासभा की बैठक में डॉ.रविभूषण शर्मा को सर्वसम्मति से नगराध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। महासभा के पदाधिकारियों ने फूल मालाएं पहनाकर डॉ.रविभूषण शर्मा का स्वागत किया।

**■ कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर किया स्वागत**

बता दें कि नगर ब्राह्मण महासभा के नगराध्यक्ष डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा थे, जिनके निधन के बाद यह पद रिक्त चल रहा था।



रविवार को ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने एक बैठक आयोजित करके नए नगराध्यक्ष के पद के लिए विचार विमर्श किया गया। एक पदाधिकारी ने स्वर्गीय डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा के चचेरे भाई डॉ.रवि भूषण शर्मा का नाम प्रस्तावित किया, जिस पर बैठक में सम्मिलित सभी पदाधिकारियों ने तालियां बजाकर अपना समर्थन दिया। जिसके बाद डॉ.रवि भूषण शर्मा सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत हो गए। पदाधिकारियों ने फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रोहताश शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, देवेश शर्मा, महेन्द्र शर्मा, देव. राज शर्मा, खेमराज शर्मा, प्रमोद उपाध्याय, पंडित योगेश प्रभाकर, वीके शर्मा, रोहित शर्मा, दानू शर्मा, निश्चल शर्मा, नीरज पाठक, उत्तम शर्मा मौजूद रहे।

# चाचा भतीजे को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** स्कूटी सवार चाचा भतीजे को पीटकर घायल कर दिया। दोनों घायलों को सीएचसी ले जाया गया। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**■ चार आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज**

क्षेत्र के सकरथली गांव निवासी ताराचंद का गांव के ही हरपाल से किसी बात को लेकर विवाद चला आ रहा है। 20 फरवरी को ताराचंद का भतीजा मोनू व भाई ओमपाल स्कूटी से कहीं जा रहे थे। आरोप है कि हरपाल के गेट के सामने पहुंचे तो उनके साथ गाली-गलौज कर दी। ओमपाल ने गाली का विरोध किया तो हरपाल मोनू की स्कूटी रुकवाई तथा अपने परिवार वालों को बुलाकर मारपीट कर दी। जिसमें स्कूटी सवार चाचा-भतीजे घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में हरपाल, इंद्रपाल, नीरज व सुरेंद्र उर्फ टोनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करके अग्रिम कार्रवाई का भरोसा दिया है।




















महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स चैंपियनशिप

# भारत 'ए' ने जीता खिताब

● **तेजल हसबनीस ने 51, राधा यादव ने 36 रनों की शानदार पारी की बदौलत बांग्लादेश 'ए' को 46 रनों से हराया**

**बैंकॉक, वार्ता।** तेजल हसबनीस (नाबाद 51), कप्तान राधा यादव (36) के बाद प्रेमा रावत (तीन विकेट) सहित अन्य गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ए महिला टीम ने रविवार को बांग्लादेश ए टीम को 46 रनों से हराकर महिला एशिया कप राइजिग स्टार्स चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश ए महिला टीम को साइमा ठाकोर ने तीसरे ओवर में इश्मा तंजीम (तीन) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद शमीमा सुल्ताना और सरमिन सुल्ताना की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में प्रेमा रावत ने शमीमा सुल्ताना 15 गेंदों में (20) रन को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

सरमिन सुल्ताना (18) को राधा यादव ने आउट किया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे बांग्लादेश के बल्लेबाज नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। लता मंडल (एक), सादिया अख्तर (10), कप्तान फाहिमा खातून (14) और फरजाना ईस्मिन (छह) रन बनाकर आउट हुई। 18वें ओवर में तनुजा कंवर ने संजीदा अख्तर मेघला (पांच) को आउट कर भारत को आठवीं सफलता दिलाई।20वें ओवर की पहली गेंद पर तनुजा कंवर ने शोरिफा खातून (नौ) को आउट कर बांग्लादेश की टीम को 88 रन के स्कोर पर ढेर कर मुकाबला और खिताब 46 रनों से अपने नाम कर लिया। भारत ए महिला टीम के लिए प्रेमा रावत ने 12 रन देकर चार विकेट लिए। सोनिया मेंधिया और तनुजा कंवर को दो-दो विकेट मिले।

राधा यादव, साइमा ठाकोर और मिन्नु मनी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर भारत ए महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और उसने 44 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिए। दिनेश वृंदा 17 गेंदों में (19), नंदिनी कश्यप (आठ), मिन्नु मनी (शून्य) और अनुष्का शर्मा (आठ) रन बनाकर आउट हुई। ऐसे संकट के समय तेजल हसबनीस और कप्तान राधा यादव की जोड़ी ने पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 69 रन जोड़े। 17वें ओवर में फाहिमा खातून ने राधा यादव को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। राधा यादव 30 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 36 रन बनाए। इसी ओवर की छठी गेंद पर फाहिमा खातून ने तनुजा कंवर (एक) का भी शिकार कर लिया। उन्होंने 19वें ओवर में प्रेमा रावत (चार) को भी आउट किया। हालांकि इस दौरान तेजल हसबनीस एक छोर थामे रन बनाती रही। भारत ए महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 134 रनों का स्कोर खड़ा किया। तेजल हसबनीस ने 34 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए नाबाद 51 रनों की पारी खेली। बांग्लादेश ए महिला टीम के लिए फाहिमा खातून ने चार विकेट लिए। फातिमा जहान और फरजाना ईस्मिन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### यूपी ब्रिज स्टार्स ने बीसीएल सीजन-2 के लिए शिखर धवन को रिटेन किया

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** भारत के पूर्व ओपनर शिखर धवन को यूपी ब्रिज स्टार्स ने बिग क्रिकेट लीग (बीसीएल) के सीज़न 2 के लिए एक मार्की प्लेयर के तौर पर रिटेन किया है, फ्रेंचाइजी ने यह घोषणा की। धवन, जो पहले एडिशन में सबसे बड़े आकर्षण में से एक थे, एक बार फिर टूर्नामेंट में खास तौर पर दिखाई देंगे, और अपने इंटरनेशनल अनुभव और स्टार अपील को यूपी-बेस्ड फेंच. इजी में लाएंगे। यह घोषणा धवन के लिए एक बड़े पर्सनल माइलस्टोन के साथ हुई, जिन्होंने अपने लॉन्ग टाइम पार्टनर से एक छोटे से समारोह में शादी की, जिसमें करीबी दोस्त और परिवार शामिल हुए।

### कार्तिक ने जीती नई दिल्ली मैराथन

**नई दिल्ली, वार्ता।** मुंबई के कार्तिक करकेरा ने रविवार सुबह कॉग्निजेंट नई दिल्ली मैराथन के 11वें एडिशन में पूरे रास्ते धूम मचाई और यह प्रतिष्ठित ताज अपने नाम किया। जब दुनिया सो रही थी, तब 42.2 किलोमीटर की दौड़ दो घंटे और तेरह मिनट (02:13:10) की शानदार टाइमिग में पूरी करते हुए, करकेरा ने इस साल के आखिर में जापान में होने वाले एशियन गेम्स के लिए क्वालिफाइंग मार्क को आराम से पार कर लिया। पेशे से डॉक्टर, 28 साल के करकेरा को आखिरकार पोडियम पर टॉप पोजीशन हासिल करने के लिए गोपी थोनाकल (02:13:12) और मान सिंह (02:13:15) की कड़ी कोशिश को रोकना पड़ा। तीनों के बीच ज़बरदस्त मुकाबले में उन्होंने कुछ ही पलों के अंदर फिनिश लाइन पार की, जो सितम्बर में एशियन गेम्स में पुरुषों के लिए ज़रूरी 2:15:04 से काफी कम था। हालांकि, टॉप महिलाएं अपने पुरुष साथियों के शानदार रन की बराबरी नहीं कर पाईं, और 2:31:52 के मार्क से काफी पीछे रह गईं।

### युवा गोल्फर 72 द लीग में अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** पीजीटीआई के 72 द लीग का पहला एडिशन शनिवार को नई दिल्ली में बड़े धूमधाम से लॉन्च किया गया, जिसमें भारतीय गोल्फ की अगली पीढ़ी एक बिल्कुल नए फॉर्मेट की चुनौती को अपनाने के लिए उत्सुक है। उभरते हुए टैलेंट शौर्य भट्टाचार्य और कार्तिक के साथ-साथ अनुभवी हनी बैसोया, मनु गंडास, अजितेश व विराज के साथ, इस इवेंट में कई तरह के प्रोफेशनल्स एक साथ आए और 72 द लीग का पहला सीजन ऑफिशियली शुरू हुआ। लीग के आखिरी विज. ेताओं को दी जाने वाली ट्रॉफी का अनावरण आईसीसी के चेयरमैन ने पीजीटीआई के प्रेसिडेंट कपिल देव की मौजूदगी में किया। 72 द लीग ट्रॉफी को इंटरनेशनल लेवल पर मशहूर आर्टिस्ट व डिज़ाइनर विभोर ने डिज़ाइन किया है, जो अपने इनोवेटिव पब्लिक आर्ट इंस्टॉलेशन और डिज़ाइन के क्षेत्र में योगदान के लिए जाने जाते हैं।

# कार्लोस ने जीता कतर ओपन का खिताब

● **कार्लोस अल्काराज ने फ्रांसीसी आर्थर फिल्स को 6-2 6-1 से हराकर कतर ओपन का खिताब अपने नाम किया**

**दोहा, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने शनिवार को एटीपी 500 इवेंट में एक और शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने सिर्फ़ 50 मिनट में वापसी कर रहे फ्रांसीसी आर्थर फिल्स को 6-2, 6-1 से हराकर कतर ओपन 2026 का खिताब अपने नाम किया।

अल्काराज की कतर में यह जीत ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले इतिहास के सबसे कम उम्र के व्यक्ति बनने के सिर्फ़ 20 दिन बाद आई है। एटीपी टूर ने अल्काराज के हवाले से कहा कि मैं इस साल और ज्यादा की भूख लेकर आया था, जो 2025 में दोहा क्वार्टर-फ़ाइनल में हार गए थे। मुझे लगता है कि हर टूर्नामेंट के बाद, हमें बस नए लक्ष्य तय करने होते हैं। मैं अपनी टीम के साथ कोर्ट पर और कोर्ट के बाहर जो कुछ भी किया है, उससे बहुत खुश और गर्वित हूं। उन्होंने कहा कि साल की शुरुआत बहुत अच्छी रही। यह आसान नहीं था। मुझे अपनी टीम के साथ मेंटली मज़बूत रहना था।

मैं बस बढ़िया टेनिस खेल रहा हूं, और मैं इस हफ्ते को लेकर बहुत खुश हूं। यह ट्रॉफ़ी मेरे लिए बहुत मायने रखती है। इस जीत ने अल्काराज की नौवीं एटीपी 500 ट्रॉफ़ी बनाई, जिससे वह 2009 में इस कैटेगरी की शुरुआत के बाद से चौथे सबसे ज्यादा टैली के लिए पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 एंडी मरे के बराबर आ गए। 2024 में टोक्यो में टाइटल जीतने के बाद अपने पहले



टूर-लेवल फ़ाइनल में पहुंचने के साथ, फिल्स एटीपी लाइव रैंकिग में सात पायदान ऊपर चढ़कर 33वें नंबर पर आ गए, जबकि वह अपनी वापसी जारी रखे हुए हैं। दुनिया के पूर्व नंबर 14 खिलाड़ी अब दुबई में एटीपी 500 में हिस्सा लेंगे, जहां उनका रीमैच जिरी लेहे. का से होगा, जिन्हें इस फांसीसी खिलाड़ी ने दोहा क्वार्टर-फ़ाइनल में हराया था। दोहा में यह मुक़ाबला 2025 में अल्काराज द्वारा फ्रांसीसी खिलाड़ी पर लगातार दो क्ले कोर्ट जीत के बाद उनका पहला मुक़ाबला था, और हार्ड कोर्ट पर उनका पहला मुक़ाबला भी लगभग उसी तरह हुआ।

# अंडरडॉग जिम्बाब्वे का मैच वेस्टइंडीज की पावर हिटिंग से

● **जिम्बाब्वे ने टूर्नामेंट में अपने अपराजित रहने के सिलसिले से क्रिकेट एनालिस्ट को हैरान कर दिया है**

**मुंबई, वार्ता।** वानखेड़े स्टेडियम में ज़िम्बाब्वे और वेस्ट इंडीज के बीच टी 20 विश्व कप का सुपर 8 मुकाबला टूर्नामेंट के सबसे चर्चित मैचों में से एक बन गया है, जो अंडरडॉग मोमेंटम बनाम पावर-हिटिंग के दबदबे की कहानी पर बना है। ज़िम्बाब्वे ने टूर्नामेंट में अपने अपराजित रहने के सिलसिले से क्रिकेट एनालिस्ट को हैरान कर दिया है, जिसमें उन्होंने डिसिप्लिन्ड टीम क्रिकेट और मजबूत टैक्टिकल अवेयरनेस दिखाई है। टीम की बैटिग ने




इंडिविजुअल धमाकेदार इनिग्स के बजाय लगातार पार्टनरशिप पर ज्यादा भरोसा किया है। ब्रायन बेनेट सबसे अच्छे परफॉर्मर्स में से एक रहे हैं, जिन्होंने टॉप ऑर्डर में लगातार 120 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट के साथ अच्छी शुरुआत दी है। उनके साथ, तदिवानाशे मारुमानी ने शुरुआती मोमेंटम बनाए रखने में सपोर्टिंग रोल निभाया है। मिडिल ऑर्डर में, कैप्टन सिकंदर रज़ा टीम की बैकबोन रहे हैं, उन्होंने कीमती रन दिए हैं और अपनी ऑलराउंड काबिलियत से कंट्रोल भी दिया है। ज़िम्बाब्वे का बॉलिग अटैक भी शानदार रहा है।

# चिन्नास्वामी में आईपीएल मैच अभी तय नहीं

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक सरकार ने भले ही बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच कराने की मंजूरी दे दी हो, लेकिन यह अभी तय नहीं हुआ है। इसमें शामिल तीन पार्टियों - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन और राज्य सरकार के बीच कुछ बातचीत चल रही है। केएससीए के एक बड़े अधिकारी ने इस बारे में साफ जानकारी न होने का इशारा करते हुए कहा कि आपको आरसीबी से बात करनी होगी।

केएससीए को आईपीएल मैच होस्ट करने के लिए सरकार से परमिशन मिल गई है। हालांकि, किए जाने वाले और पूरे किए जाने वाले सभी काम चल रहे हैं और तय समय के मुताबिक पूरे हो जाएंगे। हाल ही में हुबली को रणजी ट्रॉफी के लिए वेन्यू के तौर पर अनाउंस करते हुए, केएससीए ने कहा था कि अभी, एक्सपर्ट कमिटी और दूसरी कानूनी अथॉरिटीज की रिकमेंडेशन के हिंसाब से बेंगलुरु के एम- चिन्नास्वामी स्टेडियम में बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर और सेफ्टी बढ़ाने का काम चल रहा है। कई दर्शक गेट और एक्सेस पॉइंट को अभी तोड़ा और चौड़ा किया जा रहा है, साथ ही दूसरे जरूरी सुधार के काम भी किए जा रहे हैं। केएससीए द्वारा किए जा रहे कामों के महीने के आखिर तक पूरा होने की उम्मीद है। हालांकि, यह समझा जाता है कि 4 जून, 2025 की दुखद घटनाओं के बाद, फ्रेंचाइजी मैचों को होस्ट करने के लिए कंडीशनल अप्रूवल के बजाय बिना शर्त क्लीयरेंस मांग रही है। फेंचाइजी ने रायपुर में एक रेकी की है और छत्तीसगढ़ की राजधानी में शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में गेम कराने का ऑप्शन देख रही है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक आईपीएल 2026 का शेड्यूल जारी नहीं किया है, क्योंकि असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल में विधानसभा चुनावों की तारीखों का इंतज़ार है।

# जो खेले-वो खिले : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

कहा : भारतीय मूल के खिलाड़ी दुनिया में बढ़ा रहे है देश का गौरव



● **कहा : कनाड़ा की टीम में सबसे ज्यादा भारतीय मूल के खिलाड़ी, टीम के कप्तान का जन्म पंजाब के गुरदासपुर में हुआ**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारतीय मूल के खिलाड़ी दुनिया में अपने देश का गौरव बड़ा रहे हैं और वहां के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। श्री मोदी ने आज अपने मासिक कार्यक्रम ''मन की बात'' में आज कहा कि मैं अक्सर कहता हूं ''जो खेले-वो खिले''। खेल हमें जोड़ता भी है। आजकल आप टी-20 विश्व कप के मैच देख रहे होंगे और मुझे पक्का विश्वास है कि मैच देखते हुए कई बार आंखें किसी खास खिलाड़ी पर टिक जाती होंगी। जर्सी किसी और देश की होती है लेकिन नाम सुनकर लगता है कि अरे, ए तो अपने देश का है। तब दिल के किसी कोने में एक हल्की सी खुशी आती है। क्योंकि वो खिलाड़ी भारतीय मूल का होता है और वो उस देश के लिए खेल रहा होता है जहां उसका परिवार बस गया है। वे अपने-अपने देशों की जर्सी पहनकर मैदान में उतरते हैं, पूरे मन से उस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा की टीम में सबसे ज्यादा भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं। टीम के कप्तान दिलप्रीत बाजवा का जन्म पंजाब के गुरदासपुर में हुआ था। नवनीत धालीवाल चंडीगढ़ के हैं। इस सूची में हर्ष ठाकर, श्रेयस मोवा जैसे कई नाम हैं, जो कनाडा के साथ-साथ भारत का भी गौरव बड़ा रहे हैं। अमेरिका की टीम में कई चेहरे भारत के घरेलू क्रिकेट से निकले हुए हैं। अमेरिकी टीम के कप्तान मोनांक पटेल गुजरात की अंडर-16 और अंडर-18 टीम के लिए भी खेल चुके हैं। मुंबई के सौरभ, हरमीत सिंह, दिल्ली के मिलिंद कुमार, ए सब अमेरिकी टीम की शान हैं। ओमान की टीम में आज कई चेहरे हैं जो पहले भारत के अलग-अलग राज्यों में खेल चुके हैं। जतिंदर सिंह, विनायक शुक्ला, करन, जय, आशीष जैसे खिलाड़ी ओमान क्रिकेट की मजबूत कड़ी हैं। न्यूजीलैंड, यूएई और इटली की टीमों में भी भारतीय मूल के खिलाड़ी अपनी जगह बना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसे कितने ही भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं जो अपने देश का गौरव बड़ा रहे हैं। वहां के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। भारतीयता की यही तो विशेषता है। भारतीय जहां भी जाते हैं अपनी मातृभूमि की जड़ों से जुड़े रहते हैं। और अपनी कर्मभूमि यानि जिस देश में रहते हैं उसके विकास में भी सहयोग करते हैं।

# शेफर्ड जिम्बाब्वे के खिलाफ वापसी कर सकते हैं : सैमी




**मुंबई, वार्ता।** रोमारियो शेफर्ड, जो पिछले एक हफ्ते से बाहर हैं, उनके पास सोमवार को ज़िम्बाब्वे के खिलाफ़ वेस्ट इंडीज के पहले सुपर आठ गेम में खेलने का मौका है। ग्रुप स्टेज में मुंबई में भारत बनाम अमेरिका मैच के लिए इस्तेमाल की गई पिच का फिर से इस्तेमाल किया जाएगा।

31 साल के शेफर्ड, वेस्ट इंडीज की बैटिग लाइन-अप को बहुत पावर देते हैं, जिसका कुछ हिस्सा उन्होंने शनिवार को ट्रेनिग में दिखाया। घुटने से लेकर पिडली तक स्ट्रैपिग के साथ, वह अभी भी वानखेड़े स्टेडियम की छत के ऊपर से बॉल मार रहे थे। टीम के साथी, जो नेट्स के ठीक पीछे बैठकर देख रहे थे, जहां वह बैटिग कर रहे थे, उनके हिट के बाद उनका ज़ोरदार स्वागत किया, जिससे शेफर्ड ने शैडो बैटिग की, जो शॉट जमीन से ऊपर निकल गया - लॉन्ग-ऑन के ऊपर से एक फंट-फुट स्वैट। वेस्ट इंडीज के कोच डैरेन सैमी ने कहा कि उन्होंने कल अच्छी प्रैक्टिस की। ष्काफी अच्छी बॉलिग की, आप जानते हैं, बॉल को बहुत, बहुत क्लीन हिट किया। हमारे लिए अच्छी बात यह है कि हर कोई सिलेक्शन के लिए अवेलेबल है। सुपर आठ में जाना, यही तो आप चाहते हैं। इसलिए मुझे यह जानकर खुशी हुई और यह जानकर भी खुशी हुई कि मेरे सभी सैनिक जंग के लिए तैयार हैं। शेफर्ड रविवार को भी नेट्स पर सबसे पहले पहुंचने वालों में से थे, उन्होंने अपने रेगुलर रन-अप पर बिना किसी परेशानी के बॉलिग की। उन्होंने टूर्नामेंट में पहले स्कॉटलैंड के खिलाफ हैट्रिक समेत पांच विकेट लिए थे, लेकिन 11 फरवरी के बाद से नहीं खेले।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को शूटआउट में हराया



● **भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला और फिर शूटआउट में जीत के साथ बोनस प्वाइंट हासिल किया**

**होबार्ट, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की टीम ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए एफआईएच हॉकी प्रो लीग में अपना लगातार मैच जीता, भारत के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला और फिर शूटआउट में जीत के साथ बोनस पॉइंट हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी क्वार्टर में दो गोल से पीछे होने के बाद ज़बरदस्त वापसी करते हुए इस कॉम्पिटिशन का अपना पहला पॉइंट गंवा दिया और भारत के साथ 2-2 से ड्रॉ कर लिया। फिर उन्होंने हिम्मत बनाए रखी और शूटआउट जीतकर बोनस पॉइंट हासिल किया।

भारत एक दिन पहले वाली टीम से अलग लग रही थी क्योंकि उन्होंने शुरुआती क्वार्टर में वापसी की। उन्होंने बेहतर मौके बनाए और 15वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से आगे निकल गए, अमित रोहिद. ास ने रनर्स के पास से बॉल को दूर ले जाकर बाएं कोने में ज़ोरदार शॉट मारा।

इसके बाद टीमों ने दूसरे क्वार्टर में कंट्रोल के लिए बहुत मेहनत की और भारत ने ब्रेक तक अपनी 1-0 की मामूली बढ़त बनाए रखी। तस्मानियाई फैंस को तीसरे क्वार्टर में रोमांचक रनिग हॉकी देखने को मिली, जिसमें भारत ने अभी भी बेहतर क्वालिटी की सर्कल एंट्री बनाई।

# जेसिका पेगुला ने स्वितोलिना को हराया

**दुबई, वार्ता।** जेसिका पेगुला के लगातार अच्छे प्रदर्शन का आखिरकार उन्हें इनाम मिला। लगातार छह बार बिना किसी टाइटल के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, उन्होंने शनिवार को एलिना स्वितोलिना को 1 घंटे 12 मिनट में 6-2, 6-4 से हराकर 2026 दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप जीती।

यह उनका 10वां डब्ल्यूटीए टूर सिगल्स क्राउन था। दो दिन पहले, पेगुला ने एक सेट और एक ब्रेक से उबरकर सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को हराया था, और पक्का इरादा किया था कि एक और शानदार हफ्ता हाथ से नहीं जाने देंगी। इस बार, उन्होंने इसे पूरा किया। उनका 10वां टाइटल डब्ल्यूटीए 1000 लेवल पर उनका चौथा टाइटल है, क्योंकि वह दुबई क्राउन जीतने वाली सिर्फ़ तीसरी अमेरिकन बन गईं, इससे पहले लिडसे डेवनपोर्ट और तीन बार की चैंपियन वीनस



● **लगातार छह बार बिना किसी टाइटल के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद जेसिका ने स्वितोलिना को 1 : 12 मिनट में 6-2, 6-4, से हराया**

विलियम्स भी दुबई क्राउन जीत चुकी हैं। ऐसा करके, उन्होंने 2023 डब्ल्यूटीए फ़ाइनल के बाद, अपने करियर में सिर्फ़ दूसरी बार एक ही इवेंट में चार टॉप 20 जीत हासिल कीं। इस हफ्ते की जीत में राउंड ऑफ़ 16 में इवा जो. विक, क्वार्टर फ़ाइनल में क्लारा टॉसन, सेमीफ़ाइनल में अनिसिमा. ेवा और आखिर में शनिवार के फ़ाइनल में स्वितोलिना पर जीत शामिल है। स्वितोलिना के साथ नौ मुकाबलों में पेगुला की यह छठी जीत थी, लेकिन टॉप 10 में रैंक वाली दोनों खिलाड़ियों के साथ यह उनकी पहली जीत थी। शुरुआती गेम से ही यह साफ़ था कि मैच पेगुला के हाथ में था। उसने पहले दो पॉइंट गंवाए लेकिन अगले 10 पॉइंट जीते, पहले गेम में स्वितोलिना की सर्विस तोड़ी और दो गेम बाद फिर से सर्विस तोड़कर 3-0 की बढ़त बना ली। स्वितोलिना ने 3-1 के ब्रेक से कुछ देर के लिए राहत महसूस की, लेकिन पेगुला ने तुरंत 4-1 से वापसी की। यह एक ज़बरदस्त बढ़त थी जो काफी हद तक उसके फोरहैंड पर बनी थी, जिसका सबूत उसके लेटेस्ट ब्रेक को बुक करने के लिए फोरहैंड विनर्स से मिला। स्वितोलिना ने एक सेट पॉइंट बचाया और 5-2 से होल्ड किया, उसके बाद पेगुला ने अगला गेम शुरू करने के लिए एक बैकहैंड विनर मिलाया और 34 मिनट में पहला सेट जीतने के लिए लव पर होल्ड किया। पेगुला ने दूसरे सेट में स्वितोलिना को मोमेंटम नहीं बनाने दिया। यूक्रेन की खिलाड़ी ने 2-1 से लव होल्ड किया, फिर पेगुला ने अपने लव होल्ड से जवाब दिया।

शाह टाइम्स

**सम्पादकीय**

**सोमवार, 23 फरवरी 2026**

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# नेपाल में बैठक

भारत के खिलाफ साजिश रचने के लिए चीन और पाकिस्तान नेपाल की जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। गत सोमवार को चीन-पाकिस्तान के अधिकारियों की एक सीक्रेट बैठक नेपाल की राजधानी काठमांडू के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले रिहायशी इलाके बालूवाटार में हो चुकी है। बताया जा रहा है कि तकरीबन पौने दो घंटे चली इस बैठक में चीन की ओर से भारत को अस्थिर करने के लिए अरुणाचल प्रदेश का जिक्र किया गया और 20 फरवरी को मनाए जाने वाले अरुणाचल प्रदेश के स्थापना दिवस पर माहौल खराब करने की बात की थी। इसके लिए बाकायदा चीन ने 23 नेपाली नागरिकों का चयन किया। इन 23 नेपाली लोगों में वे लोग शामिल थे, जो चीन के अलग-अलग हिस्सों में दो वर्षों के दौरान यात्रा करके आए थे। इस योजना को रूप देने का मकसद चीन और पाकिस्तान की बड़ी साजिश जोकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तवांग को अपना हिस्सा बताने का नेरेटिव सेट करने की साजिश थी। यह अच्छी बात है कि उनकी यह योजना परवान नहीं चढ़ सकी और फ्लॉप होकर रह गई, लेकिन इससे साफ हो गया है कि भारत के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान और चीन तो विशेष रूप से मुखर हैं ही, नेपाल भी भारत के विरुद्ध षड्यंत्र करता दिखाई दे रहा है। यूं भी यह कोई पहला मौका नहीं है कि भारत को लेकर काठमांडू में भारत-चीन के अधिकारियों ने बातचीत की है। ऐसी बैठकें पूर्व में भी कई बार काठमांडू में हो चुकी हैं। इनमें कई बैठकें तो ऐसी भी हुईं, जिसमे दूतावास के कार्यक्रमों के बहाने पाक की आईएसआई से अधिकारी भी नेपाल पहुंचे हैं। 16 फरवरी को हुई मीटिंग में भी पाकिस्तान के डिफेंस अटैची समेत दूतावास के तीन प्रमुख अधिकारी भी शामिल थे। केंद्रीय खुफिया एजेंसी की मानें, तो इस पूरी योजना के पीछे चीन के चेंगदू स्थित पीपुल्स लिब्रेशन आर्मी के पश्चिमी थिएटर कमान के कुछ अधिकारी भी शामिल थे। इस सच्चाई से तो हर कोई वाकिफ है कि अरुणाचल प्रदेश को लेकर समय-समय पर चीन भारत को असहज करता रहता है। वह दुस्साहस तो यहां तक कर जाता है कि अरुणाचल प्रदेश को अपना कहने का दावा तक ठोकता रहता है। जबकि भारत की तरफ से न जाने कितनी बार यह स्पष्ट कहा जा चुका है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अटूट हिस्सा है और दुनिया की कोई ताकत इससे उसको अलग नहीं कर सकती, लेकिन चीन है कि अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और पाक के साथ मिलकर घिनौनी हरकतें कर रहा है। बेहद चिंता का विषय यह है कि इन दोनों के बीच नेपाल भी कहीं न कहीं भारत विरोधी रुख अपना दिखाई दे रहा है। ऐसे में भारत को बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## बसपा और उसके नेतृत्व से उम्मीद



देशभर में बहुजन समाज के लोग बसपा और उसके नेतृत्व से उम्मीद लगाए हुए हैं, बाबा साहेब के संविधान और उनके मानवतावादी विचारों को मानने वाले लोग सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के लिए बसपा को समर्थन दे रहे हैं, पार्टी हमेशा गरीब, किसान और बहुजन समाज के हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इसी दिशा में कार्य करती रहेगी, बसपा का मिशन डा. भीमराव आंबेडकर के आत्म-सम्मान और स्वाभिमान के आंदोलन को आगे बढ़ाना है, जैसे-जैसे पार्टी मजबूत होती है, विरोधियों के षड्यंत्र भी बढ़ते हैं, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं को इन चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए सत्ता प्राप्ति के लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ना होगा।

**-मायावती, अध्यक्ष, बसपा**

# मुफ्त रेवड़ी आवंटन: फिक्रमंद अदालत बेफिक्र सरकार






**तनवीर जाफरी**

हमारे देश की राजनीति में नेताओं की श्सत्ता लोलुपताश से देश की आर्थिक स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। केंद्र सरकार से लेकर अनेक राज्य सरकारों द्वारा मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए ऐसी ऐसी योजनाएं शुरू की गई हैं जिनका सीधा प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। आज देश के ऐसे कई राज्य जोकि भारी कर्ज और बजट घाटे में होने के बावजूद चुनाव से पहले मुफ्त बिजली, मुफ्त राशन, मुफ्त रसोई गैस आदि बांट रहे हैं। कहीं बैंक कर्ज मुआफ कर दिया जाता है। यहां तक कि अब तो कुछ राज्यों में चुनाव से ठीक पहले मतदाताओं के खातों में नकद धनरा. शि भी हस्तानांतरित की जा रही है। मतदाताओं को श्मुफ्त रेवड़ी श बांटने की इस कवायद का दूरगामी प्रभाव यह होता है कि इससे सरकारों के पास विकास कार्यों हेतु व बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए पैसे नहीं बच पाते। परन्तु यह निखट्टू लोगों की राजनीति में सक्रियता का ही परिणाम है कि इन सत्तालोलुप लोगों को केवल मतदाताओं के वोट अपने पक्ष में करने व सत्ता में बने रहने के लिए राज्यों का भारी कर्ज में डूबना भी मंजूर है और राज्य का बजट घाटे में जाना भी स्वीकार है परन्तु सत्ता की इसी तरह की गैर जिम्मेदाराना योजनाओं पर देश की उच्च अदालतें कई बार अपनी चिंताएं जाहिर कर चुकी है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायलय की एक बेंच द्वारा की गई ऐसी ही एक ताजातरीन तल्ख टिप्पणी गत 19 फरवरी को एक बार फिर सामने आई जो गैर जिम्मेदार सत्ताधीशों के लिए आंखें खोलने वाली हैं। तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत द्वारा यह टिप्पणी उस समय की गई जब तमिलनाडु सरकार द्वारा सभी उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली देने के प्रस्ताव पर चर्चा हो रही थी। इस दौरान सर्वोच्च न्यायलय ने मुख्य रूप से यह कहा कि -कई राज्य पहले से ही भारी कर्ज और बजट घाटे में हैं, फिर भी चुनाव से पहले मुफ्त बिजली, मुफ्त राशन , रसोई गैस, कैश ट्रांसफर जैसी मुफ्त सुविधाएं बांट रहे हैं। इससे विकास और बुनियादी ढांचे के लिए पैसे नहीं बचते। अगर सरकारें लोगों को सुबह से शाम तक सब कुछ मुफ्त देती रहेंगी, तो लोग काम क्यों करेंगे? इससे काम करने की आदत खत्म हो जाएगी और लोग आलसी बन जाएंगे। गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन अमीर-गरीब में फर्क किए बिना सबको मुफ्त सुविधाएं देना गलत है। यह एक तरह की तुष्टीकरण नीति है, जो राष्ट्र निर्माण में बाधा डालती है। इतना ही नहीं बल्कि माननीय अदालत ने सरकार से यह भी पूछा कि आप षकिस तरह का कल्चर बना रहे हैं? अदालत ने चेतावनी देते हुए कहा कि विकास के लिए एक पैसा भी नहीं बचेगा अगर यह सिलसिला जारी रहाश। साथ ही सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकारों को रोजगार सृजन पर फोकस करने की सलाह दी, न कि सिर्फ मुफ्त चीजें बांटने पर।

यह सुनवाई के दौरान की गई मौखिक टिप्पणियां थीं, जो फ्री बीज कल्चर पर कोर्ट की बढ़ती चिंता को दिखाती हैं। पूर्व में भी मुफ्त रेवड़ी आवंटन को लेकर न्यायालय अपनी चिंताएं जाहिर कर चुकी हैं। 2022-2024 के दौरान भी अदालत ने श्मुफ्त की रेवड़ी श बांटने को चुनावी लालच देने से जोड़ते हुए कहा था कि यह लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए नुकसानदेह है। अदालत ने यह भी बार-बार कहा कि कल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंदों के लिए तो ठीक हैं, लेकिन अनुचित मुफ्त वादे विकास को रोकते हैं। गोया सर्वोच्च न्यायालय ष्मुफ्त रेवड़ीष कल्चर को न केवल आर्थिक बोझ बता चुका है बल्कि इसे काम की संस्कृति और राष्ट्र निर्माण के खिलाफ भी माना है। यह आलोचना समय-समय पर दोहराई जाती रही है, खासतौर पर तब जबकि राज्य सरकारें चुनावों से पहले ऐसी योजनाएं घोषित करती हैं। केवल अदालतें ही नहीं बल्कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 2022 में रेवड़ी कल्चर को खतरनाक बता चुके हैं।

यही मुफ्त रेवड़ी कल्चर गत अक्टूबर 2025 में बिहार विधानसभा चुनावों के दौरान तो अनैतिकता की अपनी सारी हदें पार कर गया। याद रहे कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 का शेड्यूल 6 अक्टूबर 2025 को घोषित हुआ था और उसी दिन चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई थी परन्तु चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाते हुए बिहार की नितीश सरकार ने अक्टूबर-नवंबर 2025 में कई बार महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपये डायरेक्ट ट्रांसफर कर दिए। बिहार में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत चुनाव घोषित होने के बाद भी महिलाओं के खातों में पैसे ट्रांसफर किए जाने पर काफी विवाद भी हुआ था परन्तु चुनाव पर इसका असर यह हुआ नीतीश कुमार की अगुवाई में एन डी ए ने बिहार के 2025 के विधान सभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल की। कई विश्लेषकों ने दावा किया कि महिला मतदाताओं के खातों में 10-10 हजार रूपए डायरेक्ट ट्रांसफर करने के कारण महिलाओं की मतदान दर बढ़ी क्योंकि महिलाओं को इसका सीधे फायदा मिला परन्तु विपक्षी दलों ने इसे चुनावी रिश्वत या वोट खरीदने की कोशिश करार दिया था। कुछ सांसदों ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिकायत की थी कि यह चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन है और निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करता है। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसी रेवड़ी के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें चुनाव को रद्द करने और नए चुनाव कराने की मांग की गई। और इसे संविधान और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123 (भ्रष्ट आचरण) का उल्लंघन बताया। इसी तरह भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन योजना चलाई जा रही है जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधि. नियम 2013 के तहत संचालित होती है। यह योजना कोरोना महामारी के दौरान शुरू हुई थी, लेकिन अब इसे स्थाई रूप से विस्तारित कर दिया गया है। सरकारी दावों के अनुसार 1 जनवरी 2024 से अगले 5 वर्षों यानी दिसम्बर 2028 तक के लिए सरकार ने लगभग 81.35 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न प्रदान करने का फैसला किया है। वर्तमान में लगभग 80 करोड़ लोग इस योजना के तहत मुफ्त राशन प्राप्त कर रहे हैं। यह दुनिया की सबसे बड़ी खाद्य सुरक्षा योजनाओं में से एक है। आलोचकों का कहना है कि इस योजना से भी जहां लोगों में मुफ्तखोरी की संस्कृति बढ़ेगी वहीं इस मुफ्त रेवड़ी का लाभ सत्ता को मिलेगा। बड़ा आश्चर्य है कि आज इस मुफ्त रेवड़ी आवंटन को लेकर अदालतें तो फिक्रमंद हैं जबकि सरकार पूरी तरह बेफिक्र है ?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एपस्टीन फाइल का कहर!



**विनीत नारायण**

पिछले हफ्ते तक इंग्लैंड के युवराज रहे प्रिंस एंडर्यूज की गिरफ्तारी ने एपस्टीन फाइल्स में उल्लेखित विश्व की मशहूर हस्तियों और राजनेताओं के दिल की धड़कन बढ़ा दी है। ए एक ऐसा जिन्न है जो फैलता ही जा रहा है। हर रोज नए-नए नाम और उनके काले कारनामे उजागर हो रहे हैं। आश्चर्य की बात है कि अमरीका के न्यायिक विभाग ने इन फाइल्स के सामने आने के बाद इनमें शामिल मशहूर हस्तियों से न तो कोई पूछताछ की और न ही उनके कखलाफ कोई केस दर्ज किए। क्योंकि उस पर अपने ही सत्ताधीशों का दबाव था। ए फाइलें भी 30 जनवरी 2026 को सामने इसलिए आई हैं क्योंकि अमरीका के सांसदों ने न्यायिक विभाग पर भारी दबाव बनाया। अभी भी बहुत सारी सूचनाओं को ए विभाग दबा कर बैठा है। अमरीका के जो भी सांसद बारी-बारी से जाकर न्यायिक विभाग में इन फाइलों का निरीक्षण कर रहे हैं वे सदमें में आ जाते हैं। इनमें दुनिया के कुलीन और मशहूर धनाढ़डों और राजनेताओं के नाम शामिल हैं।

आश्चर्य की बात है कि भारत का अधिकतर मीडिया ही नहीं बल्कि अमरीका का भी मुख्य धारा का मीडिया एपस्टीन फाइल्स को लेकर सामने आ रही दिल दहलाने वाली सूचनाओं को उस तत्परता से प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर रहा जैसा किया जाना चाहिए। लगता है कि पैसे और ताकत के दबाव पर इन सूचनाओं को दबाने का काम जारी है। पर सोशल मीडिया अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है। जिन्हें एपस्टीन फाइल्स के बारे में अधिक जानकारी नहीं है, वे सोशल मीडिया पर जाकर 'Epstein Files' कीवर्ड को खोजेंगे तो उनकी आंखे फटी की फटी रह जाएंगी। यह फाइल्स इतनी भयावह हैं कि अगर इससे जुड़े ताकतवर लोगों पर कानूनी करवाई होना शुरू हो जाए तो अमरीका की राजसत्ता और आर्थिक सत्ता धराशाही हो जाएगी और यही स्थिति अन्य देशों में भी हो सकती है।


आज अमरीका के हर बड़े शहर में लाखों नागरिक अपने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ सड़कों पर भारी प्रदर्शन कर रहे हैं। क्योंकि इन संदिग्ध फाइल्स में उपलब्ध वीडियो फुटेज में डोनाल्ड ट्रम्प जैसी तमाम बड़ी हस्तियां, छोटी बच्चियों के साथ दिखाई दे रहे हैं। हालांकि बच्चियों के यौन शोषण के मामले में उनके विरुद्ध अभी तक कोई प्रमाण सामने नहीं आए हैं। पर लाख टके का सवाल यह है कि जिस नरपिशाच को बच्चियों के साथ पाशविक यौनाचार के मामले में सजा मिल चुकी थी उससे यह बड़ी हस्तियां क्यों लगातार मिलती-जुलती रहीं?

आइए जान लें कि जेफरी एडवर्ड एपस्टीन कौन था? वो एक अमेरिकी फाइनेंशियर धन प्रबंधक और सेक्स क्रिमिनल था। वो न्यूयॉर्क में जन्मा, पढ़ाई में अच्छा था, एक प्राइवेट स्कूल में टीचर रहा, फिर वॉल स्ट्रीट पर 'बियर स्टर्न्स' जैसे बड़े बैंक में काम किया। बाद में उसने अपनी खुद की फर्म बनाई, जहां वो अरबपतियों के पैसे मैनेज करता था।वो बहुत अमीर हो गया और दुनिया के बड़े-बड़े लोगों से उसकी दोस्ती थी, जैसे पूर्व अमे. रिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, डोनाल्ड ट्रंप, ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू, बिल गेट्स, कई सेलिब्रिटी, वैज्ञानिक और बिजनेसमैन। उसके पास 'लोलिता एक्सप्रेस' नाम का प्राइवेट जेटथा। न्यूयॉर्क व फ्लोरिडा में उसके महल जैसे घर और कैरिबियन में एक प्राइवेटद्वीप भी था जहां वो शानदार दावतें देता था, जिनमें दुनिया भर की मशहूर हस्तियां शिरकत करती थीं। एपस्टीन पर बच्चियों और नाबालिग लड़कियों के साथ यौन शोषण और सेक्स ट्रैफिकिंग बलात्कार दुष्कर्म का नेटवर्क चलाने के गंभीर आरोप थे। 2005 में फ्लोरिडा पुलिस ने जांच शुरू की तो एक 14 साल की लड़की ने बताया कि एपस्टीन ने उसे उसके घर में 'सेक्सुअल मसाज' के बहाने शोषण किया। दर्जनों (कुछ रिपोर्ट्स में 100 से ज्यादा) नाबालिग लड़कियों ने कहा कि एपस्टीन उन्हें पैसे देकर 'मसाज' के लिए बुलाता था, फिर सेक्सुअल एक्टिविटी करता था। उसकी पार्टनर मैक्सवेल पर आरोप था कि वो एपस्टीन को लड़कियांमुहैया कराती थी।

मैक्सवेल को 2021 में दोषी ठहराया गया और उसे 20 साल की सजा हुई और वो अभी जेल में है। उधर 2008 में एक डील हुई जिसमें एपस्टीन ने अपना दोष स्वीकार किया और वो गिरफ्तार कर लिया गया। पर वो सिर्फ 13 महीने ही जेल में रहा। लेकिन 2019 में एपस्टीन को दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर सेक्स ट्रैफिकिंग केफेडरल आरोप लगे। लेकिन फिर जेल में ही उसकी मौत हो गई। बताया गया कि उसने जेल में आत्महत्या कर ली। परंतु उसकी मौत संदेहास्पद परिस्थितियों में हुई। क्योंकि उस पर 24 घंटे निगरानी करने के लिए जेल में जो कैमरे लगे थे वो खराब हो गए थे, ऐसा बताया गया। इतना ही नहीं उस पर चौकसी से हर वक्त निगाह रखने के लिए तैनात सुरक्षा गार्ड भी, बताया गया कि सो गए थे। अमरीकी प्रशासन के ए स्पष्टीकरण एपस्टीन की मौत के कारणों को संदेहास्पद बना देते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# घट चुकी है बर्फबारी, खिसक गए हैं ग्लैशियर



**पवन सिंह**

अभी भी वक्त है, चेत जाइए और हिमालय को अकेला छोड़ दीजिए। अन्यथा न पीने को पानी मिलेगा और न खाने को अनाज। हिमालय घूमने और पिकनिक और स्प्रिचुअल टूरिज्म का प्वांइट नहीं है। हिमालय प्राकृतिक रूप से सबसे ज्यादा संवेदनशील जोन है और इसके साथ पिकनिक मनाने की बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। मुंह उठाकर यमुनोत्री, गंगोत्री। तक की भेंड़ चाल पीढ़ियों को तबाह कर देगी। हिमालय का इको सिस्टम लगातार बिगड़ रहा है और इसका खामियाजा यह हो रहा है कि बर्फबारी में जबरदस्त कमी आई है। ग्लेशियर लगातार खतरनाक रफ्तार से पिघल रहे हैं। यह वह खतरा है जिसे अनदेखा किया जा रहा है और वैज्ञानिकों व पर्यावरणविदों की आवाज नक्कारखाने में तूती जैसी है। सम्पूर्ण हिमालयन रेंज में बीते कुछ सालों से बर्फबारी में लगातार गिरावट आ रही है, यह सबसे खतरनाक बात है। वर्ष, 2025-26 की सर्दियों में बर्फबारी विगत 23 वर्षों में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। CIMOD यानी अंतर्राष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र के अनुसार 3 हजार से 6 हजार मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्र में श्स्नो ड्रॉटश यानी कि बर्फ की कमी पैदा हो गई है।।यह संकेत अच्छे नहीं हैं। अगर ग्लैशियर नहीं रहे तो नदियां भी नहीं रहेंगी।

दुनिया की सभी बड़ी सभ्यताएं नदियों के किनारे विकसित हुईं और अंतत: उन्हीं नदियों के साथ सारी सभ्यताएं मोक्ष को प्राप्त हुईं। विश्व की तमाम नदियां अपने साथ जीवन और उस जीवन को जीने लायक संसाधन लाईं और जलवायु परिवर्तन व अन्य आर्थिक व सामाजिक कारणों से वही सभ्यताएं नदियों द्वारा विक. सित किए गए भू-भाग में ही जमींदोज हो गईं। एक बार फिर से हम सब उसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हिमालय के ग्लैशियरों के साथ स्प्रीचुवल टूरिज्म के नाम पर हमने जो भौंडापन आरंभ किया है, इसके नतीजे हमें विनाश तक ले जाएंगे। गंगोत्री-यमुनोत्री के ग्लैशियरों सहित संपूर्ण हिमालियन रेंज के ग्लैशियरों का तेजी से पिघलना व पीछे खिसकते जाना खतरनाक संकेत हैं। अगर समय रहते हमने हिमालय रेंज को प्रकति के हवाले नहीं किया तो भारत की जीवन दायिनी नदियां एक दिन हमें इतिहास बना देंगी। यह सच जितनी जल्दी समझ आ जाए उतना अच्छा है। दुनिया की अनेक मानव सभ्यताएं जैसे सिंधु घाटी सभ्यता, नील नदी घाटी सभ्यता, पीली नदी घाटी सभ्यता, मेसोपोटामिया नदी घाटी सभ्यता और वैदिक सभ्यताएं। इन सबको नदियों ने जन्म दिया और फिर नदियों ने ही खत्म कर दिया। भारत में नदियों ने जैसे-सरस्वती, नर्मदा, ताप्ती, गंगा आदि ने अपने-अपने भू-भाग में मानवीय सभ्यताओं का विकास किया लेकिन भारत की अधिकांश बड़ी नदियों के अस्तित्व पर अब खतरा मंडराने लगा है। हिमालियन रेंज अनेक ग्लैशियरों का घर है इसमें से सियाचिन ग्लेशियर पृथ्वी पर दूसरा सबसे बड़ा गैर-ध्रुवीय ग्लेशियर है। भारत के 90 प्रतिशत ग्लेशियर लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और उत्तराखंड में हैं और कुछ अरुणाचल प्रदेश में भी हैं। जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा सूचीबद्ध भारतीय हिमालयन क्षेत्र के 9575 ग्लेशियरों में से केवल 25 ग्लैशियरों का ही ग्राउंड डेटा उपलब्ध है। दुनिया भर में करीब 1 लाख 98 हजार ग्लेशियर हैं और इनमें से लगभग साढ़े 9 हजार केवल हमारे देश में हैं। मानवीय हस्तक्षेप और ग्लोबल वार्मिंग से भारत की दो बड़ी नदियों गंगा व यमुना का अस्तित्व खतरे में है। मिजोरम विश्वविद्यालय, आइजोल के प्रोफेसर विश्वंभर प्रसाद सती और सुरजीत बनर्जी विगत 32 सालों पर इन ग्लैशियरों पर अध्ययन कर रहे हैं। इन दोनों ही वैज्ञानिकों का मानना है कि हिमालय तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। यहां बर्फ की मोटी परत कमजोर हो रही है और बर्फ के टुकड़ों का विखंडन एक गंभीर चिंता का विषय हैं।

गंगोत्री, यमुनोत्री, मिलम और पिंडारी जैसे ग्लेशियर लगातार कमजोर होते जा हैं। यहां ग्लेशियर पीछे तो हट ही रहे हैं, इसके साथ ही इनकी मोटाई भी कम हो रही है। मोटी बर्फ का क्षेत्र 10,768 वर्ग किलोमीटर से घटकर अब केवल 3,258.6 वर्ग किलोमीटर रह गया, जो एक खतरनाक कमी को दर्शाता है। दुर्भाग्यवश हम ऐसे देश में हैं जहां पर्यावरण और विज्ञान पर बात करना या तो मूर्खता है या अपराध। अशिक्षित और पर्यावरण के प्रति घोर असंवेदनशील नेतृत्व ने इन दोनों ही नदियों के भविष्य को ही दांव पर लगा दिया है। यह हिमशिखर और ग्लैशियर केवल नदियों को ही जीवित नहीं रखें हुए हैं बल्कि सूर्य की अतिरिक्त गर्मी या उसकी ऊष्मा को वापस अंतरिक्ष में भेजकर सम्पूर्ण पृथ्वी और महासागरों की रक्षा भी कर रहे हैं लेकिन हमने पागलपन और जाहि. लियत की हदें पार करते हुए हिमालय के इस पूरे इलाके को स्प्रीचुवल टूरिज्म की मूर्खताओं में धकेल दिया है। इस देश की 99: जनता को पर्यावरण से वैसे भी कोई लेना देना नहीं है।। गर्मियां आ रही हैं और लोग भेड़ों की तरह मुंह उठाकर हिमालय में मोक्ष पाने और सेल्फी लेने। दर्शन पाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, लिखने के लिए चल पड़ेंगे, जबकि, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, गंगा के पानी का तापमान लगातार बढ़ रहा है तथा गर्मियों में जब तापमान अधिक रहता है तो प्रवाह तेज रहता है और सर्दियों में तापमान घटने के साथ ही प्रवाह भी कम हो जाता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड CPCB की बायोलॉजिकल हेल्थ ऑफ रिवर गंगा नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि औसत तापमान में लगभग एक डिग्री तक की वृद्धि से ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार बढ़ी है। अध्ययन से पता चला है कि अब हिमालई ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार दोगुनी हो गई है। यह आंकड़ा वर्ष 1975 से वर्ष 2000 तक ग्लेशियरों के पिघलने की मात्रा का दोगुना है। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि भले ही आने वाले दशकों में दुनिया ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर अंकुश लगा ले, लेकिन दुनिया के शेष ग्लेशियरों का एक तिहाई से अधिक हिस्सा वर्ष 2100 से पहले पिघल जाएगा। हिमालियन ग्लैशियर 2 हजार किलोमीटर तक फैले हैं और करीब 600 बिलियन टन बर्फ को सहेजे हुए हैं। यह सभी हिमालयन ग्लेशियर करीब 800 मिलियन लोगों के लिए सिंचाई, जलविद्युत और पीने के पानी के स्रोत हैं। भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश में रहने वाले करीब 750 मिलियन से अधिक लोगों के जीवन का आधार हैं। हिमालय स्थित गंगोत्री ग्लेशियर इस क्षेत्र का सबसे बड़ा ग्लेशियर है और गंगा नदी का जन्मदाता है। यह ग्लैशियर कमजोर हो रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार वर्ष, 1900 के बाद से पूरे विश्व के ग्लैशियर तेजी से पिघल रहे हैं और इसका सबसे बड़ा कारण हस्तक्षेप है। अगर यही हाल रहा तो वर्ष, 2040 की गर्मियों तक आर्कटिक क्षेत्र में बर्फ देखने को नहीं मिलेगी। वैश्विक समुद्री स्तर 0.13 इंच की दर से बढ़ रहा है इसकी वजह से कम ऊंचाई पर बसे द्वीपों और तटीय शहरों के डूबने का खतरा उत्पन्न हो गया है। फिलहाल जो हालात हैं उसके अनुसार गंगा नदी पर आने वाले 50 सालों में विलुप्त हो जाने का खतरा मंडरा रहा है ओर इसका परिणाम यह होगा कि करीब 45 करोड़ से अधिक लोग मारे जाएंगे। यह चेतावनी राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण के वैज्ञानिक और बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के पर्यावरण विज्ञान और प्रोद्योगिकी केंद्र के संस्थापक प्रो। बीडी त्रिपाठी ने दी है। त्रिपाठी ने प्रदूषण की वजह से 50 साल में गंगा के विलुप्त होने का खतरा बताया है। अगर आप वाकई चाहते हैं कि आप के बाद की पीढ़ी भी नदियां देख पाए। प्यासी और भूखी न मरें तो हिमालय को अकेला छोड़ दीजिए। अगर जरूरी न हो तो अपने हिस्से का हिमालय बचा लें। अपने हिस्से की प्लास्टिक बोतलें, अपना मल-मूत्र, अपने हिस्से की कार्बन से हिमालय को बचा लीजिए। लाखों लोग जाते हैं यह कह कर बेशर्म मत बनिए, आप अपने को रोकिए तो लाखों में से एक आपकी अपनी संख्या कम होगी। हिमालय को अकेला छोड़ दीजिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




**झारखंड। नगर निगम चुनाव की पूर्व संध्या पर रांची में मतदान की तैयारियों के बीच मतपेटियां और चुनाव सामग्री ले जाते मतदानकर्मी।**

## क्लाउनफिश की धारियां उनकी सामाजिक स्थिति को बताती है: अध्ययन

**टोक्यो।** मछलियों को लेकर किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि क्लाउनफिश सामाजिक हैसियत को दिखाने, खतरों से बचने और संचार के लिए अपने रंगों के पैटर्न और आकार का उपयोग करती हैं। जापान की ओकिनावा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (ओआईएसटी) द्वारा किए गए इस अध्ययन की मुख्य लेखिका डॉ. लॉरी मिचेल बताती हैं कि हमने पहले दिखाया है कि एनीमोनफिश (क्लाउनफिश की ही एक प्रजाति) एक-दूसरे को पहचानने के लिए धारियों को गिनती हैं। इसलिए, हम जानते हैं कि क्लाउनफिश की विशेषता वाली ये सफेद ऊर्ध्वाधर धारियां संचार के लिए आवश्यक हैं।

## ईरान और आईएईए के बीच परमाणु समझौते पर चर्चा

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने स्थाई परमाणु समझौते तक पहुंचने के लिए सार्थक सहभागिता और बातचीत पर जोर दिया है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को इस सप्ताह की दूसरी फोन कॉल के दौरान दोनों पक्षों ने ईरान-अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के ताजा घटनाक्रमों पर चर्चा की। आईआरएनए के मुताबिक, बुधवार को अपनी पिछली फोन कॉल में अराघची और ग्रॉसी ने जिनेवा में ईरान-अमेरिका अप्रत्यक्ष वार्ता के परिणामों की समीक्षा की और बातचीत के ढांचे का मसौदा तैयार करने और कार्यप्रणाली विकसित करने पर चर्चा की।

# रीमा दास को मिला क्रिस्टल बियर स्पेशल मेंशन पुरस्कार

### भारत की मशहूर लेखिका अरुंधती, मीरा समेत कई ने किया बर्लिन फिल्म महोत्सव का विरोध

**बर्लिन।** प्रशंसित फिल्म निर्माता रीमा दास ने अपनी फिल्म 'नॉट ए हीरो' के लिए 'बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2026' में 'क्रिस्टल बियर स्पेशल मेंशन' पुरस्कार जीता है। पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया था। इसमें जूरी ने फिल्म को विशेष सम्मान से नवाजा है।

असमिया, हिंदी और अंग्रेजी में बनी इस फिल्म को पिछले सप्ताह प्रतियोगिता के 'जेनरेशन के प्लस' खंड में प्रदर्शित किया गया था। चिल्ड्रन जूरी 'जेनरेशन के प्लस' के सदस्यों में वाल्टर मोरित्ज अरंड्स, गुस्ताव अर्न्ज, थाबानी डाबुलमान्जी, रोजा सोफी क्रास्जनाहोरकाई, वेरा मार्श, एमिर एफे ओजेरन और अल्मा सोफिया विलानेवा बुलेमर शामिल थे। रीमा दास की यह फिल्म एक छोटे लड़के की कहानी है, जो शहर से अपने पैतृक गांव आता है। वहां के वातावरण में अपनी ताकत और साहस की नई परिभाषा ढूंढता है। बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में रीमा दास की यह लगातार तीसरी फिल्म थी, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इस बार यह फिल्म फेस्टिवल न सिर्फ भारतीय फिल्मकार रीमादास की फिल्म को पुरस्कार मिलने की वजह से चर्चा में है, बल्कि भारत की मानवाधिकार कार्यकर्ता और मशहूर लेखिका अरुंधति राय समेत कई कलाकार-फिल्मकारों के समारोह का बहिष्कार करने की वजह से भी चर्चा में है। समारोह को लेकर विवाद तब शुरू हुआ, जब जूरी अध्यक्ष और दिग्गज फिल्मकार विम वेंडर्स ने महोत्सव की शुरुआत में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि फिल्मकारों को 'राजनीति से दूर रहना चाहिए'। जब उनसे गाजा संघर्ष और उसमें जर्मनी की भूमिका पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि फिल्में दुनिया बदल सकती हैं, लेकिन राजनीतिक तरीके से नहीं। भारत की मशहूर लेखिका अरुंधति रॉय ने विम वेंडर्स के इस बयान के विरोध में समारोह से अपना नाम वापस ले लिया। उन्होंने विम वेंडर्स की टिप्पणी को हैरान करने वाला बताया। श्रीमती रॉय ने कहा कि जब मानवता के खिलाफ अपराध हो रहे हों, तब यह कहना कि कला को राजनीतिक नहीं होना चाहिए, यह बातचीत बंद करने का तरीका है। उन्हें अपनी 1989 की फिल्म 'इन व्हिवच एनी गिव्स इट दोज वंस' की स्क्रीनिंग के लिए वहां जाना था। समारोह का बहिष्कार करने वालों में श्रीमती रॉय के अलावा प्रमुख लोगों में फिलिस्तीनी फिल्मकार अकीम कवासमी और ईरानी-जर्मन कलाकार मैरी लोहानी भी शामिल हैं। इन्होंने समारोह के चुनिंदा मानवाधिकार स्टैंड के विरोध में अपनी भागीदारी वापस ले ली। समारोह पर आरोप लगा कि वह 'चुनिंदा मानवाधिकार' का पालन कर रहा है।



■ रीमा दास की यह फिल्म एक छोटे लड़के की कहानी है, जो शहर से अपने पैतृक गांव आता है

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने ग्रीनलैंड के लिए हॉस्पिटल बोट भेजने की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ग्रीनलैंड में 'हॉस्पिटल बोट' भेज रहे हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि लुइजियाना के गवर्नर जेफ लैंड्री के साथ मिलकर हम ग्रीनलैंड में एक बड़ा हॉस्पिटल बोट भेजने जा रहे हैं, ताकि वहां के उन कई बीमार लोगों की देखभाल की जा सके जिनका इलाज नहीं हो पा रहा है। यह रवाना हो चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस पोस्ट के साथ हॉस्पिटल बोट की प्रतीकात्मक तस्वीर साझा की है, जिस पर अमेरिकी झंडा लगा हुआ है।

### चीन की रेलवे ने 258 मिलियन पैसेंजर ट्रिप हैंडल किए

**बीजिंग।** चीन में इस वर्ष 40 दिनों तक चलने वाले 'वसंत महोत्सव' यात्रा में अब तक 25.8 करोड़ यात्रियों ने रेल से यात्रा की है। राष्ट्रीय रेलवे ऑपरेटर ने रविवार को बताया कि यात्रा की यह अवधि अपना आधा पड़ाव पार कर चुकी है। चाइना स्टेट रेलवे ग्रुप कंपनी लिमिटेड के अनुसार, 2026 के वसंत महोत्सव यात्रा सीजन के 20वें दिन यानी 21 फरवरी को करीब एक करोड़ 72 लाख यात्रियों ने सफर किया। ऑपरेटर को उम्मीद है कि रविवार को भी यात्रियों की संख्या बहुत ज्यादा बनी रहेगी।

### लीबिया के तटीय इलाके में सात प्रवासियों की मौत

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली के पूर्व स्थित तटीय शहर कसर अल-अख्यार के एक समुद्र तट पर कम से कम सात प्रवासियों की मौत हो गई है। जांच अधिकारियों के अनुसार, समुद्र की अशांत स्थिति के कारण संभावित लापता व्यक्तियों की संख्या का अभी ठीक-ठीक पता नही चला है। स्थानीय मीडिया ने शनिवार इस घटना की जानकारी दी। रिपोर्ट में कसर अल-अख्यार पुलिस स्टेशन के एक न्यायिक अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि एक महिला और एक बच्चे समेत इन सात प्रवासियों के शव समुद्री लहरों के साथ बहकर तट पर आ गए थे।

### सर्बिया के वकीलों और जजों ने नए कानूनों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया

**बेलग्रेड।** सर्बिया में वकीलों और जजों ने मौजूदा और नए कानूनों में बदलाव के खिलाफ बेलग्रेड में एक विरोध-प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों का मानना है कि यह आजादी पर प्रतिबंध लगाता है। वकीलों और जजों का यह शांतिपूर्ण 'मार्च फॉर जस्टिस' शनिवार को सर्बियाई कर्मचारी भवन से शुरू हुआ। यह मुख्य सड़कों से होते हुए संगठित अपराध अभियोजन कार्यालय (जेटीओके) के मुख्यालय तक गया।

# पाक की अफगान पर एयरस्ट्राइक, 16 मौतें

### सभी मृतक एक परिवार के, पाक बोलाः टीटीपी के 7 कैंपों को निशाना बनाया, आत्मधाती हमलों का बदला लिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने रविवार तड़के अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की। अल-जजीरा के मुताबिक पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और इस्लामिक स्टेट से जुड़े सात कैंपों और ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान सरकार ने इसे हालिया आत्मघाती हमलों के बाद जवाबी अटैक बताया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन था।

पाकिस्तान ने कहा कि हमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगानिस्तान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराए। अफगानिस्तानी मीडिया टोलो न्यूज के मुताबिक हमले में नांगरहार के एक घर को निशाना बनाया, जिससे एक ही परिवार के 23 लोग मलबे के नीचे दब गए। अब तक सिर्फ चार लोगों को निकाला जा सका है। हमले के समय परिवार सो रहा था, इसलिए उन्हें भागने का मौका ही नहीं मिला। अमेरिकी मानवाधिकार संगठन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन (आईएचआरएफ) के मुताबिक इसमें 16 लोगों की मौत हो गई। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। हालांकि, आंकड़ों की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। अफगान सूत्रों के अनुसार पक्तिका में एक धार्मिक स्कूल पर ड्रोन हमला हुआ और नांगरहार प्रांत में भी कार्रवाई की गई। पाकिस्तान ने कहा है कि उन्होंने आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, लेकिन अफगान स्रोतों के अनुसार नागरिकों को नुकसान हुआ। पाकिस्तान लंबे समय से तालिबान सरकार से मांग करता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि टीटीपी अफगानिस्तान से संचालित हो रहा है, जबकि तालिबान इन आरोपों से इनकार करता रहा है। पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वह 2020 में दोहा में अमेरिका के साथ हुए समझौते के तहत तालिबान पर दबाव डाले, ताकि अफगान जमीन का इस्तेमाल दूसरे देशों के खिलाफ न हो। 2020 का दोहा समझौता जिसे अफगानिस्तान में शांति प्रयास भी कहा जाता है। यह अमेरिका और तालिबान के बीच 29 फरवरी 2020 को कतर की राजधानी दोहा में हस्ताक्षरित हुआ था। यह समझौता अफगानिस्तान में 2001 से चल रहे युद्ध को समाप्त करने और अमेरिकी बलों की वापसी का रास्ता बनाने के लिए किया गया था। तालिबान ने प्रतिबद्धता जताई कि वह अफगानिस्तान की जमीन को अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले किसी भी समूह या व्यक्ति को इस्तेमाल नहीं करने देगा। इसमें विशेष रूप से अल-कायदा और अन्य अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी संगठनों से संबंध तोड़ने और उन्हें अफगानिस्तान में भर्ती, प्रशिक्षण, फंडिंग या हमले की अनुमति न देने का वादा शामिल था।

समझौते के बाद अमेरिका ने 2021 में अपनी सेना वापस बुला ली, जिसके बाद तालिबान ने तेजी से काबुल पर कब्जा कर लिया एयरस्ट्राइक से कुछ घंटे पहले खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में सुरक्षा काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें दो सैनिक, जिनमें एक लेफ्टिनेंट कर्नल भी मारे गए। 16 फरवरी को पाकिस्तान के बाजौर में विस्फोटकों से भरी गाड़ी सुरक्षा चौकी से टकरा दी गई थी। इस हमले में 11 सैनिक और एक बच्चे की मौत हुई। अधिकारियों ने हमलावर को अफगान नागरिक बताया था। इससे पहले 6 फरवरी को इस्लामाबाद में जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद (इमामबाड़ा) में आत्मघाती हमला हुआ था। पाकिस्तानी अखबार द डॉन के मुताबिक, हमले में 31 लोगों की मौत हो गई है और 169 घायल हुए हैं। इस हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली थी। इस्लामाबाद में 6 फरवरी को हुए आत्मघाती हमले में 31 लोगों की मौत हो गई थी। अक्टूबर में सीमा पर हुई झड़पों में दोनों तरफ के सैनिकों और नागरिकों की मौत के बाद से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं।



■ हमारे पास पुख्ता सबूत हैं कि हमले अफगान की जमीन से चल रहे नेटवर्क ने कराएः पाक

### अफगान ने पाक के हवाई हमलों का जवाब देने की दी चेतावनी

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को चेतावनी दी है कि पाकिस्तान के आक्रामकता वाले कृत्य का सही समय पर नपा-तुला और उचित जवाब दिया जाएगा। पाकिस्तान के इस हमले में बीस से अधिक अफगानी नागरिक मारे गए हैं। इससे पहले आज सुबह अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा था कि पाकिस्तान वायु सेना के रात भर किए गए हवाई हमलों में पक्तिका और नंगरहार के सीमावर्ती प्रांतों में महिलाओं और बच्चों सहित 23 नागरिक मारे गए हैं। मंत्रालय के जारी बयान में कहा गया है कि पाकिस्तानी सैन्य शासन ने एक बार फिर नंगरहार और पक्तिका प्रांतों में मदरसों और आवासीय भवनों सहित कई नागरिक ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। इन हमलों के परिणामस्वरूप, महिलाओं और बच्चों सहित दर्जनों निर्दोष नागरिक हताहत हुए हैं। रक्षा मंत्रालय ने अफगानिस्तान की संप्रभुता के इस खुले उल्लंघन की निंदा करते हुए इसे आपराधिक कृत्य बताया है। मंत्रालय ने इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून, अच्छे पड़ोसी के सिद्धांतों और इस्लामी मूल्यों का घोर उल्लंघन करार दिया है।

# नासा के मून मिशन को लगा बड़ा झटका

**कैनावेरल।** नासा के प्रमुख जेरेड इसाकमैन ने शनिवार को तकनीकी समस्याओं का हवाला देते हुए मून मिशन आर्टेमिस-2 के मार्च में प्रक्षेपण की संभावना को खारिज कर दिया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी का यह मून मिशन 50 से ज्यादा वर्षों में चंद्रमा के लिए पहला मानवयुक्त फ्लाईबाई मिशन है। इसाकमैन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नासा की टीम ने विशाल एसएलएस रॉकेट में हीलियम प्रवाह में एक समस्या का पता लगाया है, जिसके कारण मार्च में लॉन्च की संभावना खत्म हो जाएगी। नासा चीफ इसाकमैन ने कहा कि मैं समझता हूं कि लोग इस घटनाक्रम से निराश हैं।

यह निराशा सबसे ज्यादा नासा की टीम को महसूस हो रही है, जो इस महान परियोजना की तैयारी में अथक मेहनत कर रही है। उन्होंने कहा कि 1960 के दशक के दौरान जब नासा ने वह उपलब्धि हासिल की, जिसे अधिकांश लोग असंभव मानते थे और जिसे तब से दोहराया नहीं गया है, तो कई झटके लगे। इसाकमैन ने कहा कि विशालकाय एसएलएस रॉकेट और ओरियन अंतरिक्ष यान को तकनीकी समस्याओं की जांच करने और आवश्यक मरम्मत करने के लिए फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र में स्थित वाहन असेंबली बिल्डिंग में वापस लाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में पूरी जानकारी दी जाएगी। गौरतलब है कि लगभग 10 दिनों तक चलने वाले बहुप्रतीक्षित आर्टेमिस-2 मिशन में तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री पृथ्वी के उपग्रह की परिक्रमा करने वाले थे। यह अमेरिकियों के लिए चंद्रमा की सतह पर एक बार फिर कदम रखने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम होगा, यह लक्ष्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में घोषित किया था। बीते शुक्रवार को नासा ने 6 मार्च को प्रक्षेपण की संभावित तिथि निर्धारित की थी। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी को उम्मीद है कि वह इंसानों को वापस चंद्रमा पर उतारेगी, जबकि चीन एक प्रतिद्वंद्वी प्रयास में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिसका लक्ष्य 2030 तक अपने पहले मानवयुक्त मिशन को पूरा करना है। चीन का मानवरहित चांगशई 7 मिशन 2026 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की खोज के लिए लॉन्च किए जाने की उम्मीद है।

■ टला आर्टेमिस 2 का लॉन्च केप

# पूरे पश्चिमी एशिया पर इजरायल का नैतिक अधिकारः अमेरिकी राजदूत

**काहिरा/रियाद।** अरब लीग, मिस्र और सऊदी अरब ने शनिवार को इज़रायल में अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी के उस बयान की कड़ी निंदा की है जिसमें उन्होंने कहा था कि इज़रायल को पूरे पश्चिमी एशिया पर दावा करने का अधिकार है।

अरब लीग के महासचिव अहमद अबुल-गैत ने एक बयान में कहा कि हकाबी की टिप्पणियां अतार्किक और अविवेकपूर्ण हैं तथा कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों और स्थापित मानदंडों के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान उस समय भावनाओं को भड़काने और धार्मिक तथा राष्ट्रीय संवेदनाओं को उकसाने का काम करते हैं, जब देश गाजा में संघर्षविराम को लागू करने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं और 'शांति की दिशा में गंभीर राजनीतिक प्रक्रिया शुरू करने के अवसर को भुनाने' का प्रयास कर रहे हैं। इस बीच, मिस्र के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को इन टिप्पणियों पर 'आश्चर्य' व्यक्त करते हुए उन्हें अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का 'खुला उल्लंघन' बताया। मंत्रालय ने अपने बयान में दोहराया कि इज़राइल का कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्रों या किसी अन्य अरब भूमि पर 'कोई संप्रभुता अधिकार नहीं' है और पश्चिमी तट को हड़पने या उसे गाजा पट्टी से अलग करने के किसी भी प्रयास को 'सिरे से खारिज' किया। सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद ने भी हकाबी की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि ऐसे बयान खतरनाक मिसाल कायम करते हैं और क्षेत्र के देशों तथा अमेरिका के बीच संबंधों के प्रति उपेक्षा को दर्शाते हैं।

■ हकाबी की टिप्पणियां अतार्किक और अविवेकपूर्ण हैं तथा कूटनीति के बुनियादी सिद्धांतों और स्थापित मानदंडों के अनुरूप नहीं हैं: अहमद

## इजरायल पर अमेरिकी राजदूत के बयान पर भड़के इस्लामी देश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान रविवार को उन 13 अन्य देशों के साथ शामिल हो गया, जिन्होंने इजरायल में अमेरिकी राजदूत के बयान की निंदा की है। मामले में अमेरिकी राजदूत ने बाइबिल के उस विचार से सहमति जताई थी, जिसमेंइजरायल को प्रमुख अरब इलाकों पर नियंत्रण करने का अधिकार बताया गया था। अमेरिकी राजदूत माइक हकाबी ने शुक्रवार को एक इंटरव्यू में यह बात कही। फॉक्स न्यूज के पूर्व एंकर टकर कार्लसन ने उनसे पूछा था कि क्या बाइबिल के अनुसार इराक की यूफ्रेट्स नदी और मिस्र की नील नदी के बीच का इलाकाइजरायल का है। इस पर हकाबी ने जवाब दिया कि अगर वे (इजरायल) यह सब ले लें, तो यह ठीक रहेगा।

# ईरान ने ईयू के सदस्य देशों की सेनाओं को आतंकी संगठन घोषित किया

**तेहरान।** ईरान ने यूरोपीय संघ के सभी सदस्य देशों की नौसेनाओं और वायु सेनाओं को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है।

ईरानी विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह कदम यूरोपीय संघ द्वारा हाल ही में ईरान के 'इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स' (आईआरजीसी) को आतंकी संगठन घोषित करने के 'अवैध और अनुचित' फैसले के जवाब में उठाया गया है। बयान में कहा गया है कि यूरोपीय संघ का यह फैसला संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक सिद्धांतों और नियमों के विपरीत है। इसमें कहा गया कि ईरानी सरकार ने 2019 के एक कानून के तहत यह जवाबी कार्रवाई की है। इस कानून के अनुसार, वे सभी देश जो किसी भी तरह से आईआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित करने के अमेरिका के फैसले का पालन या समर्थन करते हैं, उनके खिलाफ भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी। यूरोपीय संघ की परिषद ने पिछले महीने विदेश मंत्रियों के बीच हुए एक राजनीतिक समझौते के बाद गुरुवार को औपचारिक रूप से आईआरजीसी को आतंकी सूची में शामिल कर लिया था। इस सूची में शामिल होने के बाद यूरोपीय संघ के आतंकवाद विरोधी प्रतिबंध लागू हो जाते हैं, जिसमें यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में घोषित संगठन के धन, अन्य वित्तीय संपत्ति या आर्थिक संसाधनों को 'फ्रीज' करना शामिल है। यूरोपीय संघ का यह कदम हाल के दिनों में पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच आया है, जहां अमेरिका अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा रहा है और ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य हमलों की बार-बार चेतावनी दे रहा है।



■ यूरोपीय संघ का यह फैसला संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक सिद्धांतों और नियमों के विपरीत

# ईरान के विश्वविद्यालयों में छात्रों ने किए विरोध प्रदर्शन

### छात्रों ने रैलियां निकालकर हाल ही के विरोध प्रदर्शन में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की

**तेहरान।** ईरान के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों में छात्रों ने रविवार को रैलियां निकालकर हाल ही के विरोध प्रदर्शनों में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और प्रशासन के खिलाफ नारेबाज़ी की।

ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, तेहरान विश्वविद्यालय के छात्रों ने केन्द्रीय पुस्तकालय के बाहर एकत्र होकर 'तानाशाह मुर्दाबाद' के नारे लगाए। रिपोर्ट में 'यूनाइटेड स्टूडेंट्स' टेलीग्राम चैनल के हवाले से कहा गया कि मशहद के फ़िरदौसी विश्वविद्यालय, ईरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और शरीफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में भी छात्रों ने प्रदर्शन किए। साइंस एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी और शरीफ यूनिवर्सिटी में प्रदर्शनकारियों ने यह नारा भी लगाया कि हम अपने साथियों के खून की कसम खाते हैं, हम अंत तक डटे रहेंगे। इस बीच, छात्र समाचार पत्र 'खाजे नसीर न्यूज़लेटर' के अनुसार, तेहरान स्थित खाजे नसीर विश्वविद्यालय के सैयद खंदान परिसर में रविवार सुबह सुरक्षा कड़ी कर दी गई। छात्र उन लोगों की याद में 40वें दिन का स्मरण कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी कर रहे थे, जो हालिया प्रदर्शनों में मारे गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, परिसर में प्रवेश केवल एक द्वार से सीमित कर दिया गया और सुरक्षा बलों के समन्वय से कई बसीज सदस्य कैंपस में दाखिल हुए। न्यूज़लेटर ने दावा किया कि बसीज एजेंट छात्रों की पहचान करने, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक या कानूनी मामले तैयार करने और प्रस्तावित सभा को हिसा की ओर मोड़ने की कोशिश कर रहे थे। स्थानीय समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, नए सेमेस्टर की शुरुआत पर शनिवार को भी कई विश्वविद्यालयों में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किए, जिनमें से कुछ स्थानों पर उनकी झड़पें सरकार समर्थक समूहों से हुईं। ये प्रदर्शन उन लोगों की याद में होने वाले पारंपरिक 40वें दिन के शोक समारोहों के साथ हुए, जो पिछले महीने के सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा मारे गए थे। बताया गया है कि ये घटनाएं 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद देश में सबसे भीषण आंतरिक अशांति में शामिल हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में कथित तौर पर शरीफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में मार्च करते छात्र ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को 'हत्यारा नेता' बताते हुए नारे लगा रहे हैं और अपदस्थ शाह के निर्वासित पुत्र रेजा पहलवी को नया शासक बनाने की मांग कर रहे हैं।



## निक जोनास 'जुमांजी-3' मे फिर से करेंगे काम

**वॉशिंगटन।** हॉलीवुड गायक-अभिनेता निक जोनास 'जुमांजी' के अगले भाग में फिर से काम करेंगे। उन्होंने इस बात की पुष्टि की है कि वह ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी के अगले भाग में जेफरसन 'सीप्लेन' मैकडोनो की अपनी भूमिका को फिर से अभिनीत करेंगे। फिल्म 11 दिसम्बर, 2026 को विश्व स्तर पर रिलीज होगी। निक जोनास ने सोशल मीडिया पर एक्शन-एडवेंचर सीरीज में अपनी वापसी की घोषणा की। उन्होंने लिखा कि हम वापस आ रहे हैं। जुमांजी राउंड 3 में। उन्होंने पायलट अवतार में वापस आने को लेकर अपनी खुशी जाहिर की। उनकी अभिनेत्री पत्नी प्रियंका चोपड़ा ने उन्हें प्रोत्साहित किया। नई फिल्म 'जुमांजी 3' का प्रोडक्शन नवम्बर 2025 में लॉस एंजिल्स में शुरू हुआ और अभी इसकी शूटिंग चल रही है। जोनास पहली बार फैंचाइजी के रिवाइवल में सीप्लेन के रूप में दिखाई दिए थे और तब से वे इसका एक अहम हिस्सा बन गए हैं। वे सह अभिनेता ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन, जैक ब्लैक, केविन हार्ट और कैरेन गिलन के साथ फिर से जुड़ेंगे।

